राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 आईने के सामने खुद को देख रो...



योगी सरकार आने पर पकड़ी... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 03 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 116, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### सोना स्थिर, चांदी की चमक बरकरार, कीमतों में आधा फीसदी से ज्यादा उछाल

**मुंबई ।** सोने और चांदी में गुरुवार को मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। एक तरफ सोना करीब सपाट बना हुआ है, दूसरी तरफ चांदी में आधा प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 अगस्त, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,44,430 रुपए के मुकाबले 548 रुपए या 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,43,882 रुपए पर खुला, लेकिन शुरूआती



कारोबार में ही इसमें खरीदारी देखने के मिली। सुबह 9:48 पर यह 244 रुपए या 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,44,206 रुपए पर था।
अब तक के कारोबार में सोने ने 1,43,882 रुपए का न्यूनतम स्तर और 1,44,448 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है। सोने की अपेक्षा चांदी में तेजी देखी जा रही है। चांदी का 5 सितंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,30,384 रुपए के मुकाबले 812 रुपए या 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,31,196 रुपए पर खुला।
फिलहाल यह 1,253 रुपए या 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,31,637 रुपए पर था।
अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,30,973 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,32,339 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। सोना 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,076 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 60.59 डॉलर प्रति औंस पर थी। जानकारों के मुताबिक, सोने और चांदी के सीमित दायरे में कारोबार करने की वजह फेड चेयर केविन वॉर्श की स्पीच को माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि महंगाई पहले के मुकाबले कम हुई है, लेकिन अभी भी अधिक है। वहीं, आने वाली फेड बैठक में ब्याज दरों की दिशा को लेकर कोई संकेत नहीं दिया, जिससे निवेशक सर्तक बने हुए हैं।

### बेंगलुरु में दर्दनाक हादसा : पत्थर की खदान में 40 फीट ऊंची चट्टान गिरी, 7 मजदूरों की गई जान-कई घायल

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। बेंगलुरु साउथ तालुक के मादापट्टना इलाके स्थित एक पत्थर की खदान में अचानक विशालकाय चट्टान ढहने से बिहार के 7 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूर घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब मजदूर खदान में पत्थर तोड़ने और खुदाई का काम कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, साइट पर करीब 18 मजदूर मौजूद थे।



इसी दौरान लगभग 40 फीट की ऊंचाई से एक भारी-भरकम चट्टान अचानक मजदूरों पर आ गिरी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। मृतक सभी दिहाड़ी मजदूर थे और स्टोन क्रशर साइट पर काम करते थे।
घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। मलबा हटाने का अभियान तुरंत शुरू किया गया और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रशासन अभी घायलों की संख्या और मलबे में अन्य मजदूरों के फंसे होने की आशंका की जांच कर रहा है। हादसे के बाद प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया है। राहत दल यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि मलबे के नीचे कोई अन्य व्यक्ति न फंसा हो।पुलिस ने पुष्टि की है कि हादसे में जान गंवाने वाले सभी सात मजदूर बिहार के रहने वाले थे। उनके परिजनों को घटना की सूचना दी जा रही है। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि हादसा किन कारणों से हुआ और क्या खदान में सुरक्षा मानकों की अनदेखी या किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई थी।

# बम-बम भोले के जयकारों के बीच अमरनाथ यात्रा शुरू : पहला जत्था रवाना, 28 अगस्त तक होंगे बाबा बफार्नी के दर्शन

**श्रीनगर (आरएनएस)।** पवित्र अमरनाथ यात्रा 2026 का शुभारंभ गुरुवार को 'बम-बम भोलेझ के गगनभेदी जयकारों के बीच हो गया। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से सुबह 4 बजे श्रद्धालुओं का पहला जत्था बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर यात्रा के लिए रवाना किया।
57 दिनों तक चलने वाली यह यात्रा 3 जुलाई से पहलगाम और बालटाल, दोनों मार्गों से संचालित होगी और 28 अगस्त (रक्षाबंधन) को संपन्न होगी। पहले जत्थे में केवल उन्हीं श्रद्धालुओं को शामिल



किया गया, जिन्होंने पहले से पंजीकरण कराया था, क्रस्नद्धष्ठ कार्ड प्राप्त किया था और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की थी। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक करीब चार लाख श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, चिकित्सा, परिवहन, आवास, संचार और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पहले ही पूरी कर ली हैं, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुचारु रूप से संपन्न हो सके।
यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को बेस कैंप का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, ठहरने की व्यवस्था, बिजली-पानी की उपलब्धता, हेल्प डेस्क और अन्य इंतजामों का विस्तृत जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उधर, देश

> पहले जत्थे में केवल उन्हीं श्रद्धालुओं को शामिल किया गया, जिन्होंने पहले से पंजीकरण कराया था, क्रस्नद्धष्ठ कार्ड प्राप्त किया था और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की थी

की अन्य प्रमुख धार्मिक यात्राओं में भी श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बना हुआ है। चारधाम यात्रा में 1 जुलाई तक बद्रीनाथ धाम में 14.5 लाख और केदारनाथ धाम में 13.75 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

# शिंदे के विरोध पर उद्धव का फोन, शिवसैनिकों से बोले-डटे रहो, मैं आपके साथ हूं

**नांदेड़ (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के सियासी गलियारे में शिवसेना के दोनों गुटों (यूबीटी बनाम शिंदे गुट) के बीच जारी टकराव और



तेज हो गया है। 'ऑपरेशन टाइगर' के तहत उद्धव ठाकरे गुट के 6 लोकसभा सांसदों के एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के बाद से कार्यकताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। इसी तनाव के बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे जब नांदेड़ पहुंचे, तो उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। उद्धव गुट के कार्यकताओं ने उनके काफिले को काले झंडे दिखाए, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। डॉ. श्रीकांत शिंदे यहां पाला बदलने वाले स्थानीय सांसद नागेश पाटिल आष्टीकर के निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर आए थे।

# तमिलनाडु में कम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता,वडामाल्ली की फसल पर संकट

**कोयंबटूर (आरएनएस)।** लंबे समय से बारिश न होने के कारण तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले के वडमल्ली किसान अपनी फसल बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। थोंडामुथुर ब्लॉक में फूलों वाले

> वडिवेलमपालयम के किसान आर. कार्तिकेयन ने बताया कि शुरूआत में फसल अच्छी तरह बढ़ रही थी, लेकिन लगातार सूखे मौसम के कारण वह सूखने लगी

पौधों के बड़े-बड़े हिस्से सूखने लगे हैं। इस इलाके के किसानों का कहना है कि गर्मियों में अच्छी बारिश न होने और उसके बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून की कम बारिश की वजह से पानी की




भारी कमी हो गई है। इससे ओणम के मुनाफे वाले बाजार के लिए लगाई गई फसलों पर बुरा असर पड़ा है। वडिवेलमपालयम, मुगासिमंगलम, मोलापालयम और कलिमंगलम गांवों में 500 एकड़ से अधिक जमीन पर वडमल्ली (गोम्फ्रेना ग्लोबोसा, जिसे आम तौर पर ग्लोब अमरैंथ कहा जाता है) की खेती की गई है। इस फसल को तैयार होने में लगभग 150 दिन लगते हैं और करीब 120 दिनों के बाद इसमें फूल आने लगते हैं। ओणम के मौसम में केरल में त्योहार की मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर इसकी खेती की जाती है। हालांकि, कई कमर्शियल फसलों की तुलना में इसे कम सिंचाई की जरूरत होती है, लेकिन किसानों का कहना है कि नमी की मौजूदा कमी ने पौधों को खत्म होने की कगार पर पहुंचा दिया है।
वडिवेलमपालयम के किसान आर. कार्तिकेयन ने बताया कि शुरूआत में फसल अच्छी तरह बढ़ रही थी, लेकिन लगातार सूखे मौसम के कारण वह सूखने लगी। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद थी कि अब तक मानसून की कुछ बारिश हो जाएगी, लेकिन खेत एक सप्ताह से सूखे पड़े हैं।

# पीएम मोदी से मिलीं जापानी समकक्ष साने ताकाइची, राष्ट्रपति भवन में किया गया औपचारिक स्वागत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची का गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के परिसर में औपचारिक तौर पर स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जापानी समकक्ष के आने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।
इसके बाद, दोनों नेता 16वीं भारत-जापान वार्षिक समिट-स्तरीय बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के आपसी सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा करेंगे और उसे मजबूत करेंगे। इसके साथ ही, दोनों आपसी फायदे के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। भारत के विदेश मंत्रालय ने जापानी पीएम का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची का बहुत गर्मजोशी से स्वागत है, जो आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली आई हुईं हैं। पीएम ताकाइची का स्वागत एमओएस डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया। यह दौरा भारत और जापान के बीच रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने में एक जरूरी कदम है। इससे पहले दिन में, भारत में जापान के राजदूत ओनो केइची ने कहा कि ताकाइची का दौरा दोनों पक्षों के लिए लोगों के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने का एक बड़ा मौका होगा। ओनो केइची ने यह बात विदेश मंत्रालय की तरफ से होस्ट किए गए मानव संसाधन गतिशीलता फोरम के जापान सत्र के दौरान कही।जापानी राजदूत ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से आयोजित किए गए मानव संसाधन गतिशीलता फोरम के जापान सत्र में बोलकर खुशी हुई। पीएम ताकाइची का दौरा लोगों के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने का एक शानदार मौका होगा, जो हमारे गहरे और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की नींव है।
विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मानव संसाधन गतिशीलता फोरम के दौरान भारत और जापान के



बीच सहयोग के उभरते रास्तों पर रोशनी डाली गई। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, स्किल बेस्ड मोबिलिटी में भारत-जापान सहयोग को बढ़ावा देना। मानव संसाधन गतिशीलता फोरम में मोबिलिटी में भारत और जापान के सहयोग के लिए उभरते रास्तों पर जोर दिया गया।भारत के लिए रवाना होने से पहले, साने ताकाइची ने मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात में भारत के साथ जापान के सहयोग की अहमियत पर जोर दिया। पीएम ताकाइची ने बुधवार को टोक्यो में मीडिया से कहा, इस दौरे के जरिए, मुझे उम्मीद है कि मैं प्रधानमंत्री मोदी के साथ तीन खास क्षेत्रों में ठोस सहयोग को आगे बढ़ा पाऊंगीः मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को देखते हुए जापान-भारत रणनीतिक साझेदारी को गहरा करना; आर्थिक सुरक्षा में सहयोग को बढ़ावा देना और निवेश और इनोवेशन में हमारे दोनों देशों के बिजनेस के बीच सहयोग को मजबूत करना।

> विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मानव संसाधन गतिशीलता फोरम के दौरान भारत और जापान के बीच सहयोग के उभरते रास्तों पर रोशनी डाली गई

# दिल्ली में बड़ा आतंकी मॉड्यूल ध्वस्तः आईएसआई समर्थित 4 आतंकी गिरफ्तार, पाकिस्तान के इशारे पर दहशत फैलाने की थी साजिश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़े अंतरराज्यीय ऑपरेशन में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े आतंकी और हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान दिल्ली और पंजाब से चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच के मुताबिक, ये सभी पाकिस्तान में बैठे हैंडलर के इशारे पर दिल्ली-एनसीआर में बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे।
पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तुर्की निर्मित जिगाना पिस्टल समेत दो विदेशी सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, नौ कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं।
स्पेशल सेल के डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसीपी विवेक कुमार त्यागी, इंस्पेक्टर सतीश राणा और इंस्पेक्टर अशोक की टीम को तकनीकी और खुफिया सूचना मिली थी कि पाकिस्तान में बैठा आईएसआई हैंडलर शाहजाद



भट्टी अपने नेटवर्क के जरिए दिल्ली-एनसीआर में बड़ी आतंकी घटना की साजिश रच रहा है। इसके लिए पंजाब के कुछ युवाओं को अपने जाल में फंसाया गया था।
प्रारंभिक जांच के बाद स्पेशल सेल ने भारतीय न्याय संहिता (क्रहस्) और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद दिल्ली और पंजाब में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई।
सबसे पहले पंजाब के अमृतसर के मजीठा रोड इलाके से शुभदीप सिंह उर्फ विशाल को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, पांच कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह शाहजाद भट्टी के पाकिस्तानी नेटवर्क के सीधे संपर्क में था और ड्रोन के जरिए भेजे गए हथियारों तथा मादक पदार्थों की खेप प्राप्त करता था।

**राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला** | पहली बार ट्रस्ट के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास महाराज ने पूर्व पदाधिकारी गोपाल राव पर खुलकर निशाना साधा है

# आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी,ट्रस्ट में बढ़ी अंदरूनी कलह

**अयोध्या (आरएनएस)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में अब राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के भीतर भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। पहली बार ट्रस्ट के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास महाराज ने पूर्व पदाधिकारी गोपाल राव पर खुलकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जिम्मेदारी गोपाल राव की है और वे राजनीति कर रहे हैं।
महंत दिनेंद्र दास ने कहा, पूरी गलती गोपाल राव की है। वे सभी को उलझा देते हैं और राम की परंपरा को नहीं मानते। गोपाल राव राम मंदिर निर्माण के प्रभारी और ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य रहे हैं। वे मूल रूप से कर्नाटक के निवासी हैं।

> महंत दिनेंद्र दास ने कहा, पूरी गलती गोपाल राव की है। वे सभी को उलझा देते हैं और राम की परंपरा को नहीं मानते। गोपाल राव राम मंदिर निर्माण के प्रभारी और ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य रहे हैं, वे मूल रूप से कर्नाटक के निवासी हैं

उधर, सूत्रों के अनुसार चढ़ावा चोरी के आरोपियों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने उन मकानों की पहचान कर ली है, जिनका निर्माण बिना स्वीकृत नक्शे के हुआ है या जिनमें नियमों का उल्लंघन किया गया



है। ऐसे मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी लवकुश मिश्रा का शहादतगंज में बन रहा मकान और अनुकल्प मिश्रा का कौशल पुरी स्थित मकान प्रशासन के रडार पर हैं। दोनों आरोपियों ने मंदिर में नौकरी मिलने के बाद ये मकान बनवाए थे। आज ही दोनों को नोटिस जारी कर सकता है। वहीं, जांच एजेंसियां मामले की तह तक पहुंचने में जुटी हैं। पुलिस ने 30 जून को अयोध्या जेल में बंद आरोपी अविनाश शुक्ला से पूछताछ की थी और अब आगे की जांच जारी है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से रविवार को करीब तीन घंटे पूछताछ हो चुकी है। अब उनके बयानों का मिलान करने के लिए ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा से भी पूछताछ की जा सकती है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि आरोपियों लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा की नियुक्ति में उनकी क्या भूमिका थी।
गौरतलब है कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया था। इसके बाद 13 जून को उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्) का गठन किया। 25 जून को एफआईआर दर्ज होने के बाद रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी दिन ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# जिला विद्युत समिति की बैठक में सांसद भोला सिंह ने लगाई फटकार, आरडीएसएस कार्यों में देरी पर कार्रवाई के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को सांसद डॉ. भोला सिंह की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी कुमार हर्ष की उपस्थिति में जिला विद्युत समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आरडीएसएस (रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) और बिजनेस प्लान के तहत चल रहे विद्युत कार्यों की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान सांसद डॉ. भोला सिंह ने आरडीएसएस योजना के कार्य समय पर पूरा न होने पर नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्युत समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई का विवरण भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही जनता से प्राप्त विभिन्न विद्युत संबंधी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया ने गुलावठी क्षेत्र में 7 से 8 घंटे की बिजली कटौती तथा बिजली चोरी रोकने के नाम पर छापेमारी के दौरान अवैध धन वसूली की शिकायत उठाई। वहीं सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने दैवीय आपदाओं के कारण बाधित बिजली आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने, बिजली चोरी के



खिलाफ कैमरों की मौजूदगी में ही कार्रवाई करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चोला क्षेत्र के निकट दो नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने की आवश्यकता भी बताई। गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा के प्रतिनिधि सुरेश शर्मा ने भी बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए सुझाव दिए, जिन पर मुख्य अभियंता (वितरण) ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य अभियंता (वितरण) संजीव कुमार, तीनों विद्युत वितरण मंडलों के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मिठाई कम देने पर विवाद, बीच सड़क दुकानदार ने पलटे और घूंसों से ग्राहकों को जमकर पीटा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र में मिठाई कम देने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि दुकान संचालक और उसके साथियों ने ग्राहकों को बीच सड़क दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मारपीट के दौरान मिठाई बनाने में इस्तेमाल होने वाले लोहे के पलटे से भी हमला किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गंगानगर क्षेत्र स्थित अनि स्वीट्स (गुप्ता मिष्ठान भंडार) पर ग्राहक मिठाई खरीदने पहुंचे थे। इसी दौरान मिठाई कम देने को लेकर ग्राहक और दुकान पक्ष के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दुकान मालिक और उसके साथ मौजूद कई लोगों ने ग्राहकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपियों ने ग्राहकों को दुकान से बाहर तक दौड़ाकर पीटा। इस दौरान मिठाई की कढ़ाई में इस्तेमाल होने वाले पलटे से भी हमला किया गया। बीच सड़क हुई मारपीट से अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो**

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कई लोग ग्राहकों के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि पुलिस जांच का विषय है। मारपीट में तीन लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है।

## सपा की राष्ट्रीय महासचिव अर्चना पांडा कांग्रेस में शामिल, लखनऊ में ली सदस्यता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ/बुलंदशहर।** मिशन 2027 में जुटी कांग्रेस का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है । सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव, चर्चित नेत्री अर्चना पांडा लखनऊ में गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं । प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, सहप्रभारी धीरज गुर्जर तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी, बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव अर्चना पंडा ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते हुए अर्चना पंडा ने कहा कि वह राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के नेतृत्व, कांग्रेस की जनपक्षीय विचारधारा तथा संविधान, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प से प्रभावित होकर कांग्रेस परिवार में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बुलंदशहर जनपद में



कांग्रेस संगठन को मजबूत करने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को कांग्रेस हो हरा सकती है, कांग्रेस को मजबूत करना वक्त की जरूरत हैं। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने अर्चना पांडा का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से बुलंदशहर में कांग्रेस संगठन को नई शक्ति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और जनसंपर्क का लाभ संगठन को मिलेगा तथा जिले में कांग्रेस का जनाधार और अधिक मजबूत होगा।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, सहप्रभारी धीरज गुर्जर एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अर्चना पंडा का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, राजकुमार पंडित, नईम मंसूरी, भजनलाल विमल, ऋषि गौतम सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खुर्जा जंक्शन पर अमरदीप की मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरू, 13 जुलाई तक मांगे गए साक्ष्य व बयान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**खुर्जा।** खुर्जा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर कैटरिंग स्टॉल मैनेजर अमरदीप की ट्रेन से कटकर हुई मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। उप जिला मजिस्ट्रेट खुर्जा प्रतीक्षा पाण्डेय ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आमजन से घटना से जुड़े साक्ष्य और बयान उपलब्ध कराने की अपील की है।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिला मजिस्ट्रेट बुलन्दशहर के आदेश पर उप जिलाधिकारी खुर्जा को मामले की मजिस्ट्रियल जांच का जिम्मा सौंपा गया है। घटना 11-12 जून 2026 की रात खुर्जा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर हुई थी। पुलिस के अनुसार, पानी की बोतल को लेकर हुए विवाद के बाद जीआरपी पुलिस दोनों पक्षों को चौकी ले गई थी। इसी दौरान स्टॉल मैनेजर अमरदीप अचानक रेलवे ट्रैक की ओर दौड़ा। उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह ट्रैक पर पहुंच गया और देर रात गोरखधाम एक्सप्रेस के सामने आकर उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सुरक्षित कर ली गई है।

मामले में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे की जांच में संबंधित पुलिसकर्मियों की लापरवाही पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस पर मारपीट और हत्या का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर जीआरपी थाना अलीगढ़ जंक्शन में संबंधित पुलिसकर्मियों समेत पांच लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

मृतक का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल द्वारा वीडियोग्राफी के साथ कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हेमरेजिक शॉक (लीङ्क१ॄ रँङ्क) बताया गया है तथा अल्कोहल परीक्षण के लिए विसरा सुरक्षित रखा गया है।

मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विवेचना जीआरपी फिरोजाबाद को स्थानांतरित की गई है तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे इटावा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग को भी प्रकरण से अवगत करा दिया गया है।

उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा पाण्डेय ने कहा है कि इस घटना के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के पास कोई साक्ष्य, दस्तावेज या बयान हो तो वह 13 जुलाई 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में नई तहसील स्थित उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, खुर्जा में उपस्थित होकर अपना पक्ष दर्ज करा सकता है।

मृतक की पहचान अमरदीप (26 वर्ष), पुत्र रामकुमार, निवासी ग्राम तिलिया बार, थाना साढ़, कमिश्नरेट कानपुर के रूप में हुई है।

## साइबर ठगी के 20 हजार रुपये पीड़ित को पुलिस ने दिलाए वापस: थानाध्यक्ष नितिन जावला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना पुलिस ने फ्राड की गई 20 हजार रुपये की रकम पवन कुमार को वापस दिलाई। पुलिस ने बैंक अधिकारियों की मदद से पूरी राशि फ्रीज कराई। थाना पुलिस ने झांसा देकर की गई 20 हजार की ठगी की रकम युवक को वापस दिला दी है। पवन कुमार निवासी मुकैरा थाना सलेमपुर ने थाने में शिकायत की थी। इसमें बताया था कि झांसा देकर साइबर अपराधियों ने उससे 20 हजार रुपये ठग लिए। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने बैंक अधिकारियों से संपर्क किया। ट्रांसफर हुई रकम पुलिस ने फ्रीज कराई और पीड़ित को पूरी रकम वापस




दिला दी। सलेमपुर थाना प्रभारी नितिन जावला ने बताया है कि अनजान व्यक्ति को खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नंबर इत्यादि सझा ना करें। खाते से पैसा निकलने व साइबर फ्रॉड होने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें।

## सिकंदराबाद तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जेल भेजने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** तहसील में कथित रूप से व्याप्त भ्रष्टाचार की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों,कर्मचारियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए करप्शन फ्री इंडिया संगठन के जिला अध्यक्ष सुशील प्रधान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित पत्र एसडीएम दिनेश चंद्र को सौंपा। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व प्रेमराज भाटी ने बताया कि संगठन को सिकंदराबाद तहसील परिसर में कुछ निजी व्यक्ति सरकारी कार्य कराने के नाम पर आम नागरिकों से अवैध धनराशि लेकर कार्य कराते हैं। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं है।



चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा कि हाल ही में सिकंदराबाद तहसील में उप जिलाधिकारी के स्टेनो से संबंधित 4,000 के कथित लेन-देन का मामला भी सार्वजनिक रूप से सामने आया, जिसे क्षेत्रीय विधायक श्री लक्ष्मी राज सिंह ने उठाया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आने की बात कही गई कि पीड़ित व्यक्ति ने कार्य कराने के उद्देश्य से किसी तीसरे व्यक्ति को धनराशि दी थी। यदि ऐसा है, तो यह दशार्ता है कि सरकारी कार्यों के नाम पर बिचौलियों के सक्रिय नेटवर्क एवं भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की किसी स्वतंत्र एजेंसी से विस्तृत जांच कराई जाए। जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, चाहे वह सरकारी कर्मचारी हो या निजी बिचौलिया, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाए। इस दौरान ब्रह्मपाल सिंह कपसिया प्रेमराज भाटी सुशील प्रधान मलखान सिंह यादव मजहर अली राजकुमार पीलवान सुभाष यादव विजय प्रधान चमन सिंह नीरज सिंह राजवीर सिंह मोहित अधाना कैप्टन नरेश यादव इंद्रजीत यादव जितेंद्र उधम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## रामलीला मैदान के पीछे दलित समाज की धर्मशाला का लेंटर गिरा, सफाई कर रहे बच्चे बाल-बाल बचे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** नगर के रामलीला मैदान के पीछे स्थित दलित समाज की एक अत्यंत पुरानी और जर्जर धर्मशाला में वीरवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। धर्मशाला में साफ-सफाई करने के दौरान अचानक लेंटर का एक हिस्सा भरभरा कर नीचे गिर गया, जिसकी चपेट में आने से कुछ बच्चे मामूली रूप से चोटिल हो गए। गनीमत यह रही कि किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और शासन की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि हादसे की सूचना के बाद भी मौके पर शासन का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नहीं पहुंचा।

**बेटी की शादी के लिए चल रही थी सफाई**

स्थानीय निवासियों ने बताया कि आगामी 2-3 दिनों के भीतर इसी समाज की एक बेटी का विवाह संपन्न होना तय हुआ है। शादी समारोह की तैयारियों के मद्देनजर समाज के कुछ छोटे-छोटे बच्चे धर्मशाला के भीतर साफ-सफाई का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक छत के लेंटर का एक हिस्सा टूटकर बच्चों पर गिर गया। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर चीख-पुकार मच गई। हालांकि, बच्चों को मामूली चोटें ही आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दे दिया गया है।

**प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ आक्रोश**

धर्मशाला के पड़ोस में रहने वाले स्थानीय निवासी लवदीप ने बताया:





"यह धर्मशाला काफी पुरानी और पूरी तरह जर्जर अवस्था में है। इस संबंध में कई बार नगर पालिका को लिखित प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया जा चुका है और इसके जीर्णोद्धार की मांग की गई है। लेकिन इसके बावजूद भी शासन या नगर पालिका प्रशासन की ओर से मरम्मत के लिए आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।"

**क्या कहती हैं अधिशासी अधिकारी?**

इस पूरे मामले को लेकर जब शिकारपुर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया:"मामला हमारे संज्ञान में आया है। धर्मशाला की जर्जर स्थिति और उसकी मरम्मत को लेकर हमारे स्तर से शासन को पहले ही प्रस्ताव भेजकर अवगत कराया जा चुका है। लेकिन सरकारी बजट (पैसे) की उपलब्धता न होने के कारण अभी तक वहां मरम्मत का कार्य शुरू नहीं कराया जा सका है।"

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। यदि जल्द ही इस जर्जर भवन की मरम्मत या इसे सुरक्षित करने का कार्य नहीं किया गया, तो शादी समारोह के दौरान कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।

## सिकंदराबाद में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा का भव्य स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुरेश राणा के विधानसभा सिकंदराबाद आगमन पर विधायक लक्ष्मीराज सिंह द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर श्री सुरेश राणा का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, जनसंपर्क एवं आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि आदरणीय श्री सुरेश राणा का अनुभव, नेतृत्व एवं मार्गदर्शन संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणादायी है। उनके मार्गदर्शन में संगठन और अधिक सशक्त होकर जनसेवा के कार्यों को नई गति देगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

**अभियान**

**नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान**

# व्यापारियों के कड़े प्रतिरोध को दरकिनार कर चला बुलडोजर,फिलहाल स्थगित किया गया अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मचारियों ने पूर्व निर्धारित योजना पर अमल करते हुए गुरुवार को कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे जोर शोर से शुरू किया।

अनेक स्थानों पर नाले के उपर किये गये अवैध अतिक्रमण को बलपूर्वक हटवाया गया। अभियान के दौरान व्यापारियों ने पक्षपात और निर्धारित मानकों को ताक पर रखकर अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध किया लेकिन अधिशासी अधिकारी के कड़क तेवरों के चलते तमाम विरोध को दरकिनार करते हुए अभियान जारी रखा गया। शाम को व्यापारियों द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाने की पेशकश के चलते अगले दो दिन तक अभियान स्थगित कर दिया गया। अभियान के दौरान भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहकर कड़ी चौकसी बनाये रहा।

औरंगाबाद कस्बे में गुरुवार की दोपहर लगभग साढ़े दस बजे अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार नगर पंचायत की टीम और सफाई कर्मचारियों के साथ बुलडोजर के साथ बालका रोड पहुंचे और पूर्व घोषित कार्यक्रम पर अमल करते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान का श्री गणेश पूरे जोर शोर से शुरू कर दिया।

व्यापारियों के संभावित प्रतिरोध को देखते हुए कस्बा चौकी इंचार्ज सौबरन सिंह मय भारी पुलिस बल साथ रहे। नगर पंचायत की कार्रवाई शुरू होने की भनक मिलते






ही कस्बे के तमाम व्यापारियों में हड़कंप मच गया। अनेक व्यापारियों ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने के तौर तरीके और पक्षपात पूर्ण कार्य शैली का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध जताया। व्यापारियों का कहना था कि अतिक्रमण हटाने के लिए सड़क के मध्य से दोनों ओर समान दूरी तय करने के बाद व्यापारियों को अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए पर्याप्त समय दिया जाये उसके बाद ही अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाना चाहिए।

दूसरी ओर अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार का कहना था कि बुधवार को जिलाधिकारी महोदय के द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। व्यापारियों को स्वयं अपने अतिक्रमण को हटाने के लिए दो बार समय दिया गया और बार बार मुनादी करवा कर चेतावनी देने के बाद ही अभियान शुरू किया गया है। अतः अभियान जारी रहेगा। उन्होने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर पंचायत ने सड़क के दोनों ओर बने नालों की सीमा निर्धारित की हुई है अतः नालों पर अथवा उसके आगे का अतिक्रमण नाकाबिले बर्दाश्त है। उसे हर हाल में हटाया जायेगा। शाम को व्यापारियों के अनुरोध और स्वयं अतिक्रमण हटाने की पेशकश किये जाने पर अभियान दो दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि कस्बे में गुरुवार को चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत 36 स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। लगभग 30 अतिक्रमण कारियों से लगभग 15000 रुपए जुर्माना वसूला गया है जिसकी रसीद हाथों हाथ दे दी गई। उन्होने दो दिन बाद पुनः अभियान शुरू किए जाने की बात भी कही है। इस दौरान किशोरी लाल विजय सिंह नेमपाल सिंह अजय सिंह आफाक सलीम खां शकील अहमद सादाब छोटन सहित तमाम स्टाफ और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिकायत के कारण बदले की भावना से रोकी गयी वेतनवृद्धि, अपर निदेशक (पैंशन)सेवानिवृत्त सरकारी पेंशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** बताते चलें एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश के हर नागरिकों को परेशानी ना हो ये कोशिस करते है वही सरकारी कर्मचारी सुधारने का नाम नहीं ले रहे पूरा मामला बताते चले सेवानिवृत्त सरकारी पेंशन,, में एक आपत्तिजनक मामला सामने आया है जो की बुजुर्ग 80 वर्ष आयु होने पर काफी बीमार है 3 महीने में पेंशन निर्धारित ऑटोमेटिक अपडेट हो जानी चाहिए थी लेकिन अभी तक कोई अपडेट नहीं है ना ही उन्हें पेंशन आ रही है सुनने में आ रहा है कि बदले की भावना को लेकर शिकायतकर्ता ने एक शिकायत दर्ज कराई थी जिसके कारण अभी तक पेंशन रोकी गई है पत्रांक- 19/GPA/26-2702 जुलाई, 2026 80 वर्षीय बीमार पैंशनर की अतिरिक्त पैंशन स्वीकृति फाइल पर 3 माह से कुंडली मारे बैठा है, कोषागार लिपिक राजकमल, शासन की जीरो टोलरेन्स उल्लघन का है अदभुत मामला, राशिकरण की अधिक धनराशि की कटौती की वापसी के निरन्तर प्रयासों एवं शिकायत के कारण बदले की भावना से रोकी गयी वेतनवृद्धि, अपर निदेशक (पैंशन), मेरठ मंडल को भेजे शिकायती पत्र में पैंशनर्स एसोसियेशन ने की लिपिक के निलम्बन एवं व्याज सहित भुगतान की मांग यूँ तो शासकीय कार्यालयों में कार्य की लेट लतीफी तथा फाइलों को दवाये जाने के अनेको मामले आपने सुने होगे, किन्तु कोषागार के बाबू राजकमल का ताजी बेखौफ अंदाज जीरो टोलरेन्स के उल्लघन की अलग ही कहानी वंया करता है। एसोसियेशन के महासचिव रामप्रकाश सारस्वत के अनुसार यह सब घटित हो रहा है, गम्भीर बीमारी प्रोस्टेट से ग्रसित तथा घर पर उपचाराधीन पैंशनर वेदप्रकाश गोयल के साथ। पैंशन विभाग के अपर निदेशक, मेरठ मंडल मेरठ को प्रेषित शिकायती पत्र (प्रति संलग्न) में विस्तार से उल्लेख किया है के अनुसार वेदप्रकाश गोयल को 80 वर्षीय विशेष





वृद्धि माह अप्रैल 2026 में देय थी तथा नियमानुसार पोर्टल अपडेशन के आधार पर स्वतः अप्रैल 2026 की पेंशन के साथ भुगतान होना चाहिए था, किन्तु भी राजकमल, कोषागार पटल सहायक ने जानबूझकर, परेशान करने की नियत तथा लक्ष्य पूर्ति न होने के कारण भुगतान नहीं किया, यहीं नहीं 19 मई, 2026 को गोयल एवं एसोसियेशन द्वारा लिखित पत्र द्वारा अनुस्मारक दिये जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया, जो सम्बन्धित लिपिक राजकमल की स्वेच्छाचारिता एवं द्वेषभाव पूर्ण कार्य शैली का प्रमाण है।

माह अप्रैल से जून 2026 तक 3 माह तक भुगतान न करने के पीछे असल कारण जीरो टोलरेन्स के अतिरिक्त गोयल की राशिकरण की अधिक धनराशि की कटौती कोषागार द्वारा करने एवं गोयल द्वारा लगातार 1 वर्ष 6 माह तक पत्राचार करने पर कोषागार को अंकन रू0 5,884/ धनराशि वापिस करनी पड़ी तथा शेष धनराशि रू0 79,998/ की वापिसी हेतु आज भी संघर्षरत है। एसोसियेशन द्वारा यह प्रकरण 17 दिसम्बर 2025 को प्रमुखता से उठाया था, इन्ही कारणों से कोषागार के बाबू गोयल से ईष्या एवं दुर्भावना रखते है तथा इनके कार्य को 3 माह से बिना किसी कारण के लम्बित रखा हुआ है। अकारण एवं पैंशनर को उत्पीडन के दृष्टिगत इस प्रकरण को निस्तारण हेतु कोषागार के अधिकारियों से सम्पर्क करने पर सभी कार्मिक असहाय सिद्ध हुए तथा प्रकरण अपर निदेशक स्तर पर अग्रसारित करना पड़ा। एसोसियेशन ने प्रकरण की गम्भीरता एवं भविष्य में इसकी पुनरावृति रोकने हेतु पटल सहायक राजकमल को तत्काल निलम्बित करने, गोयल की विशेष वेतन वृद्धि का भुगतान बयाज सहित सम्बधित लिपिक से करने एवं कार्यालय में सी०सी०टी०वी० कैमरे लगानं की मांग की है, उल्लेखनीय तथ्य है कि आज दिनांक 02 जुलाई 2026 तक स्थिति यथावत है बल्कि सुभाषचन्द्र गुप्ता, एवं शिशपाल सिंह की 80 वर्षीय वेतन वृद्धि भी रोक ली गयी है।एसोसिऐशन के महासचिव रामप्रकाश सारस्वत ने बताया गया कि कोषागार की दूषित प्रणाली के सम्बन्ध में निदेशालय एवं शासन को अवगत कराते हुए स्थानीय स्तर पर आंदोलन किया जायेगा।

# कांवड़ियों सहित अन्य लोगों के मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर गांव असालतनगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर से कांवड़ियों व सड़क किनारे सुराही अन्य लोगों के मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश को

**बदमाश के पास से चोरी के 12 मोबाइल व 520 रूपए की नगदी हुई बरामद**





पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश के पास से चोरी के 12 मोबाइल बरामद हुए है। वह राह चलते लोगों को सस्ते दामों में मोबाइल बेचता था। एसीपी मसूरी सर्किल मनोज कुमार ने बताया कि चार दिन पहले हनुमान मंदिर परिसर से हरिद्वार से गंगा जल लेकर आए राजिस्थान के कांवड़ियों के दो मोबाइल व 12 हजार रुपये चोरी होने के बाद बदमाश की तलाश के लिए तीन टीमों का गठन किया गया था। उन्होने बताया कि गुरुवार दोपहर को सूचना के आधार पर एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम विनोद कुमार निवासी गांव दौंसा बंजारपुर थाना भोजपुर बताया। पुलिस को बदमाश के पास से चोरी के 12 मोबाइल व 520 रूपए बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने बताया कि वह रात के समय दिल्ली मेरठ रोड पर निकलता था। जो व्यक्ति सड़क पर सोता रहता था, उसका मोबाइल चोरी कर लेता था। चोरी किए फोन राह चलते लोगों को काफी सस्ते दाम पर बेच देता था।

# Grow सेफ Food' अभियान के तहत किसानों को सुरक्षित खेती का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** किसानों को सुरक्षित खाद्य उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलित कीटनाशी उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'Grow Safe Food' अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, मुरादनगर, गाज़ियाबाद में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक फसल संरक्षण तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद एवं सब्जेक्ट मैटर स्पेशलिस्ट डॉ. आकांक्षा ने समेकित कीट प्रबंधन (IPM), आर्थिक क्षति स्तर (ETL), फेरोमोन ट्रैप, येलो स्टिकी ट्रैप, लाइट ट्रैप तथा जैविक एवं वैज्ञानिक फसल सुरक्षा उपायों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-अनुकूल उपाय अपनाने का आह्वान किया।जिला कृषि रक्षा अधिकारी अमित कुमार ने किसानों को केवल अधिकृत एवं गुणवत्तायुक्त कीटनाशकों के प्रयोग की सलाह देते हुए कहा कि कीटनाशकों के लेबल एवं पर्चे पर अंकित निर्देशों का पालन करना सुरक्षित खेती और गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संतुलित एवं विवेकपूर्ण कीटनाशी उपयोग पर विशेष बल दिया।कृषि रक्षा अनुभाग की वरिष्ठ प्राविधिक सहायक क्षितिज ने किसानों को सुरक्षित छिड़काव की विधि, प्रतीक्षा अवधि (वेटिंग पीरियड ), व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) के उपयोग तथा कीटनाशकों के सुरक्षित भंडारण एवं निस्तारण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में क्रॉप साइंस कंपनी के प्रतिनिधि श्री अतुल राय ने आयोजन में सहयोग प्रदान करते हुए किसानों के लिए जलपान की व्यवस्था कराई। उन्होंने विभिन्न फसलों के लिए उपयुक्त कीटनाशकों के चयन, अनुशंसित मात्रा में उनके प्रयोग तथा सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पादन के महत्व पर किसानों को जागरूक किया। इस अवसर पर कृषि रक्षा अनुभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में किसानों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर अपनी फसल सुरक्षा संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

# बर्थडे पार्टी में युवक की चाकू से गोदकर हत्या, छह आरोपी हिरासत में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के न्यू शांतिनगर में गुरुवार तड़के करीब 3:30 बजे बर्थडे पार्टी के दौरान हुए विवाद में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। सूचना डायल-112 पर मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए एमएमजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक की पहचान मोहित शर्मा के रूप में हुई है। मृतक के भाई मनीष शर्मा ने पुलिस को गाजियाबाद सुबह 03:30 बजे थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक के न्यू शांतिनगर एरिया में 112 पर एक सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोहित शर्मा को छ व्यक्तियों के द्वारा चाकू से गोदकर दी मोहित शर्मा के भाई मनीष शर्मा ने बताया कि इन लोगो के नाम इस प्रकार है देव,हरी,गौरव शर्मा, न्याय, और दो लोग अज्ञात है और उन्होंने बताया कि यह लोग इसको मारने के लिए 15 दिनो ताल मे थे पहले यह इसे खाटूश्यामजी लेकर गये मगर वहां इन लोगो का मौका नही लग पाया फिर वोह इसे हरिद्वार लेकर गये मगर वहां भी इन लोगो को इसे मारने का मौका नही मिल पाया फिर इसको इन लोगो ने अपने घर बर्थडे पार्टी करने के लिए बुलाया और छ लोगो ने मिलकर चाकू से गोदकर मोहित शर्मा की बेरहमी से हत्या कर दी गई सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस ने संज्ञान लेते हुए अपनी पुलिस टीम के द्वारा वहां पहुंचकर घायल व्यक्ति को इलाज हेतु एमएमजी अस्पताल पहुँचाया गया। एमएमजी अस्पताल में डॉक्टरों के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसमें प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि मोहित शर्मा के बाकी दोस्तों के साथ उसके साथ पहले भी लड़ाई हुई थी और कल रात को बर्थडे पार्टी करते हुए नशे की हालत में गाली-गलौज करते हुए यहाँ पुनः लड़ाई हुई और उसी में गाली-गलौज के बाद इसे चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई जिसके दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। अभियुक्तगणों को हिरासत में ले लिया गया है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# एंबुलेंस की चपेट में आने से महिला की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा।** बुधवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार एंबुलेंस की चपेट में आने से महिला कामगार की मौत हो गई। एंबुलेंस चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को जेवर निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित पति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक यमुना विकास प्राधिकरण के सेक्टर 32 में गांव सतारी चुरारी जिला महोबा निवासी जयसिंह अपनी पत्नी रेशमा के साथ निमार्णाधीन बिल्डिंगों में मजदूरी करते हैं। कुछ दिन पूर्व रेशमा महोबा गई थी। बुधवार को रेशमा महोबा से वापस लोटी तो यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा अंडरपास पर बस से उतरी तो नीचे उतरते वक्त तेज रफ्तार एंबुलेंस ने रेशमा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे यमुना एक्सप्रेसवे के सुरक्षाकर्मी और पुलिस ने रेशमा को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टरों ने रेशमा को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि महिला के पति जयसिंह की शिकायत पर अज्ञात एंबुलेंस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# गृह क्लेश के चलते युवक ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)**थानाक्षेत्र के गांव जलालाबाद में गृह क्लेश के चलते एक युवक ने बुधवार सुबह फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गांव जलालाबाद निवासी 34 वर्षीय सुमित कुमार अपनी पत्नी रुबी के साथ रहते थे। रुबी कई दिन पहले अपने मायके चली गई थी। बताया जा रहा है कि सुमित का बुधवार सुबह परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद मे वह अपने कमरे में चला गया। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया,तो अंदर से बंद था। इसके बाद खिड़की से देखा तो वह फंदे से लटका हुआ था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर सुमित को नीचे उतारकर मुरादनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# नगर निगम द्वारा पर्यावरण मंत्रालय को दिए गए जवाब भ्रामक और तथ्यों से परे है : कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** मोडल टाउन ईस्ट , फ्लेट ओनर फेडरेशन एवं आर डब्लू ऐ फेडरेशन के चेयरमेन और कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने बताया की वो 1 जून 2026 को केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से पर्यावरण भवन, नई दिल्ली में मिले थे और उन्हें वायु प्रदूषण कम करने के लिए कुछ सुझाव दिए थे सुझावों पर पर्यावरण मंत्रालय ने नगर निगम का जवाब माँगा नगर आयुक्त नगर निगम ने जो जवाब दिए वो भ्रामक है और सामान्यतः तथ्य से परे है ( संलग्न है ) उदाहरण के लिए : सेनेट्री लैंड फिल्स आज तक नगर निगम ने एक भी ट्रेंच टाइप सेनेट्री लैंड फिल्स नहीं बनाई है जबकि जवाब में तरह तरह के डेटा दे रहे है 'ई वेस्ट कलेक्शन सेंटर के नागरिको को नहीं मालुम है की नगर निगम ने कौन से पांच ई वेस्ट कलेक्शन केंद्र खोले है और कौन सी पांच समर्पित गाड़ियां है जो रोजाना ई वेस्ट कलेक्ट करती है लेकिन नगर निगम ने यह जवाब दिया है 'वर्टिकल गार्डनिंग झ अपनी नाकामी को छुपाने के लिए कह दिया गया है की जनता चोर है' मोक्षदा प्रणाली - नगर निगम ने हिंडन शमशान घाट पर एक भी हरित क्रिमेशन सिस्टम नहीं लगाया है जबकि बता दिया की वहां 3 सिस्टम काम कर रहे है' 2013 में दो सिस्टम प्राइवेट फर्म ने लगाये थे ' नगर निगम का योगदान 0 है 'केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय को दिए गए नगर निगम के जवाब और हमारा काउंटर-दोनों संलग्न है ।कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी , वीर चक्र चेयरमेन , फ्लेट ओनर फेडरेशन एवं आर डब्लू ऐ फेडरेशन ।

# पात्र लोगों तक संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी: जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए।

जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया। जनता दर्शन में निरंतर प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं और निवेदनों के निस्तारण एवं निवारण के क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा आवश्यक दिशा,निर्देशित दिए गये।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीब, बेसहारा, असहाय, पीड़ित, दिव्यांगजनों को संचालित योजनाओं का लाभ दिलाएं, लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक करना और पात्र लोगों से आवेदन कराते हुए





उन्हें लाभ पहुंचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने अधिकारी यू0पी0नेड़ा सहित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की जनकल्याण, पर्यावरण हित में चलाई जा रही पीएम सूर्य घर योजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाएं और प्रत्येक परिवार को इस योजना से आच्छांदित करने का हर सम्भव प्रयास किया जाएं। इस योजना के तहत लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार से ?सब्सिडी भी प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आरटीई के तहत दाखिलों में किसी भी प्रकार की कोताही, लापरवाही या अनदेखी ना बरती जाए, पात्र आवेदन कर्ता को शत प्रतिशत लाभ दिलाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, अतः कोई भी पात्र लाभार्थी जिसने आवेदन किया हो वह छूटना नहीं चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा अलग-अलग क्षेत्र से प्राप्त हो रही भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय और कमिश्नर महोदय द्वारा संयुक्त टीम गठित करते हुए भूमि को अवैध रूप से कब्जाधारियों/भूमाफियाओं से निजात दिलाने के लिए अभियान के तहत कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त कार्य युद्ध स्तर पर किये जाएं, उक्त से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना ना करना पड़ें। ऐसा कोई भी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिससे सरकार की छवि धूमिल हो। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में क्षमा योग्य नहीं हैं। जनता दर्शन के दौरान एडीएम एल/ए, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**सुरक्षा पर उठे सवाल** प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि सोसायटी में स्थापित अथवा प्रस्तावित सभी EV चार्जिंग पॉइंट्स की सक्षम अधिकारियों से जांच कराई जाए

# गुलमोहर एनक्लेव में निजी EV चार्जिंग पॉइंट्स की सुरक्षा पर उठे सवाल,जांच व फायर सेफ्टी ऑडिट की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी में निजी स्तर पर लगाए जा रहे इलेक्ट्रिक वाहन (EV) चार्जिंग पॉइंट्स की सुरक्षा को लेकर निवासी गौरव बंसल ने जिलाधिकारी गाजियाबाद को प्रार्थना पत्र सौंपकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री कार्यालय, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (GDA) तथा गुलमोहर एनक्लेव RWA के सचिव को भी भेजी गई है।

गौरव बंसल ने अपने आवेदन में कहा है कि सोसायटी में कुछ निवासी पार्किंग एवं अन्य स्थानों पर निजी स्तर पर एश चार्जिंग पॉइंट स्थापित कर रहे हैं। उनका आरोप है कि यह कार्य बिना स्पष्ट सुरक्षा मानकों, आवश्यक अनुमतियों तथा फायर सेफ्टी ऑडिट के किया जा रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर दुर्घटना की





आशंका बनी हुई है। उन्होंने बताया कि लिथियम-आयन बैटरियों में आग लगने की घटनाएं अत्यंत गंभीर होती हैं और बेसमेंट या पार्किंग जैसे सीमित वेंटिलेशन वाले स्थानों में ऐसी घटना पूरे भवन और निवासियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि सोसायटी में स्थापित अथवा प्रस्तावित सभी EV चार्जिंग पॉइंट्स की सक्षम अधिकारियों से जांच कराई जाए। बिना निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक स्वीकृतियों के लगाए गए चार्जिंग पॉइंट्स पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा विद्युत सुरक्षा विभाग, अग्निशमन विभाग और अन्य संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त निरीक्षण एवं फायर सेफ्टी ऑडिट कराया जाए। इसके अलावा फ्हअ को निर्देशित किए जाने की भी मांग की गई है कि भविष्य में किसी भी एश चार्जिंग पॉइंट की स्थापना केवल सक्षम विभागों की अनुमति एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही की जाए। यदि सोसायटी में आवश्यकता हो तो सभी मानकों का पालन करते हुए एक सुरक्षित कॉमन एश चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने पर विचार किया जाए तथा सभी निवासियों को विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी नियमों से अवगत कराया जाए। गौरव बंसल ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि हाल ही में उनके फ्लैट में आग लगने की घटना हो चुकी है। उनका कहना है कि यह घटना सुरक्षा मानकों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही के संभावित गंभीर परिणामों की ओर संकेत करती है। उन्होंने प्रशासन से इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

## माहेश्वरी समाज ने मनाया वंश उत्पत्ति दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। कस्बा स्थित बरौली रोड के विकास वाटिका में माहेश्वरी समाज ने माहेश्वरी वंश उत्पत्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि निरूपमा मूंदड़ा, धीरेंद्र बाबू माहेश्वरी और हरिकिशन माहेश्वरी ने किया। रमन माहेश्वरी सर्राफ को सर्वसम्मति से कार्यक्रम का सभापति चुना गया। आयोजन में बच्चों ने लोकनृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

समाज के उन बुजुर्ग दंपतियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूरे किए। पहले आओ, पहले पाओ प्रतियोगिता और लकी ड्रा का भी आयोजन हुआ, जिसमें अविका माहेश्वरी ने चार बर्नर गैस स्टोव जीतकर पहला पुरस्कार प्राप्त किया। मूंदड़ा ने समाज में एकता, कुरीतियों के उन्मूलन तथा बच्चों और महिलाओं की उच्च शिक्षा पर विशेष जोर दिया। इस दौरान लवी माहेश्वरी, पंकज माहेश्वरी, नवनीत, अनुज लाहोटी, अमित पल्लानी, अनुज मूंदड़ा, दुर्जेंद्र, मनीष, अंकुर मूंदड़ा, विष्णु आदि मौजूद रहे।

## कैप विवाद में नाबालिगों पर हमला, घायल बच्चों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। थाना रोरावर क्षेत्र में बुधवार देर रात कैप छीनने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि 10 से 12 युवकों ने दो नाबालिगों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस घटना में 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि 15 वर्षीय किशोर को भी चोटें आईं।

घायल दोनों नाबालिगों को उपचार के लिए मलखान सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 10 वर्षीय बालक के हाथ पर गंभीर चोट लगी है, जिससे उसकी नस कट गई। वहीं, 15 वर्षीय किशोर के सिर और कमर में चोटें आई हैं।

परिजनों के अनुसार, विवाद की शुरुआत एक बच्चे की कैप छीनने से हुई थी। जब बच्चे ने अपनी कैप वापस मांगी, तो कहासुनी बढ़ गई। देखते ही देखते 10 से 12 युवक मौके पर जमा हो गए और मारपीट शुरू कर दी। घायल पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू और कैंची जैसे धारदार हथियारों से हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों की संख्या 10 से 12 थी। घायल किशोर की पहचान हसन के रूप में हुई है, जो कोचिंग से घर लौट रहा था। उसने रास्ते में मोहल्ले के एक छोटे बच्चे को कुछ युवकों द्वारा पीटते देखा। जब हसन ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया।



परिजनों ने बताया कि उनकी किसी से कोई पुरानी रंजिश नहीं थी और यह पूरा विवाद केवल कैप छीनने की घटना से जुड़ा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हमला करने वाले अधिकांश युवक 17 से 19 वर्ष की आयु के हैं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर परिजन घायलों को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस अब वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने में जुटी है।

## वेतन नहीं मिलने पर रोडवेज कर्मचारी सड़क पर उतरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो



अलीगढ़। रोडवेज कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन न मिलने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। गुरुवार को रोडवेज बस स्टैंड सारसौल पर दोपहर 12 बजे बड़ी संख्या में कर्मचारी इकट्ठा हुए। बकाया वेतन भुगतान की मांग की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि वेतन न मिलने के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

प्रदर्शन में शामिल इरफान अली ने बताया कि वह कासगंज के निवासी हैं। अलीगढ़ डिपो में इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि लगातार ड्यूटी करने के बावजूद उन्हें पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है। इस प्रदर्शन में इलेक्ट्रिशियन के साथ-साथ मैकेनिक और अन्य तकनीकी कर्मचारी भी शामिल रहे। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इसी वजह से उन्हें धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने बकाया वेतन का तत्काल भुगतान किए जाने की मांग की। कर्मचारियों ने चिंता जताई कि महंगाई के इस दौर में लगातार तीन महीने तक वेतन न मिलना उनके और उनके परिवारों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। कई कर्मचारियों ने बच्चों की पढ़ाई और घरेलू खर्चों को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## ई-रिक्शा चालक ने होटल में महिला से किया बलात्कार, सस्ता होटल दिलाने का झांसा देकर साथ ले गया था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। बन्नादेवी थाना क्षेत्र के एक होटल में बुधवार को रात करीब 12 बजे महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने महिला को सस्ता होटल दिलाने का झांसा देकर कमरे में पहुंचाया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने आरोपी को घटना के 4 घंटे बाद गुरुवार तड़के 4 बजे मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला बुधवार की देर रात रुकने के लिए होटल तलाश रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात एक ई-रिक्शा चालक से हुई। महिला ने उससे सस्ते और सुरक्षित होटल के बारे में पूछा तो उसने कम किराए में कमरा दिलाने की बात कहकर उसे बन्नादेवी क्षेत्र के नीलकंठ होटल ले गया। आरोप है कि होटल में कमरा दिलाने के बाद आरोपी किराया लेने के बहाने कमरे में गया और जबरन अंदर से दरवाजा बंद कर महिला से दुष्कर्म किया। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया।



पीड़िता की शिकायत पर बन्नादेवी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी सिटी आदित्य बंसल के निर्देश पर पुलिस और एसओजी की टीम गठित की गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और सर्विलांस की मदद से आरोपी की पहचान थाना क्वारसी क्षेत्र के नगला पटवारी निवासी सुभान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरता देख आरोपी ने अवैध तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इस दौरान उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस, खोखा और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल आरोपी को इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने वारदात और मुठभेड़ स्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया है। फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

## महिला ने पति के साथ मिलकर मोपेड सवार को पीटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। गुरुवार की सुबह एक महिला ने अपने पति के मिलकर मोपेड सवार एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें मारपीट होती दिख रही है। मामला देहली गेट थाना क्षेत्र के नगला महताब स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया है कि,इस विवाद की वजह कुछ दिन पहले हुई कहासुनी है। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते महिला ने मोपेड सवार को बीच रास्ते रोक लिया और उस पर हमला कर दिया। वीडियो में महिला चप्पलों से व्यक्ति को पीटती दिख रही है, जबकि उसका पति भी मारपीट में शामिल नजर आ रहा है।



सड़क पर अचानक शुरू हुए इस हंगामे को देखकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया था। विवाद बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मोपेड सवार व्यक्ति को सुरक्षित वहां से निकाला, जिसके बाद मामला शांत हुआ। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद घटना ने पुराने विवाद को जन्म दे दिया है। वायरल वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर भी तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। लोग खुलेआम सड़क पर कानून हाथ में लेने की प्रवृत्ति पर सवाल उठा रहे हैं और पुलिस से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, फुटेज की सत्यता और घटना के पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सूतमिल से भूकरावली तक सड़क किनारे ट्रक खड़े करना प्रतिबंधित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने सूतमिल से भूकरावली तक जीटी रोड के किनारे ट्रकों के बेतरतीब खड़े होने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने गुरुवार को स्वयं वार्ड 34 स्थित सूतमिल, खैर बाईपास, भूकरावली जीटी रोड आदि क्षेत्र का निरीक्षण किया।



नगर आयुक्त ने मौके पर सूतमिल जीटी रोड के सड़क एवं फुटपाथ पर अवैध रूप से खड़े ट्रकों के चालकों को स्पष्ट कहा अलीगढ़ में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित है, सभी ट्रक चालक ट्रांसपोर्ट नगर में ही अपनी गतिविधियों को संपादित करें-नगरीय क्षेत्र में सड़क फुटपाथ व सार्वजनिक स्थल पर ट्रक खड़े करके यातायात बाधित करने की अनुमति नहीं है किसी भी दशा में सड़क फुटपाथ व सार्वजनिक स्थल पर खड़े होने वाले ट्रकों पर नगर निगम सख्त रुख अपनाएगा। नगर आयुक्त ने जीटी रोड पुलिस चौकी के पास फुटपाथ पर खड़े ट्रक के विरुद्ध अभियान चलाते हुए मौके पर ही 12 ट्रक चालकों को नोटिस जारी कराए।

नगर आयुक्त ने कहा कि सूतमिल शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार है यहां सड़क किनारे ट्रकों के लंबे समय तक खड़े रहने से प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, मरीजों तथा अन्य वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त सड़क एवं फुटपाथ पर अवैध पार्किंग यातायात सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बनती है।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने ट्रक चालकों एवं संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में कोई भी ट्रक सूतमिल से भूकरावली तक सड़क अथवा फुटपाथ पर खड़ा नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल यातायात व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण का मामला भी है, जिसके विरुद्ध नगर निगम कठोर कार्रवाई करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट की विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए पराविधिक स्वयं सेवकों को दिए गए डोर-टू-डोर जनजागरूकता अभियान के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पंकज कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती साक्षी गर्ग की अध्यक्षता में पराविधिक स्वयं सेवकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

प्राधिकरण सचिव श्रीमती साक्षी गर्ग ने आगामी 21, 22 व 23 अगस्त को आयोजित होने वाली सुप्रीम कोर्ट की विशेष लोक अदालत के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पराविधिक स्वयं सेवकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने आवंटित ग्रामों एवं कस्बों में व्यापक डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर ऐसे परिवारों की पहचान करें, जिनके मामले देश की सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं और उन्हें विशेष लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति के आधार पर विवादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के लिए प्रेरित करें।

**21, 22 व 23 अगस्त को आयोजित होगी सुप्रीम कोर्ट की विशेष लोक अदालत**



सचिव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक लोगों को न्यायिक प्रक्रिया एवं वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली की पर्याप्त जानकारी नहीं होती। ऐसे में पराविधिक स्वयं सेवकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे आमजन को यह समझाएं कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक भार एवं अनावश्यक न्यायालयी प्रक्रिया के, आपसी सहमति से वर्षों पुराने विवादों का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने सभी पराविधिक स्वयं सेवकों को निर्देश दिए कि जुलाई में आयोजित होने वाले विभिन्न विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविरों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें और घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे अधिक से अधिक लोग विधिक सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में पराविधिक स्वयं सेवकों ने विशेष लोक अदालत एवं विधिक जागरूकता अभियानों को सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता से साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## अतरौली जामुना में ट्रांसफॉर्मर जलने बिजली गुल भीषण गर्मी- पानी चारा न मिलने पर गांव के लोग परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अतरौली । क्षेत्र के ग्राम जामुना में ट्रांसफॉर्मर जलने से आधे गांव की बिजली गुल बिजली संकट से लोग परेशान ग्राम वासियों का कहना है, कि ट्रांसफॉर्मर खराब हुए 9 दिन हो चुके हैं, जबकि ग्राम प्रधान नरेश चंद्र लोधी एडवोकेट, लोधी लटूरी सिंह, लोधी रनसिंह फौजी, लोधी डॉ राकेश, लोधी कीर्तेंद्र कुमार, लोधी डॉ ओमदत्त सिंह, लोधी संजय सिंह, लोधी राजेंद्र सिंह, लोधी वासुदेव सिंह, भूपेंद्र सिंह और समस्त लोगों द्वारा दूसरे दिन ही ट्रांसफॉर्मर कंप्लेंट कर दी गई, जिसमें विद्युत विभाग की लापरवाही से अभी तक नया ट्रांसफॉर्मर नहीं आ सका गांव की जनता गर्मी, पानी, पशुओं का चारा, घरों में अंधेरे में रहना लोगों को मुश्किल नजर आ रहा है बिजली संकट



भीषण गर्मी पानी को लेकर लोगों का एक दृश्य देख गांव की जनता में की आंखों में रोस नजर आया जनता का कहना है, कि अगर 2 दिन के अंदर ट्रांसफॉर्म नहीं आया तो बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन भारी संख्या में हो सकता है, लोगों द्वारा बिजली घर पर तोड़फोड़ इस भारी नुकसान की जिम्मेदार शासन प्रशासन और बिजली विभाग खुद होगा` जनता की बीच की दूरी जबकि सरकार नेता अधिकारी गढ़ जनता को एक ही भरोसा देती है, कि बिजली पानी सड़क निर्माण और जनता की सुरक्षा विद्यालय अस्पताल देने का कार्य करती है और इसमें से एक का निर्माण छूट जाए तो जनता बिछुड़ जाती है ।

**शुभारंभ** सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की

## अलीगढ़ में शिक्षा के नए अध्याय का शंखनाद: 'विवेकानन्द इन्टरनेशनल स्कूल' का भव्य शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी 'विवेकानन्द ग्रुप ऑफ कॉलेजेज' द्वारा आज अलीगढ़ के एन.एच. 91, निकट खेरेश्वर चौराहा पर अपने नवीन प्रकल्प विवेकानन्द इन्टरनेशनल स्कूल का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रातः 10:30 बजे आयोजित इस गरिमामयी समारोह में क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिधियों और शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से कोल विधायक श्री अनिल पाराशर जी, डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह जी एमएलसी अलीगढ़ एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह जी, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण पाल सिंह जी, छर्रा विधायक श्री रविन्द्र पल सिंह जी,जिला महामंत्री श्री शिव नारायण शर्मा जी, जिला उपाध्यक्ष श्री अवध बघेल जी और अलीगढ़ के महापौर श्री प्रशांत सिंघल जी, पूर्व महानगर महामंत्री श्री मानव महाजन जी, पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ0 विवेक सारस्वत , पंकज कुमार अग्रवाल जी, जिला जज अलीगढ़ एवं सहित कई अन्य गणमान्य विधायक, एम.एल.सी. व जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और विद्यालय के आधुनिक परिसर की सराहना की।



आज के कार्यक्रम में अलीगढ़ के महापौर प्रशांत सिंघल ने बोलते हुए कहा की विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल अलीगढ़ के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। आगे बोलते हुए कोल विधायक अनिल पाराशर जी ने कहा की विवेकानंद कॉलेज की स्थापना सन 2003 में की गई थी आज यह एक वटवृक्ष बन चुका है जो संपूर्ण देश में शिक्षा का अलख जगा रहा है ।आगे बोलते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल प्राइमरी से लेकर के इंजीनियरिंग तक की शिक्षा देकर देश के कल्याण में अपना योगदान कर रहा है और आगे भी करेगा। आगे बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह जी ने कहा कि मैं विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना के लिए कॉलेज के चेयरमैन श्री अनिल सारस्वत जी को बधाई देता हूं तथा आशा करता हूँ कि इसमें पढ़ने वाले विद्यार्थी निश्चय ही विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलेंगे ऐसा मेरा विश्वास है। विवेकानन्द इन्टरनेशनल स्कूल को अत्याधुनिक वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निम्नलिखित प्रमुख सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैंः स्मार्ट कक्षाएं एवं कंप्यूटर लैब, आधुनिक सूचना तकनीक से युक्त डिजिटल क्लासरूम। आर्ट एंड क्राफ्ट रूमः बच्चों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए विशेष समर्पित विंग।समृद्ध लाइब्रेरी एवं लैब और ज्ञानवर्धन के लिए विशाल पुस्तकालय, सुरक्षित प्ले-ग्राउंड व एक्टिविटी जोन खेलकूद और शारीरिक विकास के लिए सुरक्षित एवं मनोरंजक आउटडोर प्ले-एरिया। समारोह के दौरान विवेकानन्द ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन एडवोकेट अनिल सारस्वत जी एवं उनकी माताजी ब्रह्मा देवी सारस्वत जी (संरक्षक) और वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सुधा सारस्वत जी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ० सुधीर सारस्वत जी (वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, सी.एस.ए. विश्वविद्यालय) और संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ० अम्बुज सारस्वत जी (एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली) ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय केवल एक शैक्षणिक भवन नहीं, बल्कि भविष्य के भारत के जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण की कर्मभूमि बनेगा।

## सफाई कर्मचारियों ने बकाया भुगतान की मांग उठाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। टप्पल नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारियों से जुड़े बकाया भुगतान के मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस, शाखा टप्पल ने गुरुवार को जिलाधिकारी अलीगढ़ के नाम एक ज्ञापन टप्पल थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा को सौंपा। संगठन ने कर्मचारियों के लंबित वेतन, एरियर और बोनस का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि टप्पल नगर पंचायत में पूर्व में एसपी गवर्नमेंट सप्लायर एंड कॉन्ट्रैक्टर फर्म के माध्यम से कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों का जनवरी 2026 से जून-जुलाई 2026 तक का वेतन और एरियर लंबित है। संगठन का कहना है कि भुगतान लंबित रहने से कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने ज्ञापन में कर्मचारियों का दीपावली बोनस भी दिलाए जाने की मांग की है। इसके साथ ही प्रशासन से संबंधित फर्म को आवश्यक निर्देश जारी कर कर्मचारियों के बैंक खातों में लंबित भुगतान जल्द कराने का अनुरोध किया गया है। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि यदि 10 दिनों के भीतर कर्मचारियों के लंबित वेतन, एरियर और बोनस का भुगतान नहीं कराया गया तो कर्मचारी आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे।

# किसान यूनियन के एक नेता पर होटल व्यापारी से रंगदारी मांगने का आरोप,पीड़ित ने दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** धौलाना क्षेत्र के खिचरा में ग्राम सिरोधन निवासी के पी राणा का होटल है । जिनके होटल मैनेजर से ग्राम खिचरा निवासी ही एक किसान नेता पर चालीस हजार की




रंगदारी मांगने का आरोप है । धौलाना थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया गया की उनका गांव खिचरा स्थित मेन मसूरी रोड पर राणा होटल के नाम से होटल है । परन्तु गांव

## धौलाना के खिचरा गांव में स्थित है राणा होटल

शेखूपुर खिचरा निवासी और मसूरी निवासी दो दबंग जो खुद को किसी किसान यूनियन का नेता बताते है । आये दिन रंगदारी मांगते है । और नहीं देने पर होटल को बदनाम कर बंद करा देने की धमकी देते है । आरोप है की बीती रात उपरोक्त लोग कई लोगों के साथ होटल आ गए ।

होटल मैनेजर को अपने पास बुलाकर कहा कि हम किसान यूनियन को चलाते है । जिसे चलाने में खर्चा आता है । इसलिए यूनियन चलाने के लिए हमें खर्चे हेतु 40 हजार रुपए महीना हम को देने है ।मैनेजर ने असमर्थता जताई तो गुस्साए किसान नेताओं ने मैनेजर सहित समस्त स्टाफ को गन्दी गन्दी गाली और जान से मारने की धमकी दी । विरोध करने पर इन लोगों ने स्टाफ के साथ बुरी तरह मारपीट की और धमकी देते हुए फरार हो गए । जिसमें होटल स्टाफ के कई लोग घायल हो गए । सारी घटना होटल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई । होटल मालिक का आरोप है की उपरोक्त सभी उनके होटल को ओयो होटल का नाम देकर बदनाम कराना चाहते है । जिससे होटल बंद हो जाए । इस घटना के बाद होटल स्टाफ बुरी तरह भयभीत है । पीड़ित पक्ष ने थाना धौलाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है । वही पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# भाकियू ने बी-पैक्स कर्मियों को दी बधाइ एवं शुभकामनाएँ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष पवन हूण ने संचालक बी-पैक्स बक्सर, बी-पैक्स परिवार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली एवं समर्पण के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष पवन हूण ने कहा कि नई बी-पैक्स समिति दत्तियाना एवं पीरनगर ने ऋण



वसूली में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। साथ ही मूल बी-पैक्स बक्सर समिति ने भी 98 प्रतिशत ऋण वसूली का लक्ष्य प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत,ईमानदारी, समर्पण एवं टीम भावना का परिणाम है। सभी इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई के पात्र हैं इस अवसर पर सचिव रजत सैनी, अकाउंटेंट ओमबीर सिंह,लाल सिंह,अखिलेश शर्मा,अरूण कुमार ,योगेश यादव ,गौरव चौधरी, जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# सिंभावली पुलिस ने 25 हजार के इनामी अभियुक्त को दबोचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,सिंभावली।** जनपद के थाना सिंभावली पुलिस ने दुष्कर्म करने के मुकदमे में वांछित 25 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर के मुकदमे में फरार 25 हजार के इनामी अभियुक्त को ग्राम खडलिया नया बाईपास आईटीआई कालेज के निकट से गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया




लिया। जिसके कब्जे से अवैध असलाह बरामद किया।

थाना सिंभावली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि थाना पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने है। उन्होंने बताया कि इनामी अभियुक्त का नाम लुकमान पुत्र इरफान निवासी ग्राम राजपुर थाना सिंभावली जनपद हापुड़ है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी थी।

# धौलाना के गांव नंदपुर में बड़े धूमधाम से मनाया पूर्व सीएम अखिलेश यादव का जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** पूर्व सीएम अखिलेश यादव का धौलाना के गांव नंदपुर में पंडितों के घर पर 53, वा जन्मदिन वरिष्ठ सपा नेता व भावी प्रत्याशी धौलाना विधानसभा पंडित श्रवण शर्मा के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम से मनाते हुए 53 किलो फल

## किसान, मजदूर, छात्रों, शोषित वंचितों के मसीहा है अखिलेशः श्रवण शर्मा भावी प्रत्याशी धौलाना विधान सभा

और मिष्ठान वितरण किया गया । इस मौके पर ग्रामीण अंचल के लोग उमड़ पड़े । श्रवण शर्मा ने कहा की ढऊअ के महानायक विकास पुरुष जननायक नौजवानों पीड़ितों शोषितों वंचितों मातृ शक्ति माताओं बहिनों की बुलंद आवाज पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव का जन्म दिन मनाया




गया। वही समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने गरीबों को फल एवं गुलदाना वितरण किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार शर्मा ने की इस मौके अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आदरणीय अखिलेश यादव जी के जन्म दिवस की सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को बधाईयां प्रेषित करते हुए माननीय जी के दीघार्यु होने के लिए ईश्वर से कामना की । उन्होंने विधानसभा 2027 के लिए एकजुट होकर धरातल पर उतरकर काम करने हेतु संदेश दिया माननीय अखिलेश यादव को 2027 में मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को संकल्पित किया । इस दौरान परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य वशिष्ठ, यशपाल शर्मा, सोनू कौशिक, सचिन कौशिक, सौरभ कौशिक , ओम कार शर्मा, शेखर शर्मा, सचिन शर्मा, चिंटू शर्मा, करण शर्मा, केशव शर्मा, महेश प्रजापति, दीपक प्रजापति, दिनेश प्रजापति, आमिर खान, माजिद खान, जीशान पहलवान, पवन चौहान, सचिन चौहान, रितिक शर्मा, आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# डॉक्टर्स डेः लायन्स क्लब हापुड़ गौरव ने चिकित्सक व सीए किये सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** लायन्स क्लब हापुड़ गौरव द्वारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को भी सम्मानित किया गया।

समारोह में डॉ.आशा मिश्रा, डॉ.अनुभव डूडेजा, डॉ. अर्चना गुप्ता एवं डॉ.सीमा सिंह को चिकित्सा क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, सीए पंखुरी गोयल एवं सीए वासु त्यागी को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

क्लब अध्यक्ष रेखा सिंह कहा कि डॉक्टर और सीए दोनों ही समाज की रीढ़ हैं। एक स्वास्थ्य बचाता है तो दूसरा आर्थिक स्वास्थ्य मजबूत करता है। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष रेखा सिंह, सचिव एडवोकेट ज्योति, कोषाध्यक्ष




डॉ. आराधना बाजपेई के साथ सिमरन गोयल,पारुल जिंदल, श्रुति शर्मा, शालू ग्रोवर, ममता अरोड़ा, शिल्या त्यागी, नीरू मित्तल, ज्योति साहनी, शालिनी चौधरी, मंजू बंसल, मिली सिंघल, उर्मिला सहित क्लब की अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।

# किसानों के मुद्दों को लेकर पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर से मिले इरकान चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली ब्लॉक के गांव रझैटी निवासी भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरकान चौधरी ने नोएडा स्थित आवास पर पूर्व मंत्री एवं भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुलाकात के दौरान इरकान चौधरी ने क्षेत्र के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तार से उठाते हुए उनके समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण होना आवश्यक है। इस पर नवाब सिंह नागर ने




किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने इरकान चौधरी को पटका पहनाकर सम्मानित किया। दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र के विकास, संगठन की मजबूती तथा किसान हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

# कांवड यात्रा तैयारी : एसपी हापुड़ व बुलन्दशहर ने कांवड मार्गों व गंगा एक्सप्रेसवे का किया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,बुलन्दशहर।** आगामी कांवड यात्रा तैयारी के लिए पुलिस प्रशासन जुट

## शिव भक्तों की सुरक्षा हेतु मार्ग परिवर्तित करने पर किया विचार विमर्श

गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक हापुड़ व जिला बुलन्दशहर के पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से कांवड मार्गों व गंगा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। साथ ही दोनों अधिकारियों ने शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए मार्ग परिवर्तित करने पर विचार विमर्श किया। आपको बता दें,कि आगामी कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन जट गया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड मार्गों का निरीक्षण कर कांवड यात्रा से सम्बंधित तैयारियों का समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है।



गुरुवार को पुलिस अधीक्षक हापुड़ कुंवर ज्ञानेजय सिंह व पुलिस अधीक्षक जिला बुलन्दशहर ने संयुक्त रूप से कांवड यात्रा के मद्देनजर कांवड मार्गों व गंगा एक्सप्रेसवे का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए मार्ग परिवर्तित करने के सम्बंध में भी विचार विमर्श किया।

# हापुड़ की जिला पूर्ति अधिकारी समेत 5 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/सहारनपुर।** थाना सरसावा क्षेत्र के गांव मीरपुर सीतापुर निवासी मुनेश रानी ने अपनी ही बेटी सीमा

- मां ने लगाया जमीन हड़पने का आरोप,फर्जी रसीद व जाली हस्ताक्षर से कब्जे की साजिश
- बैंक खाते में लाखों का लेनदेन कराने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

चौधरी समेत पांच लोगों पर जमीन हड़पने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। सीमा चौधरी वर्तमान में जनपद हापुड़ में जिला पूर्ति अधिकारी के पद पर तैनात हैं। पीड़िता मुनेश रानी ने डीआईजी सहारनपुर को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी बेटी सीमा चौधरी ने चार अन्य लोगों संजीव



कुमार, राजेंद्र,गंभीर और नरेश कुमार के साथ मिलकर उनकी जमीन हड़पने की नीयत से फर्जी रसीद तैयार की। आरोप है कि रसीद पर उनके जाली हस्ताक्षर कर दिए गए। पीड़िता ने शक होने पर हस्तलेख विशेषज्ञ से हस्ताक्षरों की जांच कराई,जिसमें हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मुनेश रानी का यह भी आरोप है कि उनकी जानकारी के बिना उनके बैंक खाते में लाखों रुपये का लेनदेन कराया गया।

डीआईजी सहारनपुर के निर्देश पर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर सीमा चौधरी, संजीव कुमार, राजेंद्र, गंभीर तथा नरेश कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी देवकरण शर्मा ने बताया कि पीड़िता द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों की जांच की जा रही है। हस्ताक्षर और दस्तावेजों की फॉरेंसिक जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दौरा | डीएम ने किसानों की सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश दिये

# डीएम ने चकबंदी अंश निर्धारण हेतु दो गांवों का किया दौरा

बुलन्द सदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना।** गुरुवार को जिलाधिकारी कविता मीना ने तहसील हापुड़ व धौलाना के ग्राम चितौली तथा चिचोई का भ्रमण कर चकबंदी/अंश निर्धारण प्रक्रिया की प्रगति का

## अंश निर्धारण का कार्य पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से करने के दिये निर्देश

स्थलीय दौरा किया। साथ ही काश्तकारों से सीधे संवाद कर उनकी आपत्तियों को सुना।

जिलाधिकारी कविता मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंश निर्धारण का कार्य पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से किया जाए। प्रत्येक काश्तकार को उसकी मूल जोत के अनुपात में, मूल्यांकन के आधार पर एवं चक मार्ग-सिंचाई नाली की सुविधा के साथ चक आवंटित किया जाए।

उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों की



समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि अंश निर्धारण पर प्राप्त आपत्तियों का धारा-9, धारा-10 एवं धारा-20 के तहत समयबद्ध निस्तारण हो। कोई भी पात्र काश्तकार चक से वंचित न रहे। वरासत, बंटवारा एवं त्रुटि सुधार के मामले प्राथमिकता से निपटाए जाएं। डीएम ने निर्देश दिए कि राजस्व एवं चकबंदी टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर किसान की मौजूदगी में चक की पैमाइश कर मेड़बंदी कराएं। चक मार्ग, खलिहान, खाद के गड्ढे,आबादी एवं सार्वजनिक स्थल नियमानुसार छोड़े जाएं। गांव में मुनादी एवं चौपाल के माध्यम से किसानों को अंश निर्धारण,चक आवंटन एवं अपील की प्रक्रिया की जानकारी दी जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अंश निर्धारण में किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा यदि किसी को आपत्ति है तो लिखित रूप से दें, नियमानुसार निस्तारण होगा। इस अवसर पर धौलाना एसडीएम मनोज कुमार मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे पति के पासपोर्ट में मेरा नाम असमा खातून ( ASMA KHATOON) दर्ज है जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम आसमा परवीन ( AASMA PARVEEN) हैं। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए,आसमा परवीन पत्नी मो राशिद, निवासी - 2076/11, 7, शिवदयालपुरा, हापुड़

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

सम्पादकीय

# भारत और खाड़ी संकट का आर्थिक प्रभावः सब कुछ स्थिर और सामान्य रहा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

जब फरवरी के अंत में हवाई हमलों के कारण हॉर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया – ऐसा समुद्री मार्ग जिससे होकर दुनिया के कच्चे तेल का करीब एक-पांचवां हिस्सा और भारत के कच्चे तेल और खाना पकाने के गैस का अधिकांश हिस्सा गुजरता है – तो भारत के लिए कहानी पहले ही लिखी हुई लग रही थी। एक ऐसा देश, जो अपने कच्चे तेल का दस में से नौ हिस्सा और आधे से ज्यादा खाना पकाने के गैस का खाड़ी से आयात करता है, उसके लिए आम तौर पर यही उम्मीद की जा रही थी कि पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगेंगी, रसोई में गैस खत्म हो जाएगी, रुपये की कीमत गिरेगी और डॉलर के लिए होड़ मचेगी। लगभग चार महीने बाद, जब जलडमरूमध्य फिर से खुल गया और कच्चे तेल की आपूर्ति अपने संकट-पूर्व स्तर के करीब पहुँच गयी, तो इनमें से कुछ भी नहीं हुआ। एक भी रिटेल आउटलेट बंद नहीं हुआ। जिस भी परिवार को सिलेंडर चाहिए था, उसे सिलेंडर मिल गया। भारत को न तो 1991 जैसे और न ही 2013 जैसे हालात का सामना करना पड़ा। व्यापक आर्थिक स्थिरता बनी रही। यह कोई संयोग नहीं था और न ही यह सिर्फ किस्मत की बात थी। यह एक ऐसे सरकार का काम था, जिसने वही तरीका अपनाया, जो उसने महामारी के समय अपनाया था – जानबूझकर और धीरे-धीरे कदम उठाना, एक ही बार में कोई बड़ा या नाटकीय बदलाव करने के बजाय एक उपाय के ऊपर दूसरे उपाय को जोड़ना। पहली प्राथमिकता घर-परिवार थे। इस पूरी अवधि के दौरान, एक भी रिटेल आउटलेट का स्टॉक खत्म नहीं हुआ और हर रसोईघर में सिलेंडर मौजूद रहा। आयात से जुड़ी लागत के कारण 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1,600 रुपये से ऊपर चली गई थी, फिर भी घरों के लिए इसकी कीमत 900 रुपये के आसपास ही रखी गई और सबसे गरीब लोगों के लिए तो यह कीमत और भी कम थी। महामारी के शुरूआती महीनों की यादें एक सबक थीं, जब प्रवासी मजदूरों में मची घबराहट के कारण गांवों की ओर लौटने वालों की लहर चल पड़ी थी। वाणिज्यिक और थोक उपयोगकताओं को घरों की जरूरत को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया।

पूरी अर्थव्यवस्था को चलाने वाले ईंधन के मामले में, सरकार ने इसका बोझ खुद उठाने का फैसला किया, न कि इसे आम लोगों पर डाला। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की, जिससे उसे लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ, इसके अलावा विमानन ईंधन पर भी बोझ कम किया गया। इसके बाद तेल विपणन कंपनियों ने दो महीने से ज्यादा समय तक पंप पर कीमतें स्थिर रखीं और फिर एक बार मामूली बदलाव किया। इसके पीछे की वजह साफ हैः ऐसी अनिश्चितता के समय में, सिर्फ सरकार के पास ही जोखिम उठाने के लिए जरूरी बैलेंस शीट और समय होता है; और इसने परिवारों और कंपनियों पर असर डालने के बजाय राजकोषीय खाते पर बोझ डालने का विकल्प चुना। एयरलाइंस के लिए खास समर्थन तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण-गारंटी योजना, कोविड के दौर में अपनाए गए खास और असरदार उपायों के मॉडल पर ही आधारित थीं।

# आस्था की चौखट पर असुरक्षा

भारत की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके इतिहास, भाषाओं और परंपराओं से नहीं बनती, बल्कि उन आस्था-स्थलों से भी निर्मित होती है जिन्होंने सदियों से समाज को नैतिकता, सहअस्तित्व और सामुदायिक एकता का संदेश दिया है। मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं; वे विश्वास, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सहभागिता के जीवंत केंद्र हैं। यहां लोग केवल ईश्वर के दर्शन करने नहीं आते, बल्कि अपने सुख-दुख साझा करने, मन की शांति पाने और जीवन के संघर्षों में आशा का संबल प्राप्त करने आते हैं। यही कारण है कि जब किसी मंदिर में चोरी होती है, तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। यह करोड़ों लोगों की आस्था, सामाजिक विश्वास और सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात होता है। बीते कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दानपेटियां तोड़ने, नकदी चुराने, बहुमूल्य आभूषण गायब करने, प्राचीन मूर्तियों की तस्करी करने और धार्मिक सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। कई मामलों में अपराधियों ने आधुनिक तकनीक का उपयोग किया, जबकि कई घटनाओं में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी सामने आई। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि समाज के नैतिक मूल्यों और धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर कमी रह गई है। जिस स्थान को लोग सबसे सुरक्षित और पवित्र मानते हैं, यदि वही अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनने लगे, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है।

मंदिरों में चोरी को सामान्य संपत्ति-अपराध की श्रेणी में रखकर उसकी गंभीरता को कम नहीं आंका जा सकता। किसी दुकान, मकान या कार्यालय में चोरी आर्थिक क्षति पहुंचाती है, लेकिन मंदिर में चोरी विश्वास की जड़ों को भी कमजोर करती है। श्रद्धालु अपनी कमाई का एक हिस्सा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, सेवा और समाजहित की भावना से दान करते हैं। वे यह विश्वास रखते हैं कि उनका अर्पण धर्मार्थ कार्यों, सामाजिक सेवा और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो केवल दानपेटी खाली नहीं होती, बल्कि श्रद्धालु के मन में भी संदेह और पीड़ा जन्म लेती है। यही कारण है कि मंदिरों में चोरी की घटनाएं समाज में सामान्य अपराधों की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं।

ऐसी घटनाओं के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण नकद दान की परंपरा है। आज भी देश के अधिकांश मंदिरों में बड़ी मात्रा में नकद चढ़ावा आता है। अनेक छोटे और मध्यम मंदिरों में दान की गणना, सुरक्षित भंडारण और बैंक में जमा करने की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं होती। कई बार दानपेटियां लंबे समय तक नहीं खोली जातीं, जिससे उनमें बड़ी मात्रा में नकदी जमा हो जाती है। यह स्थिति अपराधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है।



डॉ. प्रियंका सौरभ

जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो और बड़ी मात्रा में नकद धन उपलब्ध हो, वहां अपराध की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

दूसरा महत्वपूर्ण कारण सुरक्षा व्यवस्था की अपर्याप्तता है। महानगरों के कुछ प्रसिद्ध मंदिरों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, आधुनिक अलार्म सिस्टम, रात्रि सुरक्षा, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं या तो उपलब्ध नहीं हैं या केवल औपचारिक रूप से स्थापित हैं। कई कैमरे खराब पड़े रहते हैं, रिकॉर्डिंग का बैकअप सुरक्षित नहीं होता और नियमित निगरानी भी नहीं की जाती। अपराधी इन कमियों का अध्ययन कर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देते हैं।

प्रबंधन संबंधी कमजोरियां भी ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देती हैं। अनेक मंदिरों का संचालन पारंपरिक ढंग से होता है, जहां वित्तीय जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता के स्पष्ट मानक नहीं बने हैं। दान की गणना, लेखा-जोखा, व्यय और भंडारण की प्रक्रिया कई बार व्यवस्थित नहीं होती। जहां जवाबदेही कमजोर होती है, वहां गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मामलों में चोरी बाहरी अपराधियों द्वारा नहीं, बल्कि अंदरूनी मिलीभगत से भी की जाती है। यह स्थिति अधिक चिंताजनक इसलिए है क्योंकि इससे संस्था के भीतर का विश्वास भी टूटता है।

सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां भी इस समस्या से जुड़ी हुई हैं। बेरोजगारी, नशे की लत, कर्ज का बोझ, त्वरित धन कमाने की मानसिकता और नैतिक मूल्यों का ह्रास कुछ लोगों को अपराध की ओर धकेलता है। हालांकि इन कारणों के आधार पर किसी भी अपराध का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। मंदिरों में चोरी केवल आर्थिक मजबूरी का परिणाम नहीं होती; अनेक मामलों में यह संगठित अपराध, मूर्ति तस्करी और पेशेवर गिरोहों की सुनियोजित गतिविधि होती है। विशेष रूप से प्राचीन मूर्तियों और दुर्लभ धार्मिक कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मांग भी ऐसे अपराधों को बढ़ावा देती है।

मंदिर में चोरी का सबसे गहरा प्रभाव श्रद्धालुओं की भावनाओं पर पड़ता है। जब कोई व्यक्ति अपने परिवार की खुशहाली, बच्चों के भविष्य, स्वास्थ्य या किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए श्रद्धापूर्वक दान करता है, तो वह केवल धन नहीं देता, बल्कि अपना विश्वास भी समर्पित करता है। यदि वही विश्वास असुरक्षित महसूस करने लगे तो समाज में धार्मिक संस्थाओं के प्रति संदेह बढ़ने लगता है। कई लोग दान देने से हिचकने लगते हैं, मंदिर समितियों पर प्रश्न उठने लगते हैं और स्थानीय स्तर पर आरोप-प्रत्यारोप का वातावरण बन जाता है। इस प्रकार एक चोरी केवल धन का नुकसान नहीं करती, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक एकता को भी प्रभावित करती है।

धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को केवल धार्मिक विषय मानना भी पर्याप्त नहीं है। यह सार्वजनिक नीति, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रश्न है। जिस प्रकार बैंक, संग्रहालय, विद्यालय और सार्वजनिक संस्थानों के लिए सुरक्षा के मानक निर्धारित होते हैं, उसी प्रकार मंदिरों के लिए भी न्यूनतम सुरक्षा मानक तय किए जाने चाहिए। प्रत्येक मंदिर की आय, आकार और संवेदनशीलता के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जा सकती है। बड़े मंदिरों में अत्याधुनिक निगरानी व्यवस्था, नियंत्रित प्रवेश, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और डिजिटल प्रबंधन आवश्यक है, जबकि छोटे मंदिरों में स्थानीय पुलिस, ग्राम समितियों और नागरिकों के सहयोग से प्रभावी सुरक्षा तंत्र विकसित किया जा सकता है।

आज के डिजिटल युग में तकनीक इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे, क्लाउड आधारित रिकॉर्डिंग, गति-संवेदी अलार्म, बायोमेट्रिक प्रवेश प्रणाली, स्मार्ट लॉक और आपातकालीन सूचना प्रणाली मंदिरों की सुरक्षा को मजबूत बना सकती हैं। दानपेटियों को निर्धारित समय पर ही खोला जाए और यह प्रक्रिया कम-से-कम दो या तीन जिम्मेदार व्यक्तियों की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो। नकद गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग, हस्ताक्षरित रजिस्टर और बैंक में तत्काल जमा की व्यवस्था से अनियमितताओं की संभावना काफी कम हो सकती है।

डिजिटल दान प्रणाली भी समय की आवश्यकता बन चुकी है। यूपीआई, क्यूआर कोड, नेट बैंकिंग और ऑनलाइन भुगतान जैसी व्यवस्थाएं नकदी पर निर्भरता कम कर सकती हैं। इससे चोरी का जोखिम घटेगा और दान की पारदर्शिता भी बढ़ेगी। श्रद्धालुओं को डिजिटल रसीद उपलब्ध कराई जा सकती है तथा मंदिरों की आय और व्यय का वार्षिक विवरण सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है। पारदर्शिता बढ़ने से श्रद्धालुओं का विश्वास भी मजबूत होगा और प्रबंधन की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

## सर्द हवा

ठंडी हवा चुपचाप आई
जैसे कोई पुराना मीत
बिना सूचना के चुपके से
दिल में उतर आया हो।
पेड़ों ने अपनी पत्तियों से
उसका हाल पूछा,
हवा ने मुस्कुराकर
धीरे-धीरे हाथ सहलाया ।
गुन गुनी धूप ने
अपनी नरम हथेली
धरती के ठंडे माथे पर
बहुत धीरे से रख दी।
एक चिड़िया
आकाश से थोड़ा-सा
नीला रंग छुपा लाई,
और नदी ने उसे
अपने जल में सहेज लिया।
बारिश की पहली बूँद
मिट्टी के भीतर सोई हुई
स्मृतियों को जगाती रही,
जैसे माँ
बच्चे के बालों पर हाथ फेरती ।
मौसम करवट लेता रहा,
पर हर बार
मनुष्य के भीतर बची हुई करुणा को
थोड़ा-सा हरा कर जाता है।
हवा अभी भी बहुत शीतल
धीरे-धीरे नदिया के साथ
पानी की तरंगों के
ऊपर बहती रही
मानो कोई
संवेदना की परत
भोली कविता के साथ
मन में बहा रही हो।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# जहाँ नाक बंद होती है,वहीं स्वच्छ भारत के दावे खुल जाते हैं

स्वच्छता किसी राष्ट्र का श्रृंगार नहीं, उसका चरित्र है। किसी देश की असली पहचान संसद, मेट्रो या एक्सप्रेस-वे नहीं, बल्कि वह सार्वजनिक शौचालय है जहाँ सामान्य नागरिक बिना भय, घृणा या नाक सिकोड़े प्रवेश कर सके। पिछले एक दशक में स्वच्छ भारत मिशन जनांदोलन और विकास का प्रतीक बना, लेकिन बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, बाजारों, पार्कों और राजमार्गों के अधिकांश सरकारी शौचालय इस दावे की सबसे कड़वी सच्चाई हैं। वहाँ प्रवेश करते ही पहले नाक, फिर आँखें बंद करनी पड़ती हैं। यह केवल दुर्गंध नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की विफलता है जिसने शौचालय बनाना उपलब्धि माना, पर उन्हें स्वच्छ रखना जिम्मेदारी नहीं समझा। स्वच्छ भारत अभियान की असली परीक्षा सार्वजनिक शौचालयों में होती है, और सबसे बड़ी विफलता भी वहीं दिखाई देती है।

यह कहना अन्याय होगा कि स्वच्छ भारत मिशन ने कुछ नहीं किया। इसकी उपलब्धियाँ उल्लेखनीय हैं। 2014 में ग्रामीण भारत में शौचालय कवरेज लगभग 39 प्रतिशत था, जो अब सरकारी आंकड़ों के अनुसार 95 प्रतिशत से अधिक हो गया है। 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालय बने, 6 लाख से अधिक गाँव और हजारों शहर ओडीएफ घोषित हुए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, बेहतर स्वच्छता से



प्रो. आरके जैन अरिजीत

डायरिया से होने वाली मौतें घटीं और लाखों परिवारों का स्वास्थ्य व्यय कम हुआ। यह निश्चित ही बड़ी उपलब्धि है। लेकिन क्या स्वच्छता घर की चौखट पर ही समाप्त हो जाती है? क्या घर से बाहर निकलते ही नागरिक की गरिमा अप्रासंगिक हो जाती है? घरों में शौचालय बनाकर आधी लड़ाई जीती गई, मगर सार्वजनिक शौचालयों की बदहाली ने इस सफलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया।

यही वह विरोधाभास है जो स्वच्छ भारत मिशन की चमक फीकी कर देता है। जनाग्रह और अन्य संस्थाओं के सर्वे बताते हैं कि बड़े शहरों के अधिकांश सार्वजनिक शौचालय भी पानी, नियमित सफाई, पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। कई महीनों से बंद पड़े हैं, कई जर्जर हो चुके हैं और अनेक ठेकेदारों की लापरवाही व प्रशासनिक उदासीनता के कारण उपयोग योग्य नहीं बचे। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और राष्ट्रीय राजमार्गों के शौचालय यात्रियों की मजबूरी हैं, सुविधा नहीं। यह संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि उस सरकारी सोच का परिणाम है जो शौचालय के उद्घाटन को उपलब्धि मानती है, रखरखाव को नहीं। शौचालय बनते हैं, फीते कटते हैं, तस्वीरें खिंचती हैं, रिपोर्टें बनती हैं और फिर वे धीरे-धीरे गंदगी के हवाले कर दिए जाते हैं।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** – एक्सीडेंट, विवाद और क्रोध में खुद को शारीरिक हानि दे सकते हैं, विचलित ना रहे, छोटे बच्चे को किसी के घर खेलने ना भेजे, विवाह की रूकावटे परेशान कर सकती हैं। भाग्य प्रतिशत-49

**वृषभ** – सरकारी नौकरी में स्पष्टीकरण देना पड़ सकता हैं, प्राइवेट नौकरी लग सकती है, ज्ञान, अध्यात्म, ज्योतिष कार्य से आमदनी होगी, व्यवसाय में उधार देने से बचें। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन** – किसी से मन में शत्रुता ना पाले, किसी परीक्षा की तैयारी में आत्मविश्वास कम होगा, परिवार जन के लिए डॉक्टर के चेकअप करवा सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-47

**कर्क** – फालतू समय सोचने और मित्रों के साथ गंवाने से बचें, परिश्रम का सही फल अटकने से खुद से नाराज रह सकते हैं, लेनदेन करते समय सावधानी रखें। भाग्य प्रतिशत-48

**सिंह** – विदेश में इन्वेस्टमेंट, घर से दूर शिफ्ट होना, सम्भव हैं, प्रोपर्टी लेते समय घपला हो सकता है बचें, स्वभाव बदलता रहेगा। भाग्य प्रतिशत-54

**कन्या** – खेल के क्षेत्र में फिटनेस समस्या सम्भव हैं, किसी कागजी कार्यवाही में मुश्किल आ सकती है, मित्रों से मुलाकात सुकून देगी, नए शौक के प्रति रुझान बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**तुला** – अपनी बोली से खुद के विरोधी खड़े कर सकते हैं, परिवार में विचारधारा की लड़ाई सम्भव हैं, कोई शो या मूवी देखने जा सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-52

**वृश्चिक** – पैसे मिलेंगे तो चिंता नहीं होगी काम चलेगा, सही जगह पैसे लगा सकेंगे, गर्मी के प्रकोप से बचें, अस्थमा, शारीरिक समस्या सम्भव हैं ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-56

**धनु** – खर्चा बढ़ेगा,यात्रा का भी समय हैं, गहरे जल के पास जाना,ऊंचाई से कूदना जैसे कार्य ना करें। भाग्य प्रतिशत-53

**मकर** – जीवन साथी से वैचारिक मतभेद ना बढ़ाए, मनोरंजन, प्रोप्टी, कमोडिटी, कंसल्टेशन, स्त्री प्रसाधन कार्य में प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-58

**कुंभ** – काम भी खूब करना पड़ेगा, और स्वास्थ्य भी प्रभावित रह सकता है, बच्चों को लेकर सोच विचार बढ़ेगा, कुछ करना चाह रहे हैं इसलिए बेचैनी अनुभव होगी। भाग्य प्रतिशत-53

**मीन** – मन भटकता रहेगा, प्रेम में भी सहारा नहीं मिलेगा, जीवन अधूरा लग सकता है, गुरु से सलाह कर सकते हैं, प्रोप्टी सुख में परेशानी आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# आधुनिकता का यह कैसा आक्रोश ?



अशोक भाटिया

आज हमारा समाज एक अत्यंत संवेदनशील, जटिल और अभूर्व सामाजिक-मनोवैज्ञानिक बदलाव के चौराहे पर खड़ा है। पिछले कुछ समय में देश के विभिन्न हिस्सों से महिलाओं द्वारा किए जाने वाले हिंसक अपराधों, घरेलू विवादों में आक्रामकता और गंभीर वारदातों में उनकी संलिप्तता की घटनाओं में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिली है। यह बदलाव उस पारंपरिक भारतीय समाज के लिए एक बड़ा वैचारिक झटका है, जिसने सदियों से महिलाओं को सहज रूप से सहनशीलता, करुणा, त्याग और धैर्य के सर्वोच्च प्रतीक के रूप में देखा और परिभाषित किया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि ममता और संवेदनशीलता की प्रतिमूर्ति मानी जाने वाली आधी आबादी का एक हिस्सा आज इतनी हिंसक और आक्रामक प्रवृत्तियों की ओर क्यों बढ़ रहा है? क्या यह आधुनिकता का कोई विकृत रूप है, या फिर हमारे बीमार होते सामाजिक ढांचे की कोई गहरी गूंज?

इस आक्रामकता के मूल कारणों की पड़ताल करें, तो इसका सबसे पहला और मुख्य सिरा आधुनिक जीवनशैली के अत्यधिक मानसिक तनाव और 'वर्क-लाइफ' के असंतुलन से जुड़ता है। आज की महिला एक ऐतिहासिक संक्रमण काल से गुजर रही है। वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने के लिए कार्यस्थल पर पुरुषों के साथ कठिन प्रतिस्पर्धा कर रही है और करियर की ऊंचाइयों को छू रही है। लेकिन विडंबना यह है कि बाहर की इस आधुनिकता के बावजूद, घर के भीतर का सामाजिक ढांचा आज भी काफी हद तक पारंपरिक ही है। कामकाजी होने के बाद भी समाज यह उम्मीद करता है कि वह घर के चूल्हे-चौके, बच्चों की परवरिश और बुजुर्गों की देखभाल की जिम्मेदारी भी उतनी ही परफेक्शन के साथ निभाए। हर मोर्चे पर खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने और 'सुपरवुमन' बनने का यह निरंतर सामाजिक व पारिवारिक दबाव महिलाओं को भीतर ही भीतर खोखला कर रहा है। समय की कमी, भरपूर नींद न आना और लगातार थकान मिलकर एक ऐसा मानसिक फ्रस्ट्रेशन (कुंठा) पैदा करते हैं, जो उचित 'एंगर मैनेजमेंट' (क्रोध प्रबंधन) न होने पर अचानक तीव्र गुस्से और हिंसक व्यवहार के रूप में फूट पड़ता है। हाल ही में पुणे (पूना) के लोहागढ़ किले में मंगेतर केतन अग्रवाल की गहरी खाई में धकेलकर की गई जघन्य हत्या के मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में मंगेतर (जिसकी पहचान मीडिया व सामाजिक विमर्शों में केतन अग्रवाल हत्याकांड के रूप में चर्चित है) ने अपने प्रेमी चेतन चौधरी के साथ मिलकर, सामाजिक-पारिवारिक दबाव और शादी से पीछे न हट पाने के चलते, ठंडे दिमाग से हत्या की साजिश रची और उसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की। ठीक इसी तरह, भोपाल के हाई-प्रोफाइल ससुराल में प्रताड़ना के बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत की घटना, और भोपाल में ही दो सगी बहनों द्वारा अन्य लड़कियों को ब्लैकमेलिंग व शोषण के आपराधिक जाल में धकेलने का मामला भी सामने आया है।

महाराष्ट्र (बीड): नशे की लत से परेशान होकर नसरीन नामक महिला ने अपने पति शरीफ पठान की तार से गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने इसे स्वाभाविक मौत बताने के लिए हार्ट अटैक की झूठी कहानी गढ़ी, जिसे पुलिस ने पूछताछ में उजागर कर दिया। तेलंगाना (महबूबनगर): एक महिला (कविता) ने अपने 38 वर्षीय पति नागेश की सोते समय चाकू से बेरहमी से हत्या कर दी। चीखें सुनकर दौड़े पड़ोसियों और बेटे की आंखों के सामने हुए इस मर्डर के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। मध्य प्रदेश (इंदौर/धार): एक पत्नी (प्रियंका) ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति देवकृष्ण की हत्या की खौफनाक साजिश रची। पहले इसे लूटपाट का रूप दिया गया, लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि पत्नी ने प्रेमी के माध्यम से हत्यारों को 1 लाख रुपये की सुपारी दी थी। उत्तर प्रदेश (बागपत): एक महिला ने अपने कथित प्रेमी के साथ मिलकर पति को नींद की गोलियां दीं और फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इलाज के दौरान पति की मौत के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।ये घटनाएं यह साबित करती हैं कि जब नैतिक व्यवस्था बिखरती है, तो अपराध और आक्रामकता का कोई जेंडर नहीं रह जाता। जहाँ एक तरफ महिलाएं आज भी बर्बर घरेलू हिंसा का शिकार हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ महिलाओं द्वारा विवादों से निकलने या अपनी राह का रोड़ा हटाने के लिए कत्ल और साजिश जैसे जघन्य रास्तों को चुनना यह दिखाता है कि समाज में सहिष्णुता और संवाद की जगह अब खतरनाक आक्रामकता ले रही है। इस सामाजिक बदलाव की पुष्टि केवल धारणाओं से नहीं, बल्कि देश के आधिकारिक आंकड़ों से भी होती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट पर नजर डालें, तो भारत की जेलों में बंद महिला कैदियों (विचाराधीन और दोषी दोनों) की संख्या में पिछले दो दशकों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2000 में जहाँ जेलों में महिला कैदियों की संख्या 9,089 थी, वहीं यह संख्या अब बढ़कर 23,700 से अधिक हो चुकी है। यानी इस अवधि में महिला कैदियों की संख्या में करीब 162% की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि इसी दौरान देश की कुल आबादी महज 30% के आसपास बढ़ी है। हालांकि कुल अपराधियों में महिलाओं की संख्या अब भी पुरुषों की तुलना में बेहद कम (करीब 4 से 6 प्रतिशत) है, लेकिन अपराध के ग्राफ में उनकी संख्या बढ़ने की यह रफ्तार बेहद डराने वाली है।

इतना ही नहीं, समाजशास्त्रियों के लिए सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अपराधों की प्रकृति भी बदल रही है। पहले जहाँ महिलाएं ज्यादातर छोटे-मोटे घरेलू विवादों या विवशतावश किए गए छोटे अपराधों में संलिप्त पाई जाती थीं, वहीं अब गंभीर चोट पहुँचाने , हत्या और धोखाधड़ी जैसे गंभीर व हिंसक अपराधों के तहत महिलाओं की गिरफ्तारियां बढ़ी हैं। यह इस बात का सीधा प्रमाण है कि महिलाओं के भीतर का अवसाद और तनाव अब कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले गंभीर आक्रोश में तब्दील हो रहा है। एक अन्य सामाजिक कारण संयुक्त परिवारों का तेजी से टूटना और एकल परिवारों का बढ़ना है। आज के एकल परिवारों में महिलाएं पूरी तरह अकेली हो चुकी हैं। उनके पास अपनी भावनाएं, अपनी असुरक्षाएं और अपना रोना रोने के लिए कोई भरोसेमंद कंधा या सामाजिक 'वेंटिलेशन' (निकासी का रास्ता) नहीं है।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लगायें 53 पौधे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री



अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिन के अवसर पर सभासद प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रदीप शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी भी है। इसलिए हम सभी को पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी तय करनी है। प्रदीप शर्मा ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ पर सक्रिय होकर संगठन को मजबूत बनाना चाहिए। बूथ स्तर पर मजबूती ही पार्टी की सफलता का आधार है और कार्यकताओं की मेहनत से ही प्रदेश में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर दुश्यंत यादव, राहुल राणा, रहिसुद्दीन, सलमान, बबलू कौशिक, कृष्णापाल, विनीत, राजीव कुमार, प्रीति, राजेश, सुमित, आदित्य, अक्षय तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# अभिभावकों के आक्रोश के बाद जागा प्रशासन, शुरू हुआ काम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** हापुड़ रोड रेलवे फाटक पर निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज के दौरान बनाई गई अस्थायी सड़क बुधवार सुबह हुई बारिश के बाद कीचड़ और फिसलन से भर गई। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, अभिभावकों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा मामला उठाए जाने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और सड़क की स्थिति सुधारने का कार्य शुरू कराया। हापुड़ रोड रेलवे फाटक पर लंबे समय से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते यातायात संचालन के लिए दोनों ओर अस्थायी सड़क बनाई गई है। पुल के पिलरों के निर्माण के लिए मुख्य सड़क के बीच में बड़े पैमाने पर खुदाई की गई है। बुधवार सुबह हुई बारिश के कारण खुदाई से निकली मिट्टी



बहकर अस्थायी मार्ग पर फैल गई और सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई। इस मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक स्कूल संचालित हैं। जहां प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं आते-जाते हैं। बुधवार सुबह स्कूल खुलने के समय बच्चों और अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई दोपहिया वाहन कीचड़ में फिसल गए, जिससे कुछ लोग चोटिल भी हुए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक इंतजाम किए गए होते तो ऐसी स्थिति पैदा नहीं होती। अभिभावकों ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताते हुए कहा कि डेढ़ माह की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान निर्माण स्थल के आसपास बेहतर वैकल्पिक मार्ग और जल निकासी की व्यवस्था की जा सकती थी। उनका कहना था कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा यह विषय संबंधित विभागों की प्राथमिकता में होना चाहिए था। कई अभिभावकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज निर्माण क्षेत्र में धूल, कीचड़ और जाम की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बरसात के मौसम में यह परेशानी और बढ़ जाती है। लोगों ने मांग की है कि निर्माणदायी संस्था और संबंधित विभाग नियमित रूप से सड़क की सफाई, जल निकासी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि आम जनता को राहत मिल सके। सोशल मीडिया पर मामला तूल पकड़ने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने प्रभावित मार्ग पर कीचड़ हटाने और आवागमन सुचारु करने का कार्य शुरू करा दिया।

# शहीद सम्मान की मांग को प्रशासन तक पहुंचाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** शहीदों को संरक्षित संस्था मातृभूमि सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ और सीडीओ कुमार सौरभ से मुलाकात कर अतरौली गांव के अमर शहीदों के सम्मान से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को गुमनाम क्रांतिकारी पुस्तक भी भेंट की। भेंटवार्ता के दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने मांग उठाई कि ग्राम अतरौली में पूर्व में निर्मित मुख्य द्वार को आधिकारिक रूप से शहीद स्मृति द्वार घोषित किया जाए तथा गांव में शहीद स्मारक का निर्माण कराया जाए। ताकि आने वाली पीढ़ियों को देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के योगदान की जानकारी मिल सके। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे अध्यक्ष विकास भारतीय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले अनेक क्रांतिकारियों एवं शहीदों का



इतिहास आज भी आम जनमानस तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाया है। ऐसे में उनके सम्मान और स्मृतियों के संरक्षण के लिए ठोस प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। विकास भारतीय ने बताया कि मुलाकात के दौरान जिलाधिकारी ने शहीदों के सम्मान से जुड़े प्रस्तावों पर विचार करने का आश्वासन दिया। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने भी संबंधित मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा जताया। प्रतिनिधिमंडल में विकास भारतीय, आशुतोष सक्सेना, भव्य सिसोदिया, पवन चौधरी और प्रदीप पांडे शामिल रहे।

# नया विद्युत पोल लगा,लेकिन खतरा अब भी बरकरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** बेगमाबाद के बड़ा बाजार क्षेत्र में जर्जर विद्युत पोल को लेकर करीब एक माह पूर्व उठी चिंता के बाद विद्युत विभाग ने नया सीमेंटेड पोल तो स्थापित कर दिया, लेकिन अब तक पुराने पोल पर लगे विद्युत तारों को नए पोल पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। साथ ही क्षतिग्रस्त और जर्जर पोल को भी मौके से नहीं हटाया गया है। विभाग की इस अधूरी कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी के साथ-साथ भय का माहौल बना हुआ है। गौरतलब है कि बड़ा बाजार में संजय समोसे वाले की दुकान के सामने स्थित लोहे का विद्युत पोल नीचे से पूरी तरह जर्जर होकर सड़क की ओर झुक गया था। क्षेत्रवासियों द्वारा हादसे की आशंका जताए जाने के बाद समाचार प्रकाशित हुआ था, जिसके कुछ दिनों बाद विभाग ने पास में नया सीमेंटेड पोल लगा दिया। हालांकि इसके बाद कार्य आगे नहीं बढ़ सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि नया पोल लगाए जाने के बावजूद विद्युत



लाइनें आज भी पुराने जर्जर पोल के सहारे टिकी हुई हैं। ऐसे में कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। बाजार क्षेत्र होने के कारण यहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है, जबकि यह मार्ग आसपास के कई गांवों को भी जोड़ता है। व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि यदि तेज बारिश, आंधी या किसी अन्य कारण से पोल गिर गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि विभाग ने केवल औपचारिकता निभाते हुए नया पोल लगा दिया, लेकिन वास्तविक समस्या का समाधान अब तक नहीं किया गया। लोगों ने मांग की है कि विद्युत विभाग तत्काल तारों को नए पोल पर शिफ्ट कर पुराने जर्जर पोल को हटाए, ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

**किसी बड़े हादसे का इंतजार नहीं, समाधान चाहिए : उमेश चौधरी**

स्थानीय निवासी एवं व्यापारी उमेश चौधरी का कहना है कि विभाग द्वारा नया पोल लगाने के बाद उम्मीद जगी थी कि जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। लेकिन कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। जबकि क्षेत्र के अधिकारी से कई बार इसकी गुहार लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी किसी बड़े हादसे का इंतजार नहीं, बल्कि समय रहते समाधान चाहते हैं।

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग-एमएसएमई देश के राष्ट्र निर्माता समस्याओं का होगा समयबद्ध समाधानः जिलाधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग दिवस के उपलक्ष्य में फॉर्च्यून इन ग्राजिया के प्रांगण में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) गाजियाबाद चैप्टर द्वारा एक महत्वपूर्ण संवाद बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय श्री रविन्द्र कुमार मांदड़ (आईएएस) ने की। मंच का कुशल संचालन श्री हर्ष अग्रवाल द्वारा किया गया, जिसके बाद अधिकारियों और उद्यमियों के बीच औपचारिक परिचय सत्र संपन्न हुआ। द्रुतगामी मार्ग के किनारे बन रहे नए औद्योगिक क्षेत्र-जिलाधिकारी बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार की दूरगामी औद्योगिक नीतियों की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार जिले के विभिन्न द्रुतगामी मार्गों (एक्सप्रेस-वे) के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है, ताकि द्रुतगामी मार्ग के बिल्कुल नजदीक आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र बनाए जा सकें। इसी कड़ी में उन्होंने जानकारी देते हुए कहा, ह्यह्यमोदीनगर-निवाड़ी क्षेत्र में हम बहुत जल्द एक नया औद्योगिक क्षेत्र प्रारंभ करने जा रहे हैं।



जिलाधिकारी की इस बात का स्वागत करते हुए आईआईए के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंघल ने प्रशासन के समक्ष एक महत्वपूर्ण नीतिगत सुझाव रखा। उन्होंने अनुरोध किया कि इस नए औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए फ्री-होल्ड (स्वामित्व अधिकार) भूमि आवंटन का नियम भी शामिल होना चाहिए, जिससे उद्यमियों को मालिकाना हक मिल सके और निवेश में आसानी हो।

एमएसएमई उद्योग देश के असली राष्ट्र निमार्ता, समस्याओं पर ऐतिहासिक निर्णयबैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा, ह्यह्यसूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग देश के असली राष्ट्र निमार्ता हैं। उन्होंने गाजियाबाद के औद्योगिक निवेश को सुरक्षित रखने के लिए कई बड़े निर्णय लिए नीति एवं सहायता राशि रोस्टरः औद्योगिक नीति और विभिन्न सरकारी सहायता राशि (सब्सिडी) की छूट की जानकारी जमीनी स्तर तक पहुँचाने के लिए एक क्षेत्रवार रोस्टर बनाया जाएगा, जिसे उपायुक्त उद्योग के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। लंबित बैंक गारंटीः ५ वर्ष या उससे अधिक समय से लंबित बैंक गारंटियों की मुक्ति के लिए जिलाधिकारी अपने स्तर से संबंधित विभागों को आधिकारिक पत्र भेजेंगे।चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधाएंः राज्य कर्मचारी बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ लोनी क्षेत्र में नया राज्य कर्मचारी बीमा निगम औषधालय (डिस्पेंसरी) खोले जाने का आश्वासन दिया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) नोटिस पर राहतः गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा निजी औद्योगिक क्षेत्रों की दशकों पुरानी इकाइयों को भेजे जा रहे नोटिसों के संबंध में आवश्यक और तर्कसंगत निर्णय लिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने उद्यमियों को भरोसा दिया कि किसी भी गंभीर समस्या के समाधान के लिए वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं, जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक की प्रतीक्षा की आवश्यकता नहीं है। वे 24 घण्टे समस्याओं के समाधान तथा सुझावों के कार्यान्वयन हेतु हमेशा तत्पर हैं।

# औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों के सम्मानजनक आवास की नीति भी आवश्यकः डॉ.रंजन तोमर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एवं यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र को देश के सबसे बड़े औद्योगिक एवं निवेश केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। करोड़ों रुपये के निवेश और लाखों रोजगार सृजित होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन इन उद्योगों में कार्य करने वाले श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए सम्मानजनक और किफायती आवास की व्यवस्था को लेकर अभी तक कोई स्पष्ट नीति सामने नहीं आई है।

इसी विषय पर अधिवक्ता, आरटीआई कार्यकर्ता एवं नोवरा (NOVRA) अध्यक्ष डॉ. रंजन तोमर द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA) से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी गई। आरटीआई में पूछा गया था कि क्या औद्योगिक श्रमिकों के लिए कोई विशेष आवासीय योजना बनाई जा रही है, क्या कम लागत वाले श्रमिक आवास विकसित किए जाएंगे तथा क्या उद्योगों को अपने कर्मचारियों के लिए आवास विकसित करने की अनुमति देने वाली कोई नीति प्राधिकरण के पास है। प्राधिकरण द्वारा दिए गए उत्तर में केवल ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के निर्माण का उल्लेख किया गया, जबकि आरटीआई में उठाए गए मूल प्रश्नों का स्पष्ट और बिंदुवार उत्तर नहीं दिया गया। विशेष रूप से यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि उद्योगों में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए कोई समर्पित आवास नीति अथवा उद्योगों द्वारा कर्मचारी आवास विकसित करने संबंधी कोई प्रावधान मौजूद है या नहीं। इससे औद्योगिक श्रमिकों के आवास को लेकर एक्छ्ध की दीर्घकालिक योजना पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं।

डॉ. रंजन तोमर ने कहा कि हाल ही में नोएडा में श्रमिकों का विरोध प्रदर्शन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि श्रमिकों के लिए सम्मानजनक एवं किफायती आवास की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

**RTI के जवाब से औद्योगिक श्रमिकों के आवास को लेकर EIDA की नीति पर उठे गंभीर सवाल**

अत्यधिक किराया, कार्यस्थलों से लंबी दूरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने की मजबूरी जैसी परिस्थितियों ने श्रमिकों के सामने अनेक व्यावहारिक कठिनाइयाँ खड़ी कर दी हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र में भी ऐसी ही परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक्छ्ध को नोएडा के अनुभवों से सीख लेते हुए अभी से एक व्यापक और दूरदर्शी श्रमिक आवास नीति तैयार करनी चाहिए। इस नीति के अंतर्गत बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में किफायती किराये के आवास, श्रमिक हॉस्टल, डॉर्मिटरी तथा उद्योगों को अपने कर्मचारियों के लिए आवास विकसित करने की स्पष्ट अनुमति एवं दिशा-निर्देश दिए जाने चाहिए।

# पति ने पत्नी को बेरहमी से पीट कर किया घायल कर पत्नी को छत से फेंकने का किया प्रयास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगर की ब्रजविहार कॉलोनी में एक बेरहम पति ने अपनी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं बेरहम पति का अपनी पत्नी को पीटने से जी नहीं भरा मारपीट करने के बाद पति ने अपनी पत्नी को छत से फेंकने का भी प्रयास किया, पड़ोसियों के मौके पर पहुंचने के कारण आरोपी पति पत्नी को चैट से नीचे नहीं फेंक पाया। पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर की ब्रजविहार कॉलोनी निवासी मोनिका शर्मा का आरोप है कि देर रात पति नितेश शर्मा आया और मेरे व मेरे बेटे के साथ मारपीट करनी कर दी। इतना ही नहीं मेरे पति ने मुझे छत से फेंकने का भी प्रयास किया। किसी तरह पड़ोसियों के आने पर ऐसा नहीं हो सका। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति नितेश शर्मा निवासी ब्रजविहार कॉलोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



# के.सी.त्यागी को संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने पर हापुड़ के रालोद कार्यकर्ताओं में उत्साह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवंकेंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा पार्टी केसंसदीय बोर्ड के गठन और वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद के.सी. त्यागी कोअध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जनपद हापुड़ के रालोद कार्यकताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। हापुड़ रालोद के युवा कद्दावर नेता और पिलखुवा नगराध्यक्ष एड प्रशांत प्रकाश शर्मा ने पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि श्री त्यागी को संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने हापुड़ का सम्मान बढ़ाया है। क्योंकि वे हमारे सांसद रह चुके है । प्रशांत ने कहा कि इस निर्णय से हापुड़ के पार्टी कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। के.सी. त्यागी खांटी नेता है । और ग्रामीण अंचल के लोगों में उनकी मजबूत पकड़ है।

उनका राजनीतिकएवं संसदीय अनुभव अत्यंत समृद्धरहा है। उन्होंने विभिन्न संवैधानिक और राजनीतिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उनके नेतृत्व और अनुभव का लाभ निश्चित रूप से राष्ट्रीय लोक दल को मिलेगा तथा हापुड़ संगठन और अधिक



मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के संसदीय बोर्ड में रालोद के अनुभवी, समर्पित और निष्ठावान नेताओं को स्थान दिया गया है, जिससे संगठनात्मक क्षमता और संसदीय रणनीति को नई मजबूती मिलेगी। यह निर्णय पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रशांत प्रकाश शर्मा ने कहा कि के.सी. त्यागी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के मार्गदर्शन में की थी। उन्होंने किसानों, ग्रामीण भारत और लोकतांत्रिक मूल्यों की राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी है। संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में वे चौधरी चरण सिंह के विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को नई दिशा देने का कार्य करेंगे।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जयंत चौधरी के नेतृत्व और के.सी. त्यागी के अनुभव के समन्वय से राष्ट्रीय लोक दल आने वाले समय में संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होकर किसानों, युवाओं, मजदूरों तथा समाज के सभी वर्गों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाएगा।

**कार्यकर्ता सम्मेलन** "डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्रभक्ति की अमर प्रेरणा : सुरेश राणा"

# भव्य स्वागत के बीच बुलंदशहर पहुंचे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा,जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन को दी नई ऊर्जा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा के बुलंदशहर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने दिल्ली रोड स्थित अभिनंदन वाटर पार्क के सामने गर्मजोशी एवं उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। ढोल नगाड़ा आतिशबाजी व पुष्पमालाओं एवं नारों के बीच कार्यकताओं ने उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत नवदीप प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा (पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे, जहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्य अतिथि के नाते संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने की तथा संचालन अभियान संयोजक जिला महामंत्री नीरज चौधरी व अभियान सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया, सदर विधायक प्रदीप चौधरी, स्याना विधायक देवेंद्र लोधी, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह, पूर्व विधायक अनीता लोधी, विजेंद्र खटीक, नगर पालिका अध्यक्ष शिकारपुर राजबाला सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष डिबाई अरुण कुमार, ब्लॉक प्रमुख अतुल कुमार सिंह आदेश चौधरी संदीप चौहान आनंद लोधी की गरिमा में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।





मुख्य अतिथि सुरेश राणा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और अखंड भारत के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है और यही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प साकार होगा।अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य पूंजी है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व का पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ निर्वहन करना ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने सभी कार्यकताओं से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी ऊर्जा के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा राष्ट्रसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अभियान संयोजक जिला महामंत्री नीरज चौधरी, सहसंयोजक जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, सहसंयोजक जिला मंत्री दिव्यांश त्यागी ,ऋषभ पंडित ,जिला महामंत्री संतोष वाल्मीकि, दीपक दूल्हेरा, जिला उपाध्यक्ष भक्तोष गुर्जर ,हितेश गर्ग, कुलदीप चौधरी, लोकेंद्र चौधरी, रीता लोधी, जिला मंत्री मोहित मावी, कुमारी संतोष राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष अनिल गोयल ,जिला मीडिया प्रभारी अभिनव वर्मा, जिला सोशल मीडिया संयोजक गौरव ठाकुर, दुर्गेश गुर्जर ,मंडल अध्यक्ष भीष्म सिसोदिया, बिल्लू पंडित, केशव चौधरी ,कृष्णपाल सिंह, संदीप त्यागी, सचिन शर्मा ,मयंक वार्ष्णेय, कुलदीप सिंह, दीपक चौहान ,मोहित कपासिया, टिनी भाटी, राजीव सैनी, त्रिवेश गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री केपी सिंह, नवीन शर्मा ,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शशि शर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री कल्पना वर्मा पूर्व जिला पदाधिकारी संजय गुर्जर, अजय त्यागी ,दीपक ऋषि, नागेंद्र प्रधान, अरविंद दीक्षित ,ऊषा बंसल ,कमल मकवाना, मंडल प्रभारी ,कार्यक्रम मंडल संयोजक मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान संघर्ष महापंचायत: किसान नेता डॉ दिग्विजय भाटी की जिलाबदर कार्रवाई किसानों की आवाज दबाने की साजिश: मुखिया गुर्जर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** उत्तर प्रदेश की किसान संघर्ष महापंचायत में पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल,पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर ने 2019 के फर्जी ऑनर किलिंग कांड का हवाला देकर किसान नेता डॉ दिग्विजय भाटी की जिलाबदर कार्रवाई को बताया किसानों की आवाज दबाने की साजिश बताया है।

बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन के नेता डॉ. दिग्विजय भाटी को जिलाबदर किए जाने के विरोध में हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मंगरौला स्थित गंगा एक्सप्रेसवे पुल के नीचे एक विशाल किसान संघर्ष महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचे क्षेत्र के किसानों, नौजवानों और गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर ने अमरोहा पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लगाए। उन्होंने आरोप लगाया







कि गांव, किसान, खेतिहर मजदूरों और औद्योगिक गलियारे से जुड़े भूमि विवादों जैसे जनहित के मुद्दों को प्रखरता से उठाने वाले किसान नेता डॉ. दिग्विजय भाटी पर यह दमनकारी कार्रवाई असल में क्षेत्र के किसानों की आवाज को दबाने का एक सोचा-समझा प्रशासनिक प्रयास है। मुखिया गुर्जर ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए स्पष्ट कहा कि जिलाबदर की इस कार्रवाई पर उचित निर्णय लेने के लिए प्रशासन को 15 दिनों का समय दिया जाता है, यदि इस अवधि में कार्रवाई वापस नहीं हुई तो संगठन लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आगे की रणनीति तय करेगा और वह स्वयं डॉ. भाटी के साथ हसनपुर विधानसभा में प्रवेश कर व्यापक आंदोलन चलाएंगे। प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए मुख्य अतिथि मुखिया गुर्जर ने वर्ष 2019 में थाना आदमपुर क्षेत्र के एक चर्चित फर्जी ऑनर किलिंग कांड का उदाहरण भी पेश किया। उन्होंने कहा कि अमरोहा की पुलिस द्वेष भावना और षड्यंत्र के तहत किसी भी निर्दोष को अपराधी घोषित कर जेल भेज सकती है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण तत्कालीन आदमपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार शर्मा द्वारा एक जीवित किशोरी को मृत दर्शाकर उसके पिता, भाई और रिश्तेदार को हत्या के झूठे आरोप में जेल भेजना था, जो करीब 15 महीने बाद जीवित मिली थी। इस मामले में माननीय हाईकोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब मुख्य आरोपी तत्कालीन इंस्पेक्टर अशोक कुमार शर्मा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है और न्यायालय से उनकी कुर्की की अनुमति लेने की तैयारी चल रही है।

# इस वर्ष अमरोहा जनपद के आमों का स्वाद दुबई जर्मनी फ्रांस इंग्लैंड के साथ-साथ मलेशिया के लोग भी ले सकेंगें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** इस वर्ष अमरोहा जनपद के आमों का स्वाद दुबई जर्मनी फ्रांस इंग्लैंड के साथ-साथ मलेशिया के लोग भी ले सकेंगें। अमरोहा के आम निर्यातकों को विदेशों से आर्डर मिलना आरम्भ हो गए हैं जिस में अमरोहा नगर के प्रसिद्ध निर्यातक और उत्तरप्रदेश मेंगो निर्यातक एसोसिशन के अध्यक्ष नदीम सिद्दीकी को अब तक 250 टन आमों के निर्यात का आर्डर मिला है जिस में लंगड़ा ,चौसा ,दसहेरी और सरौली जैसे अमरोहा के आमों का निर्यात किया जाएगा। इस प्रकार देश और प्रदेश को लाखों रूपए की विदेशी मुद्रा प्राप्त होगी। जिस की दो खेप भेजी जा चुकीं है





जबकि जापान और नेपाल ने पेस्टीसाइड होने के कारण भारत के आम लेने से इंकार कर दिया है। जबकि हसन पुर के आम उत्पादक इशांत सैनी को भी बीस टन आमों के निर्यात का पहला ऑर्डर मिला है। नदीम सिद्दीकी ने बताया कि वह अमरोहा से 2003 से मध्य एशिया तथा यूरोपीय देशों को अमरोहा के आमों का निर्यात कर रहे हैं।उनके प्रयासों से ही अमरोहा फल सब्जी हेतु पैक हाउस का निर्माण हुआ है जहां से अमरोहा की सब्जियां और फल विभिन्न देशों को निर्यात होते हैं. जिन का सिलसिला आरम्भ हो चुका है।विदेशों में अमरोहा की हरी मिर्च और तुरई,भिंडी खीरा बहुत पसंद किया जाता है।

दुबई और यूरोप महाद्वीप के देशों के लोग इस बार भी अमरोहा से आम का स्वाद लेंगे। दुबई में अमरोहा का लंगड़ा दौडेगा। फ्रांस, और जर्मनी से आम निर्यातक को आर्डर मिलने शुरू हो गए हैं। हसनपुर के निर्यातक को बीस टन आम का आर्डर मिला है। यहां के उत्पादक आम की बेहतर क्वालिटी तैयार करने पर जोर दे रहे हैं। विदेशों में आम भेजने के लिए अच्छी प्रजातियों के आम के ऊपर कागज की थैली बांधने की तैयारी चल रही है।फल पटटी के नाम से देश में मशहूर अमरोहा जनपद में करीब 12 हजार हेक्टेयर भूमि में आम के बाग लगे हुए हैं। अमरोहा की हसनपुर तहसील में 24 से अधिक प्रजातियों के आम पाए जाते हैं। यहां पर अगेती पकने वाली मुंबई और दशहरी प्रजाति के आम यहां मौजूद हैं। सीजन के अंत में पकने वाली चैसा प्रजाति भी यहां पर मौजूद है। सूत्रों के मुताबिक आम का विदेशों को निर्यात किए जाने वाले निर्यातकों को आम के आर्डर मिलने शुरू हो गए हैं। हालांकि, भाव आम के तैयार होने पर तय हो पाएगा। दशहरी, लंगड़ा तथा चैसा प्रजाति के आम के विदेशों से आर्डर मिलने शुरू होने के साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों के आम व्यापारी भी हसनपुर में सक्रिय होने शुरू हो गए हैं। वह आम के बागों में घूमकर फलों की स्थिति देखने के साथ ही आढ़तियों से संपर्क करने लगे हैं। आम उत्पादक बाग स्वामी आम की क्वालिटी को बेहतर बनाए रखने के लिए आम के ऊपर थैली बांधी जा रहीं हैं। हसनपुर में आम की सुरक्षा के लिए प्रयोग किए जाने वाली थैली बनाने का प्लांट भी लग गया है। आम पर बौर खिलने के बाद से कई बार वर्षा होने के साथ ही मौसम अनुकूल रहने की वजह से गर्मी पड़ते ही आम गत वर्षों के सापेक्ष अधिक फूलता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि, कई बार आंधी आने से करीब तीस प्रतिशत से अधिक कच्चा आम टूटकर गिरने से बागों में नुकसान भी हुआ है। उधर बागों में आम को फूलते देखकर आम कारोबारी भी फूले नहीं समा रहे हैं उन्हें चिंता है तो सिर्फ आंधियों की। क्योकि, आम अब काफी मोटा हो गया है ऐसे में आंधी में टूटकर गिरने से बहुत नुकसान होता है।अमरोहा से अब तक दो लाट का आम विभिन्न देशों को भेजा जा चुका है। अमरोहा और हसनपुर में 24 से अधिक प्रजाति के आम पाए जाते हैं। इनमें दशहरी, मुंबई, राम केला, गुलाब जामुन, अनवर रहटोल, न्यादर मनौटा, फजरी, लंगड़ा, चैसा, खासुल खास, गुलाब खास, बेमिसाल आदि प्रजातियां शामिल हैं।अमरोहा जिले से दुबई, लंदन, फ्रांस, जर्मनी आदि देशों में आम का निर्यात किया जाता है। आर्डर मिलने शुरू हो गए हैं।जिनकी आपूर्ति शुरू हो चुकी है फिलहाल दुबई, फ्रांस और जर्मनी से 20 टन दशहरी, लंगड़ा व चैसा आम का आर्डर मिला था जिस को पूरा किया जा रहा है । विगत दिनों नदीम सिद्दीकी ने बताया कि उन्हों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान और प्रदेश के केबिनेट मंत्री शाही से अनुरोध किया था कि वह अमरोहा जनपद के आम उत्पादकों को पूर्व की सुविधाएं उपलब्ध कराएं तो देश और प्रदेश को और अधिक विदेशी मुद्रा प्राप्त होगी जिस से अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी।

# चिकित्सक दिवस पर सरकारी डॉक्टरों का सम्मान, सेवा भाव को किया नमन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचकर सरकारी

## युवा व्यापार मंडल ने सीएचसी पहुंचकर चिकित्सकों को किया सम्मानित



चिकित्सकों का सम्मान किया। इस दौरान चिकित्सकों को पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

युवा नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि डॉक्टर समाज के लिए भगवान का रूप हैं। सीमित संसाधनों और व्यस्तता के बावजूद सरकारी चिकित्सक दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटे रहते हैं। उनका समर्पण और सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायक है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरविंद्र सिंह ने कहा कि समाज से मिलने वाला सम्मान चिकित्सकों का मनोबल बढ़ाता है और उन्हें मरीजों की बेहतर सेवा के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर डॉ. हरविंद्र सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. गौरी वार्ष्णेय, डॉ. सोनी गौतम, महेंद्र पाल, महेश चंद्र, धर्मेश नाथ, गौरव बंसल और गिर्राज पाल सहित अन्य चिकित्साकर्मियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अनुज वार्ष्णेय निशांत शर्मा, सभासद अमन कोरी, राजू चड्ढा, आकाश आहूजा, ज्ञान प्रकाश शर्मा, प्रभात गोयल, शुभम अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# दिनभर बादलों का डेरा, रुक-रुक कर होती रही हल्की बूंदाबांदी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** रविवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला-बदला रहा। आसमान पर दिनभर बादलों का डेरा छाया रहा और बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी होती रही। बादलों और ठंडी हवाओं के कारण तेज

## धूप नहीं निकलने से मौसम रहा सुहाना, लोगों को उमस और गर्मी से मिली राहत

धूप नहीं निकली, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। पूरे दिन मौसम सुहावना बना रहने से लोगों ने राहत महसूस की। सुबह से शाम तक कई बार बादल घिरते और हल्की बूंदाबांदी होती रही। हालांकि बारिश बहुत तेज नहीं हुई, लेकिन मौसम में ठंडक बनी रही। बाजारों और प्रमुख मार्गों पर सामान्य चहल-पहल रही। लोग बिना तेज धूप और गर्मी के अपने



दैनिक कार्य निपटाते नजर आए। मौसम में आए बदलाव से किसानों के चेहरे भी खिल उठे। उनका कहना है कि हल्की बूंदाबांदी और बादलों के बने रहने से खेतों में नमी बनी रहेगी, जिससे धान समेत अन्य खरीफ फसलों को लाभ मिलेगा। वहीं लोगों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी मौसम इसी तरह बना रहा तो गर्मी और उमस से और राहत मिलेगी।

# ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के पालन पर नगर पालिका ने दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** नगर पालिका परिषद चन्दौसी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर होटल, रेस्टोरेंट, विद्यालय, महाविद्यालय, अस्पताल और अन्य संस्थानों के संचालकों के साथ बैठक हुई।

अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने की। अधिशासी

## होटल, अस्पताल, स्कूल व अन्य संस्थानों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित

अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने कहा कि स्वच्छ शहर के लिए गीले और सूखे कचरे का स्रोत पर पृथक्करण तथा नियमों का पालन जरूरी है। उन्होंने सभी संस्थानों से ऑन-साइट कचरा प्रबंधन अपनाने की अपील की। स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम मनोज कुमार और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के करन सिंह ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, होम कम्पोस्टिंग, चार-बिन प्रणाली



और बल्क वेस्ट जनरेटर्स की जिम्मेदारियों की जानकारी दी। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह ने भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभासद नवकांत शर्मा, रियाज अहमद, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राम नाम के स्मरण से होता है जीवन का कल्याण : संत अयोध्या दास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में गुरुवार से पांच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण के बीच हुआ। कथा के प्रथम दिवस संत अयोध्या दास

## श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

रामायण ने राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और मर्यादा का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि श्रीराम का नाम स्वयं भगवान श्रीराम के समान कल्याणकारी और मोक्ष प्रदान करने वाला है। रामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं,





बल्कि सत्य, सेवा, मयार्दा और सदाचार का मार्ग दिखाने वाली दिव्य प्रेरणा है। उन्होंने श्रीरामचरितमानस के महत्व तथा उसके आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश पर भी प्रकाश डाला। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से श्रीराम कथा का श्रवण किया। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से आगामी दिनों में भी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का लाभ लेने की अपील की।

इस अवसर पर सुधीर मल्होत्रा, गगन अरोड़ा, बुद्धिश छाबड़ा, सचिन मग्गो, विजय अरोड़ा, मोनू अदलखा, रितिक, बिट्टू अदलखा, चंदन खन्ना, पवन वार्ष्णेय, रमेश सपड़ा, जुगल किशोर, राजू कालरा, मनमोहन भसीन, अमन मल्लन सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नौशाद अली एडवोकेट समाजवादी पार्टी में हुए शामिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**उझारी।** नौशाद अली एडवोकेट के समाजवादी पार्टी में शामिल होने से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। समर्थकों ने मिष्ठान वितरण कर अपनी खुशी का इजहार किया है।

कस्बा उझारी के मोहल्ला चौधरियान

## पूर्व में शिवपाल सिंह यादव की पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे हैं

निवासी किसान चौधरी एहतेशाम अली के यहां जन्मे नौशाद अली की प्रारंभिक शिक्षा नगर में ही हुई थी।

उन्होंने जामिया मिलिया दिल्ली से एलएलबी की डिग्री हासिल की है। छात्र जीवन से ही राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले नौशाद अली एडवोकेट नगर सहित पूरे जनपद में सक्रिय राजनीतिक भूमिका में रहते हैं।

जब शिवपाल सिंह यादव ने समाजवादी





पार्टी से अलग होकर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी बनाई तो नौशाद अली एडवोकेट को जिलाध्यक्ष की कमान सोंपी गई। चाचा शिवपाल सिंह यादव से उनके नजदीकी रिश्ते जगजाहिर हैं। अनेक बार चाचा शिवपाल सिंह यादव उनके उझारी स्थित आवास पर पधार चुके हैं। आज लखनऊ में चाचा शिवपाल सिंह यादव के सामने नौशाद अली एडवोकेट ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जैसे ही समाजवादी पार्टी में शामिल होने की सूचना नगर में पहुंची, तो उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने मिष्ठान वितरण कर अपनी खुशी का इजहार किया है। नौशाद अली एडवोकेट कम उम्र में ही परिपक्व राजनेता के रूप में जाने जाते हैं।

# आईटीआई परिसर के 22 जर्जर पेड़ों की हुई नीलामी, 2.25 लाख की लगी सबसे ऊंची बोली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** बदायूं-चन्दौसी हाईवे स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में गुरुवार को 22 पुराने एवं जर्जर पेड़ों की नीलामी उपजिलाधिकारी बहजोई रामानुज और वन विभाग के रेंजर प्रभात कुमार शर्मा की मौजूदगी में कराई गई। पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई।

## एसडीएम व वन विभाग के रेंजर की मौजूदगी में पूरी हुई कार्रवाई

प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल ने बताया कि संस्थान परिसर में कई पेड़ काफी पुराने हो चुके थे। कुछ पेड़ आवासों के निकट होने के कारण उनके गिरने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार उनकी नीलामी कराई गई। नीलामी के दौरान सर्वाधिक 2.25 लाख रुपये की बोली लगी, जिसके बाद सफल बोलीदाता को पेड़ों का ठेका आवंटित कर दिया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि पूरी प्रक्रिया नियमानुसार और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई।

# आवर हाइट ट्रक का टीएसआई ने, 10 हजार रुपए का किया चालान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** गुरुवार यातायात व्यवस्था को लेकर अपने आप में मिसाल बनते जा रहे है टीएसआई सुरेश कुमार,उनकी जहां भी



डूयूटी लगती है वहां रास्तों पर जाम की संभावना बहुत कम रहती है, नियमों का उलंघन करने वालों

## यातायात को लेकर किसी प्रकार का समझौता करने के मूड़ में नहीं:टीएसआई सुरेश कुमार

के लिए कोई छूट नही सीधे कार्रवाई। ऐसा एक मामला बहजोई के मुख्य चौराहे का सामने आया जहां शाहजहांपुर से मूंगफली के छिलके भर कर एक ओवर हाइट ट्रक डी आर राइस मिल पर जा रहा था ट्रक पूरा रोड घेर कर चल रहा था, जैसें ही ट्रक चोराहे पर पहुंचा टीएसआई ने उसका ओवर हाइट में दस हजार रुपए का चलान कर दिया ड्राइवर अपना रसूख दिखाता रहा और रसूखदारों से फोन पर बात करने को कहता रखा परन्तु टीएसआई ने कहां की नियमों का उलंघन करने वालों से कोई समझौता नहीं, नियमों का पालन करो और सुरक्षित रहो।

**गिरफ्तार** 100 करोड़ की सरकारी जमीन घोटाले में बड़ी गिरफ्तारी, पूर्व ईओ राजकुमार गुप्ता गिरफ्तार

# सरकारी जमीनों की हेराफेरी करने वाला ईओ, पूर्व में शासन स्तर पर दो बार हो चुका है दंडित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** पूर्व या वर्तमान में सरकारी भूमि कब्जा करने वालों की खैर नहीं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की पैनी नजर से नहीं बच सकते भूमाफिया।

## फर्जी दस्तावेजों से सरकारी भूमि बेचने का आरोप, फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें जुटी

संभल में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से नगरपालिका के ईओ की मिली हुआ बडा खेला, लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी भूमि घोटाले में पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पालिका संभल के तत्कालीन अधिशासी अधिकारी और वर्तमान में शाहजहांपुर में सहायक नगर आयुक्त के पद पर तैनात राजकुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है।

**ईओ को फर्जी दस्तावेजों के जरिए भूमि, निजी व्यक्ति के नाम करना पडा भारी**

संभल में सरकारी भूमि घोटाले की जांच लगातार तेज होती जा रही है, पुलिस के मुताबिक, आरोपी राजकुमार गुप्ता पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम कराने और भूमाफियाओं को अवैध लाभ पहुंचाने का आरोप है।

जांच में सामने आया है कि इस कथित साजिश के चलते सरकार को 100 करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ। इतना ही नहीं, मामले से जुड़ी याचिका को प्रभावित



करने के उद्देश्य से हाईकोर्ट में निजी शपथ पत्र दाखिल किए जाने का भी आरोप है।

पुलिस ने इस मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रशासन का कहना है कि पूरे प्रकरण में शामिल अन्य लोगों की भी भूमिका की जांच की जा रही है।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में चल रही इस कार्रवाई के तहत फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। यह मामला संभल सदर क्षेत्र की सरकारी भूमि से जुड़ा बताया जा रहा है, फिलहाल पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और इस पूरे नेटवर्क से जुड़े सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहना है सूत्रों का**

सूत्रों का कहना है कि जनपद संभल में शहर से लेकर गांवों में अवैध रूप से लोगों ने सरकारी जमीन पर कर रखा है कब्जा, भू-माफियों का स्तर इतना गिर गया है जहां मरकर उन्हें जलाया व दफन किया जाएगा उस पर भी अवैध कब्जा कर रखा है,उनको यह लगता है कि हमें न मरना है न उस जमीन में दफन होना है,ऐसे लोगों पर शीघ्र चलेगा प्रशासन का हंटर।

# सांप के डसने से युवक की बिगड़ी तबीयत,उपचार के बाद मिली राहत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव परमानंदपुर में बुधवार दोपहर झाड़ियों की ओर गए एक युवक को सांप ने डस लिया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चन्दौसी लेकर पहुंचे, जहां उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने घर भेज दिया। ब्रजनगर स्थित गणेश कॉलोनी निवासी रोहित पुत्र ओमप्रकाश किसी कार्य से परमानंदपुर गांव गए थे। दोपहर करीब तीन बजे वह सड़क किनारे झाड़ियों की ओर गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे सांप ने उनके दाहिने पैर की एड़ी के ऊपर काट लिया। युवक के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू किया।



कुछ समय तक निगरानी में रखने के बाद हालत सामान्य मिलने पर युवक को घर भेज दिया गया।

# मेडिकल कॉलेज परिसर में नर्सिंग छात्रा पर फब्ती: आरोपी हिरासत में, छात्रों ने किया हंगामा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** मेरठ के मेडिकल कॉलेज परिसर में देर रात दो युवकों पर एक नर्सिंग छात्रा से अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगा है। आरोप है कि ये युवक शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे थे। छात्रा की शिकायत पर मेडिकल थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। हालांकि, पुलिस ने केवल शांतिभंग की धाराओं में उनका चालान किया, जिससे मेडिकल कॉलेज के छात्रों में नाराजगी फैल गई। आक्रोशित छात्रों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई को लेकर हंगामा किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी मोनू पहाड़ी उर्फ मोहित ठाकुर, निवासी सोमदत्त सिटी जागृति विहार, और अनमोल त्यागी को हिरासत में लिया गया है।

आरोप है कि दोनों मेडिकल कॉलेज परिसर में शराब पीकर शोर-शराबा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने वहां से गुजर रही एक नर्सिंग छात्रा पर अभद्र कटाक्ष किया।

छात्रा की शिकायत पर नर्सिंग के छात्र भी मौके पर पहुंच गए और आरोपियों की बाइक में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

आरोपियों में से एक मोनू पहाड़ी उर्फ मोहित ठाकुर का नाम पहले भी आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है। वर्ष 2023 में उस पर जागृति विहार से एक युवक का अपहरण कर मारपीट करने और उसके मुंह में पेशाब करने का आरोप लगा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद काफी हंगामा हुआ था। उस मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मोनू पहाड़ी के खिलाफ लूट सहित अन्य मुकदमे भी दर्ज बताए जा रहे हैं।

इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बड़ी संख्या में छात्र बुधवार देर रात मेडिकल थाने पहुंचे और आरोपियों पर सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

# माल गोदाम रोड से चल रहीं बसें, रोडवेज को रोजाना 4-5 लाख के राजस्व का नुकसान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** मथुरा में नए बस स्टैंड के पास रेलवे पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते नए बस

**यात्रियों की बढ़ी परेशानी, जानकारी के अभाव में निजी वाहनों का कर रहे इस्तेमाल; रोडवेज ने अधिकृत बसों से ही यात्रा करने की अपील की**

स्टैंड का संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। फिलहाल मथुरा डिपो की सभी रोडवेज बसों का संचालन माल गोदाम रोड से किया जा रहा है। इस बदलाव से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रोडवेज विभाग को प्रतिदिन करीब चार से पांच लाख रुपये के राजस्व का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। रोडवेज अधिकारियों के अनुसार, कई यात्रियों को बसों के बदले हुए संचालन स्थल की जानकारी नहीं है। इसका फायदा उठाकर कुछ ऑटो और टेंपो चालक यात्रियों को गुमराह कर अन्य स्थानों पर ले जा रहे हैं। इससे बड़ी संख्या में यात्री रोडवेज बसों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और निजी वाहनों का उपयोग करने को मजबूर हो रहे हैं। विभाग का कहना है कि माल गोदाम रोड से निजी डग्गामार वाहन भी संचालित हो रहे हैं, जिससे रोडवेज की आय प्रभावित हो रही है। यात्रियों के निजी वाहनों की ओर रुख करने के कारण विभाग को प्रतिदिन चार से पांच लाख रुपये तक के राजस्व का नुकसान हो रहा है।



**अधिकारी का वर्जन**

रोडवेज केंद्र प्रभारी जयप्रकाश शुक्ला ने बताया कि रेलवे पुल निर्माण कार्य के कारण नए बस स्टैंड का संचालन अस्थायी रूप से बंद किया गया है और सभी रोडवेज बसें माल गोदाम रोड से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे सही जानकारी प्राप्त कर केवल अधिकृत रोडवेज बसों का ही उपयोग करें। पुल निर्माण पूरा होने के बाद नए बस स्टैंड से पुनः नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा, जिससे यात्रियों की परेशानी और विभाग को हो रहे राजस्व नुकसान में कमी आएगी।

# अखिलेश यादव के जन्मदिवस पखवाड़े में सपा का वृक्षारोपण अभियान, 21 पौधे लगाए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस पखवाड़े के तहत गुरुवार को मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के तारापुरी मुमताज नगर स्थित बीआर इंटर कॉलेज के पास समाजवादी पीडीए वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 21 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से पौधों की नियमित देखभाल और उन्हें पानी देकर सुरक्षित रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष चौधरी आस मोहम्मद और पूर्व पार्षद दल नेता अफजाल सैफी ने कहा कि समाजवादी पार्टी पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक समरसता और समतामूलक समाज की पक्षधर है। उन्होंने दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के गरीब लोगों से समाजवादी पार्टी की नीतियों का समर्थन करने की अपील की। साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर उत्तर प्रदेश को "उत्तम प्रदेश" और मेरठ को "स्मार्ट सिटी" बनाने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी की नीतियों की आलोचना करते हुए प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर नेताजी मोहम्मद आरिफ अंसारी, इकराम अब्बासी, मोहम्मद फाजिल खान, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद काशिफ मंसूरी, वार्ड-48 अध्यक्ष फिरोज मलिक, मौलाना इरशाद, कारी मोहम्मद यामीन, काशिफ मलिक, शमशाद सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीता माहेश्वरी को सौंपी इनरव्हील स्मार्ट क्लब की कमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** डॉक्टर दिवस के अवसर पर इनरव्हील स्मार्ट क्लब मोदीनगर की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें नीता माहेश्वरी को क्लब का नया प्रेसिडेंट मनोनीत किया गया। समारोह के दौरान उन्हें कॉलर पहनाकर औपचारिक रूप से दायित्व सौंपा गया। क्लब की नई टीम के गठन के साथ ही समाजसेवा से जुड़े दो विशेष प्रोजेक्ट भी संपन्न किए गए। प्रेसिडेंट की जिम्मेदारी मिलने के बाद नीता माहेश्वरी ने कहा कि स्मार्ट क्लब का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं बल्कि जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना भी है। क्लब की पूरी टीम शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए




प्रतिबद्ध रहेगी। हमारा प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक लोगों को सेवा कार्यों से जोड़ा जाए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जाए। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने वाले छह चिकित्सकों डॉ साहिल गर्ग, डॉ श्रुति माहेश्वरी, डॉ पुरु त्यागी, डॉ नेहा त्यागी, डॉ संतोष कुमार और डॉ तृप्ति बंसल को प्रशस्ति पत्र एवं आम की टोकरी भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा एक जरूरतमंद मरीज की डायलिसिस फीस भी क्लब द्वारा वहन की गई। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि छोटी-सी आर्थिक सहायता भी किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदायी साबित हो सकती है।इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट रेणु मित्तल, सेक्रेटरी रेणु गुप्ता, रुचि त्यागी और अनुपम महेश्वरी सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीरपुर ।** जिला विद्यालय निरीक्षक श्री चंद्रशेखर ने जेवर ब्लॉक के माध्यमिक विद्यालयों में जनता इंटर कालिज जेवर, पब्लिक इंटर कालिज जहांगीरपुर, श्रीराम माडल इंटर कालिज थोरा व कमर टेक्नीकल इंटर कालिज जेवर समेत 05 विद्यालयों का भ्रमण करते हुये प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत निर्मित होने वाले कार्यों का निरीक्षण किया तथा विद्यालयों की स्थिति और जरूरत को देखते हुये अन्य स्त्रोतों सी एस आर फंड आदि से नये निर्माण कार्य, स्मार्ट क्लास, प्रयोगशाला आदि तैयार करवाने के प्रस्ताव शासन को भेजने का आश्वासन भी दिया ! जिला विद्यालय निरीक्षक गौतमबुद्धनगर ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जुलाई मास के प्रथम सप्ताह में ही माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण करना आरम्भ कर दिया है जो कि एक अच्छी पहल है ! डी. आई. ओ एस गौतमबुद्धनगर का कहना है कि अति शीघ्र ही बैठक बुलाते हुये जिले की समस्याओं को तत्काल निस्तारित किया जायेगा तथा माध्यमिक विद्यालयों में संसाधनों के अभाव को भी दूर कराने का पूर्ण प्रयास किया जायेगा !



# एसटीएफ और फरह पुलिस का बड़ा एक्शन: 28 किलो गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा(मोइनुद्दीन)।** मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ आगरा

**ऑटो पार्ट्स की दुकान के पीछे बने गोदाम में छापेमारी, एक आरोपी फरार; पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस**

और फरह पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार शाम फरह कस्बे में छापेमारी कर 28 किलो गांजा बरामद किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। बरामद गांजे को पुलिस ने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार फरह-परखम चौराहे के पास स्थित एक ऑटो पार्ट्स की दुकान के पीछे बने गोदाम में भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखे जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसटीएफ और फरह पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। मौके से संजीव पुत्र अशोक को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी बंटी पुत्र लाला निवासी फरह मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में गांजे की थोक सप्लाई का कारोबार कर रहे थे और आसपास के इलाकों में इसकी आपूर्ति करते थे। पुलिस ने गोदाम को सील कर दिया है तथा बरामद गांजे को कब्जे में लेकर पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है।



**अधिकारी का वर्जन:**

रिफाइनरी क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि एसटीएफ आगरा और फरह पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 28 किलो गांजा बरामद किया गया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है, जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा के केन्द्रों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**मेरठ ।** उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी-2026) को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढ़ग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर वहां संचालित समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सेन्ट जोजफ इंटर कालेज, एस0एस0डी0 ब्वायज इंटर कालेज लालकुर्ती, जी0आई0सी0 इंटर कालेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया गया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सघन चेकिंग, बायोमैट्रिक व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे,



कंट्रोल रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्र में बनाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा कक्षो का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्षों में लगाया गया सीसीटीवी कैमरा सक्रीय होना चाहिए एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारी इसकी निगरानी भी करते रहें। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की शिथिलता नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कक्ष निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिया कि परीक्षा की गम्भीरता के दृष्टिगत परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में किसी भी प्रकार की शिथिलता/लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण, केन्द्र व्यवस्थापक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# वियतनाम ले जाकर विवाहिता की हत्या का प्रयास, होटल के कमरे में छोड़कर फरार हुआ पति

**मेरठ।** रेलवे रोड थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने वियतनाम ले जाकर अपनी पत्नी की हत्या का प्रयास किया। अधमरी हालत में महिला को होटल के कमरे में छोड़कर पति फरार हो गया। पीड़िता ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रेलवे रोड थाने में तहरीर दी है।




देवपुरी निवासी सलोनी अरोड़ा ने बताया कि उसकी शादी 4 जून 2025 को देहली गेट क्षेत्र निवासी मोबिल ऑयल व्यापारी आशीष पसरीचा के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और अन्य ससुराल वाले दहेज के लिए उसका उत्पीड़न करते थे। एक महीने पहले आशीष अपनी पत्नी सलोनी को घुमाने के बहाने वियतनाम ले गया। आरोप है कि वहां होटल के कमरे में आशीष ने सलोनी को बेल्ट से बेरहमी से पीटा और गला दबाकर उसकी हत्या का प्रयास किया। इसके बाद उसे होटल के कमरे में बंद करके फरार हो गया। होटल के स्टाफ द्वारा महिला को वियतनाम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार का पूरा खर्चा भी महिला ने उठाया।

सलोनी का कहना है कि भारत लौटने के बाद सब कुछ भूल कर वह एक बार फिर अपनी ससुराल चली गई। जहां ससुराल वालों ने दोबारा से उसके साथ मारपीट करते हुए हत्या का प्रयास किया।

ससुराल पहुंची डायल 112 की पुलिस ने उसे बंधन मुक्त कराया। इसके बाद आज अपने परिवार और एडवोकेट रामकुमार शर्मा के साथ के साथ रेलवे रोड थाने पहुंची पीड़िता ने पति और अन्य ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की।

**बनी सहमति** कई दिनों से बंद था विद्यालय, लगभग 700 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने जताई थी चिंता

# अभिभावकों के हंगामे के बाद खुला सनातन पब्लिक स्कूल, बीएसए की पहल से बनी सहमति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई/संभल (मौहम्मद कासिफ )।** शहर के मोहल्ला सरथल सनातन पब्लिक स्कूल को लेकर चल रहा विवाद में आखिरकार सुलझता नजर आया है। विद्यालय के बंद होने से चिंतित विद्यार्थियों और अभिभावकों को उस समय राहत मिली, जब बेसिक शिक्षा अधिकारी की पहल पर स्कूल प्रबंधन के साथ हुई बैठक के बाद विद्यालय को अगले दिन से खोलने पर सहमति बन गई।

जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन से जुड़े विवाद और न्यायालय के आदेश के बाद विद्यालय का संचालन कुछ दिन पहले बंद कर दिया गया था। इससे विद्यालय में अध्ययनरत करीब 700 विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ गई थी। उनका कहना था कि यदि स्कूल लंबे समय तक बंद रहा तो बच्चों का दूसरे विद्यालयों में प्रवेश कराना कठिन होगा और उनका शैक्षणिक सत्र भी प्रभावित हो सकता है।




गुरुवार को बड़ी संख्या में अभिभावक विद्यालय पहुंचे और स्कूल खुलवाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद मामले की जानकारी बीएसए को दी गई। बीएसए ने स्कूल प्रबंधन के साथ कई घंटे तक बैठक कर समाधान निकालने का प्रयास किया। बैठक के बाद स्कूल प्रबंधन ने बताया कि बीएसए ने विद्यालय से जुड़ी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है, जिसके बाद विद्यालय को अगले दिन से पुनः संचालित करने का निर्णय लिया गया।



विद्यालय खुलने की सूचना मिलते ही विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल बन गया। हालांकि, विद्यालय प्रबंधन से जुड़े मूल विवाद का समाधान संबंधित प्रक्रिया के तहत आगे भी जारी रहेगा।

# मानसून की पहली बारिश में जलमग्न हुआ बिजनौर हाईवे, वाहन खींचते दिखाई दिए चालक

**मेरठ।** मवाना और हस्तिनापुर नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा बारिश में बचाव को लेकर किया जा रहे तमाम दावे मानसून की पहली बारिश



में ही फेल हो गए। सिर्फ एक घंटे की बरसात में मवाना से लेकर हस्तिनापुर तक बिजनौर हाईवे कई जगह जलमग्न हो गया। कई वाहन चालकों के वाहन पानी में बंद हो गए। जिन्हें वह सड़क पर खींचते दिखाई दिए।

बताते चलें कि बृहस्पतिवार की सुबह लगभग एक घंटे झमाझम बारिश हुई। इस दौरान मवाना थाने से लेकर हस्तिनापुर हाईवे तक भारी जलभराव हो गया। सड़क पर लगभग दो फुट तक पानी ही पानी दिखाई दिया। जिसमें कई दोपहिया वाहन बंद हो गए।

भारी बारिश के बीच वाहन चालक अपने वाहनों को पैदल धक्का मार कर निकलते हुए दिखाई दिए। वहीं, राहगीर भी घुटनों तक भरे हुए पानी में गुजरते नजर आए। रहमापुर गांव में भी भारी जलभराव देखने को मिला। बताते चलें कि दोनों नगर पालिका के अधिकारी बारिश के इंतजामों में जलभराव को लेकर तमाम दावे कर रहे थे। मगर यह दावे मानसून की पहली बारिश में ही फेल हो गए।

### तीन दिन से चल रहा था उपचार, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस

## निजी चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप, नवजात की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** नगर के एक निजी चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने गुरुवार शाम हंगामा किया। उनका आरोप है कि तीन दिन से उपचाराधीन नवजात की मौत के बाद चिकित्सक की लापरवाही सामने आई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी ली।





ग्राम आटा, थाना बनियाठेर निवासी भुवनेश मौर्य ने बताया कि उनकी पत्नी लक्ष्मी को मंगलवार को प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पुत्र का जन्म हुआ। जन्म के बाद नवजात की तबीयत बिगड़ने पर उसे नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि तीन दिन तक उपचार चलने के बाद भी बच्चे की हालत में सुधार नहीं हुआ और गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे उसकी मौत हो गई।

नवजात की मौत से आक्रोशित परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराया। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं चिकित्सक का कहना था कि बच्चों को भर्ती के समय से ही सांस लेने में कठिनाई हो रही थी इस संबंध में बच्चों के परिजनों को अवगत करा दिया गया था।

## दिव्यांग छात्राओं को" मुफ्त मिलेगी ई ट्राईसाइकिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश सरकार ने स्कूल जाने वाली या प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राओं को ई ट्राईसाइकिल दिए जाने के लिए अनुदान नियमावली, 2026 को हरी झंडी दे दी है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने इसका आधिकारिक शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। यह नई व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2026-27 से पूरे प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू होगी।अक्सर गंभीर दिव्यांगता के चलते कई होनहार छात्राएं कॉलेज, लाइब्रेरी या ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसी समस्या को दूर करने के लिए सरकार प्रति ई ट्राईसाइकिल अधिकतम 65 हजार रुपये तक की अनुदान राशि देगी। इससे छात्राओं को आधुनिक और



सुविधाजनक ई ट्राईसाइकिल मिल सकेगी, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई और तकनीकी प्रशिक्षण पूरा कर सकेंगी।

लाभ केवल उन्हीं दिव्यांग छात्राओं को मिलेगा, जो किसी मान्यता प्राप्त स्कूल, कॉलेज या शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान में नियमित रूप से अध्ययनरत हैं। यह सुविधा विशेष रूप से मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी और हीमोफीलिया जैसी गंभीर शारीरिक अक्षमताओं से प्रभावित छात्राओं के लिए है, जिन्हें चलने-फिरने में अत्यधिक कष्ट होता है। ई टाईसाइकिल के सुरक्षित संचालन के लए छात्रा की दृष्टि, मानसिक स्थिति और कमर के ऊपर का हिस्सा पूरी तरह स्वस्थ होना अनिवार्य है। दिव्यांगता का प्रतिशत संबंधित जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक होगा।

## डिजी रोवर तकनीक से होगी सटीक भूमि पैमाइश, 15 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भूमि की पैमाइश की प्रक्रिया पूरी तरह तकनीकी मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। पारदर्शी व्यवस्था होने से भूमि विवाद कम होंगे और लोगों को अनावश्यक भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

प्रदेशव्यापी डिजी रोवर (डिजी रोवर-जीएनएसएस) विशेष भूमि पैमाइश अभियान एक जुलाई से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने सभी मंडलायुक्तों, डीएम और राजस्व अधिकारियों को इस अभियान को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक को अभियान का लाभ मिलना चाहिए। बता दें, प्रदेश में वर्तमान समय में धारा-24 के तहत भूमि पैमाइश एवं सीमांकन से संबंधित करीब 79157 प्रकरण लंबित हैं।

डिजी रोवर (रोवर मशीन और सेटेलाइट सिग्नल) की मदद से जमीन का इंच-इंच हिसाब और डिजिटल नक्शा (मैप) सटीक रूप से तैयार किया जाता है। इसकी मदद से पैमाइश की व्यवस्था पारदर्शी बनेगी।

अभियान के माध्यम से इन मामलों का मिशन मोड में गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने का लक्ष्य है जिससे किसानों एवं आम नागरिकों की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान हो सके।सीएम के निर्देश पर राजस्व परिषद ने सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान की मॉनिटरिंग राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल द्वारा की जाएगी। नियमित समीक्षा और प्रगति की मॉनिटरिंग तथा जरूरी निर्देश आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद जारी करेंगे।अभियान को सफल बनाने के लिए सभी मंडलायुक्त, डीएम, एडीएम (राजस्व), एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल समन्वित रूप से काम करेंगे।अभियान भूमि संबंधी विवादों में कमी लाने, किसानों के भूमि अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और तकनीक आधारित सुशासन को और मजबूत बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नामांकन बढ़ाने के लिए अनेक "स्कूलों ने निकाली जागरूकता "रैली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र से व्यापक स्कूल चलो अभियान की शुरूआत हो गई। इसके साथ ही बच्चों के नामांकन के साथ-साथ उनकी उपस्थिति बनाए रखने के लिए भी कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि अगर बच्चा दो दिन विद्यालय न आए तो शिक्षक सीधे उसके अभिभावक से संपर्क करेंगे। इससे कोई भी बच्चा ड्रापआउट भी नहीं होगा। इसके साथ ही ही इस बार कक्षा पांच के शिक्षक अपने विद्यार्थियों का कक्षा छह में, कक्षा आठ के शिक्षक कक्षा नौ में और कक्षा नौ के शिक्षक कक्षा 10 में प्रवेश सुनिश्चित कराएंगे। कांठ तहसील में आज स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए अनेक स्कूलों द्वारा रैली भी निकाल गई।

## 20 लाख खर्च कर ब्याही युवती प्रेमी संग फरार, 27 लाख के जेवर-नकदी भी ले गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी ) ।** क्षेत्र के सोनकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के प्रेमी के साथ फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। युवती अपने साथ घर से लगभग 27 लाख रुपये के जेवर और नकदी भी ले गई है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता ने थाना सोनकपुर में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी 20 वर्षीय पुत्री की शादी 29 दिसंबर 2025 को थाना मैनाठेर क्षेत्र के एक गांव में की थी। शादी में करीब 20 लाख रुपये खर्च हुए थे।

कुछ दिन पूर्व युवती मायके आई हुई थी। आरोप है कि गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने जाल में फंसा लिया। एक जुलाई को सुबह करीब 3 बजे आरोपी घर आया और युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, युवती घर में रखी मां के 10 लाख रुपये के जेवर, भाभियों के 5 लाख रुपये के जेवर, 2 लाख रुपये नकद तथा स्वयं के 10 लाख रुपये के जेवर व नकदी समेत कुल 27 लाख रुपये का सामान लेकर चली गई। परिजनों ने जब आरोपी के घर जाकर तलाश की तो वहां उसके परिजन व अन्य साथी कोई नहीं मिला। जानकारी मिली कि सभी आरोपी के साथ ही चले गए हैं। पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मोटरसाइकिल में टक्कर मारने पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट, हादसे में पति की गई जान पत्नी हुई थी गंभीर रूप से घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी ।** बुधवार को सिंघल फैक्ट्री के पास दोपहर तेज रफ्तार कंटेनर ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं थीं। बाइक सवार मोहम्मद हारून उर्फ बाबू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी रुखसाना गंभीर रूप से घायल हो गईं। कुन्दरकी पुलिस ने मुंडिया भीकम, थाना बिलारी निवासी मोहम्मद अतीक की तहरीर पर तेजी व लापरवाही से आ रहे ट्रक कंटेनर नं0-UP21CN3785 के चालक द्वारा भाई हारून की बाइक में टक्कर मारने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। टक्कर इतनी भीषण थी कि हारून की मौके पर ही मौत हो गईऔर रुखसाना गंभीर रूप से घायल हो गईं।

कॉसमॉस अस्पताल में चल रहा इलाज घटना के बाद रुखसाना को पहले सीएचसी कुन्दरकी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। बेहतर उपचार के लिए अब उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल कॉसमॉस में एडमिट कराया गया है।

## यूपी बोर्ड के "प्रदेश टापर्स को 3000 इंटरमीडिएट के टॉपर्स को 5000 की" छात्रवृत्ति दो साल तक मिलेगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अब दो वर्ष तक छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह निर्णय इंडिया लिटरेसी बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया गया। बोर्ड की निदेशक संध्या तिवारी के अनुसार छात्रवृत्ति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पात्र छात्रों को 17 सितंबर को डा. वेल्दी फिशर जयंती समारोह में सम्मानित किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत हाईस्कूल के प्रदेश टापर को तीन हजार रुपये प्रतिमाह और इंटरमीडिएट के प्रदेश टापर को पांच हजार रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दो वर्ष तक मिलेगी। वर्ष 2026 की हाईस्कूल परीक्षा में कशिश वर्मा और अंशिका वर्मा ने 97.83 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया, जबकि इंटरमीडिएट में शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान पाया।




## विद्युत उपकेंद्र कांठ पर अनुरक्षण एवं टेस्टिंग के कारण शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे से 3:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उपखंड अधिकारी सचिन रस्तोगी ने गुरुवार की शाम बताया कि 03/07/2026 ( दिन शुक्रवार) को समय सुबह 11:00 बजे से 03:00 बजे तक, 33/11 ङश विद्युत उपकेंद्र कांठ पर अनुरक्षण एवं टेस्टिंग का कार्य किया जाएगा,जिससे कि भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके इस कारण सभी 11 ङश पोषक की भी विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी ,विद्युत उपकेंद्र से पोषित सभी सम्मानित करीब 7400से ज्यादा उपभोक्ताओं और किसान बन्धुओं की विद्युत आपूर्ति भी बाधित रहेगी असुविधा के लिए खेद है, आमजन से सहयोग अपेक्षित है।

## मुरादाबाद में बनेगा गर्ल्स स्टेडियम: जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रस्ताव पर लगी मुहर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुरादाबाद में यूपी का दूसरा गर्ल्स स्टेडियम जल्द आकार लेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे में मुहर लग चुकी है। अब प्रस्ताव तैयार करने के लिए कवायद तेज हो गई। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शैफाली चौहान ने इसका प्रस्ताव रखा था। जिस पर मुहर लग गई है। पहला गर्ल्स स्टेडियम हॉकी टर्फ का रायबरेली के लाल गंज में बना है जो हॉकी खिलाड़ी रानी रामपुर के नाम पर है। इसके अलावा अभी यूपी में कोई ऐसा स्टेडियम नहीं है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में हमारी सरकार आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में यह भी एक अभिनव पहल है। जिससे मिशन शक्ति की मंशा मजबूत होगी। जिले में मुरादाबाद काशीपुर बॉर्डर पर उपलब्ध करीब पौने तीन एकड़ जमीन पर 'गर्ल्स स्टेडियम' में बनाने के लिए जमीन चिन्हित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा तो उसे स्वीकार करते हुए सीएम ने प्रस्ताव मांग लिया। इस पर काम शुरू हो गया है। जल्द सभी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।



### अपना दल एस द्वारा आयोजित जन स्वाभिमान कार्यक्रम

## बडी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ विधायक शफीक अहमद अंसारी लखनऊ रवाना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्वार, रामपुर (आनन्द शर्मा)।** विधानसभा क्षेत्र से अपना दल एस पार्टी के विधायक शफीक अहमद अंसारी व जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू के नेतृत्व में जनपद रामपुर के काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लखनऊ में आयोजित जन स्वाभिमान दिवस कार्यक्रम में शामिल होने को वहुखंडी विधायक निवास से नारेबाजी करते हुए रवाना हुए । "अपना दल एस" पार्टी के कार्यकताओं के गगन भेदी नारों के जोश को देखकर कार्यकताओं की विधायक शफीक अहमद अंसारी व पार्टी के प्रति समर्पित भावना आमजन ने महसूस की ! ? इस अवसर पर मसवासी चेयरमैन दिनेश गोयल, प्रदेश सचिव डाक्टर समीमंसूरी,जिला उपाध्यक्ष



चौधरी महेंद्र सिंह, दुर्गा प्रसाद गंगवार,जिला महासचिव अमित्रजीत संधू,इकराम अंसारी,जिला सचिव तुलाराम गंगवार, रामरतन लाल सागर,हाजी महवूव, शकील अंसारी, जिला अध्यक्ष व्यापार मंच हाजी पुत्तन,विधानसभा अध्यक्ष स्वार शरीफ जमील,महवूव अली पाशा, ठाकुर नूर हसन,नगर अध्यक्ष विलासपुर नसीम मियां,नगर अध्यक्ष दढियाल रहीस अहमद अंसारी,जिला कार्यकारिणी सदस्य चौधरी भगत सिंह , इकराम अंसारी दीप गोयल नाहिदप्रधान ,शाहिद खां आरिफ प्रधान ,समोदिया आदि हजारों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सम्मेलन को रवाना हुए। यह जानकारी विधायक शफीक अहमद अंसारी के कार्यालय प्रभारी इदरीस पठान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी !

## रेलवे की जमीन पर" 60 साल से चल रहे टांडा बस अड्डे पर चला" बुलडोजर

**बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद में करीब छह दशक से रेलवे की जमीन पर संचालित अवैध बस अड्डा हटा दिया गया। शहर में डबल फाटक पुल के पास यह टांडा-बाजपुर बस अड्डे के नाम से चल रहा था। बुधवार सुबह रेलवे की इंजीनियरिंग टीम ने आरपीएफ के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। रेलवे की जेसीबी देखकर शुरूआत में अतिक्रमणकारियों ने विरोध किया लेकिन बाद में खुद अपना सामान हटाकर चले गए और परिसर खाली कर दिया।रेलवे की टीम ने 128 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के परिसर में सीमेंटेड स्लीपर लगाकर उसे सील कर दिया। साथ ही वहां बोर्ड भी चस्पा कर दिया गया, जिस पर लिखा है कि यह रेलवे की संपत्ति है। कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चार माह पहले रेलवे ने



स्टेशन रोड पर संचालित दुकानों को सील करने के लिए भी अभियान चलाया था लेकिन दुकानदारों के विरोध और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद मामला थम गया।डबल फाटक के पास संचालित बस अड्डे को लेकर रेलवे का कहना है कि 1985 तक यह भूमि पूर्वोत्तर रेलवे के पास थी इसके बाद इसे उत्तर रेलवे में शामिल किया गया। बस अड्डा संचालकों ने उत्तर रेलवे के पास कोई शुल्क जमा नहीं किया, कोई एनओसी भी नहीं ली। एडीआरएम प्रेम शंकर झा ने बताया कि पूरे मंडल में रेलवे की जमीन पर हुए कब्जों की सूची बनाई गई है। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## नई सदर "तहसील के सामने बनेगा रजिस्ट्री दफ्तर"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद को जल्द नया रजिस्ट्री दफ्तर मिल जाएगा। नई सदर तहसील परिसर के सामने नवीन रजिस्ट्री कार्यालय का निर्माण होगा। पहले अवंटित भूमि पर विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन हुआ। इसके बाद शिलान्यास समारोह सम्पन्न हुआ। मंत्री रवींद्र जायसवाल वर्चुअल जुड़े 'कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी, मुरादाबाद के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर डीआईजी स्टांप अनिल कुमार, संदीप कुमार गौर, बार एसोसिएशन के महासचिव कपिल गुप्ता, पुष्प यादव, विनय खन्ना, आसिफ, रमा पांडे, राजीव चौधरी, सौरभ चक्रवर्ती, योगेंद्र, तुलाराम आदि मौजूद रहे।



## कांठ के पूर्व विधायक रामकृष्ण माहेश्वरी की 15 वीं पुण्यतिथि पर उनके कार्यों की लोगों ने की प्रशंसा : सर्व समाज के लिए अंतिम यात्रा वाहन शीघ्र उपलब्ध होगा: मुकेश माहेश्वरी

**बुलन्द सदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** सर्व समाज के नेता पूर्व विधायक स्वर्गीय रामकृष्ण माहेश्वरी की आज 15 वीं पुण्यतिथि पर उनको याद किया गया और उनके कार्यों की जमकर प्रशंसा की गई ' उनके पुत्र नगर के प्रसिद्ध महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक भाजपा नेता पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के संयुक्त मंत्री मुकेश माहेश्वरी ने बताया कि सर्व समाज के लिए" अंतिम यात्रा वाहन " की सुविधा लोगों को शीघ्र मिलने लगेगी ' नगर में अभी तक मोक्ष धाम जाने के लिए अंतिम यात्रा वाहन की सुविधा नहीं है' अंतिम यात्रा वाहन के उपलब्ध होने से सर्व समाज के लोगों को काफी लाभ मिलेगा' लोगों ने श्री माहेश्वरी की इस पहल का स्वागत किया है' नगर में सर्व समाज के लोकप्रिय नेता पूर्व विधायक स्वर्गीय रामकृष्ण महेश्वरी की 2 जुलाई को 15 वीं पुण्यतिथि थी उनका 2 जुलाई 2011 को देहांत हो गया था ' श्री रामकृष्ण माहेश्वरी 1980 से लेकर 85 तक कांठ विधानसभा से विधायक रहे थे' श्री माहेश्वरी वैश्य सभा , कांठ के संरक्षक, संस्थापक सदस्य (, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज) ,जिला अध्यक्ष,( माहेश्वरी सभाअ जिला मुरादाबाद),सदस्य कार्य समिति (अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा ) एवं संरक्षक (श्री धर्मोपदेष्टि रामलीला कमेटी , कांठ) आदि पदों पर रहे थे' श्री मुकेश माहेश्वरी ने आज बताया कि देश की प्रमुख सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा के माध्यम से अंतिम यात्रा वाहन शीघ्र ही नगर में उपलब्ध होगा और सर्व समाज के लिए उपलब्ध रहेगा।


स्वर्गीय रामकृष्ण माहेश्वरी

### घोंटा गला | निजी संस्था' की नौकरी बनी कलह की जड़: लंबे विवाद के बाद उठाया खौफनाक कदम

## कुन्दरकी में आधी रात खूनी खेल: ट्रक ड्राइवर पति ने कमरे में सोती पत्नी का घोंटा गला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी ।** थाना क्षेत्र के गांव शिमलाठेर में बुधवार देर रात रिश्तों का कत्ल हो गया। ट्रक के चालक महेश ने अपनी 32 वर्षीय पत्नी राजवती की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

**कत्ल के बाद खुद प्रधान को दी सूचना, पुलिस ने मौके से दबोचा आरोपी**

**सोते समय दिया वारदात को अंजाम**

जानकारी के अनुसार बुधवार रात महेश पत्नी राजवती के साथ कमरे में सो रहा था। देर रात किसी बात पर विवाद हुआ और महेश ने कथित तौर पर पत्नी का गला घोंट दिया। घटना के वक्त दो बेटे छत पर और एक बेटी आंगन में सो रही थी।






**नौकरी को लेकर रोज होती थी कहासुनी**

परिजनों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। मृतका राजवती एक निजी संस्था में कार्यरत थी, जिसे लेकर घर में अक्सर कहासुनी होती रहती थी। परिवार का मानना है कि इसी विवाद के चलते वारदात हुई।

**खुद दी सूचना, पुलिस ने किया गिरफ्तार**

हत्या के बाद आरोपी महेश ने गांव के प्रधान को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पति को मौके से ही हिरासत में ले लिया।

**जांच में जुटी पुलिस**

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

तीन मासूमों के सिर से उठा मां का साया, गांव में मातम पसरा है। हत्या को लेकर गुरुवार की सुबह से गांव में तरह तरह की चर्चा होती रही।

## घर में "जबरन घुसकर मारपीट और बंधक बनाने पर"एसएसपी के आदेश पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है' छजलैट थाने के गांव गोविंदपुर ज्ञानपुर निवासी दीपिका का आरोप है कि 29 जून को करीब 9:00 बजे वह और उसके माता-पिता घर पर थे तभी गांव के जितेंद्र सहित चार लोग अंदर आ गए और गालियां देने लगे उसकी मां और पिता ने दरवाजे पर जाकर गालियों का विरोध किया तो उक्त लोगों ने ईंट पत्थरों से हमला कर दिया वह जान बचाने घर के अंदर भागे तो सभी लोग घर के अंदर घुस गए और उन्होंने लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। लड़की ने माता की बेज्जती करने का भी आरोप लगाया और कहा कि उसके साथ भी उन्होंने धक्का मुक्की भी की और उसके माता-पिता को 1 घंटे तक घर में ही बंधक बना दिया। गांव के लोग आए तो जान से मारने की धमकी और झूठे मुकदमे में फसाने की बात कह कर भाग गए। पीड़िता ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की पुलिस ने चार को नाम जद करते हुए जांच शुरू की है।





# आईने के सामने खुद को देख रो पड़ती थीं अविका गौर, 13 किलो वजन घटाकर किया असली ट्रांसफॉर्मेशन

अभिनेत्री अविका गौर ने टीवी स्क्रीन पर मासूम आनंदी बनकर घर-घर में पहचान बनाई, लेकिन एक समय उन्हें अपनी जिंदगी में खुद से लड़ाई लड़नी पड़ी थी। वह आईने में खुद को देखकर रो पड़ती थीं। मुंबई में जन्मीं अविका गौर ने बहुत छोटी उम्र में अभिनय की दुनिया में कदम रखा। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया। 2007 में उन्होंने शश्श्श...कोई है से छोटे रोल के जरिए टीवी डेब्यू किया, लेकिन असली पहचान उन्हें 2008 में आए शो बालिका वधू से मिली। इस शो में उन्होंने छोटी आनंदी का किरदार निभाया, जो एक बाल विवाह की कहानी पर आधारित था। उनके मासूम अभिनय ने दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी और वह बहुत जल्दी घर-घर में पहचानी जाने लगीं। इसके बाद अविका ने ससुराल सिमर का में रोली का किरदार निभाया, जिसमें उन्होंने एक शादीशुदा लड़की की भूमिका निभाई। यह रोल उन्होंने सिर्फ 14 साल की उम्र में किया था। इस शो ने भी उन्हें काफी लोकप्रियता दिलाई। इसमें उनकी और अभिनेता मनीष रायसिंघन की ऑन-स्क्रीन जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

टेलीविजन की सफलता के बाद अविका ने फिल्मों की ओर रुख किया। उन्होंने 2009 में मॉर्निंग वॉक और पाठशाला जैसी फिल्मों में काम किया। इसके बाद 2013 में तेलुगु फिल्म उय्याला जम्पला से उन्होंने लीड एक्ट्रेस के तौर पर डेब्यू किया, जिसके लिए उन्हें एसआईआईएमए अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू मिला। यह उनके करियर का बड़ा मोड़ साबित हुआ। उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई। एक समय ऐसा भी आया जब अविका अपने शरीर और आत्मविश्वास को लेकर संघर्ष कर रही थीं। उन्होंने खुद बताया था कि एक समय वह आईने में खुद को देखकर टूट गई थीं और रो पड़ी थीं। उन्हें अपना बढ़ा हुआ वजन और बदलता लुक स्वीकार करना मुश्किल लग रहा था। इस मानसिक संघर्ष ने उनकी सोच को बदल दिया। इसके बाद उन्होंने अपनी जिंदगी को बदलने का फैसला किया। उन्होंने हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाया, नियमित वर्कआउट शुरू किया और अपनी डाइट पर ध्यान देना शुरू किया। इस बदलाव के जरिए उन्होंने करीब 13 किलो वजन कम किया और खोया हुआ आत्मविश्वास वापस पाया। उन्होंने कहा था कि पहली बार उन्होंने खुद को वैसे स्वीकार करना सीखा जैसा वह हैं। इसी बीच अविका ने रियलिटी शोज जैसे खतरों के खिलाड़ी 9 और दूसरे टीवी प्रोजेक्ट्स में भी हिस्सा लिया। उन्होंने 1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट जैसी फिल्मों में भी काम किया, जिसमें वह लीड रोल में नजर आईं। अपने करियर में अविका गौर ने कई अवॉर्ड्स हासिल किए, जिनमें आईटीए सर्टिफिकेट और एसआईआईएमए अवॉर्ड शामिल हैं।

# वेलकम टू द जंगल ने चौथे दिन की बंपर कमाई, 100 करोड़ के पार पहुंचा वर्ल्डवाइड कलेक्शन

अहमद खान निर्देशित वेलकम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म वेलकम टू द जंगल साल की मच अवेटेड फिल्म थी. इसने 26 जून को सिनेमाघरों में दस्तक दी और इसे मिले-जुले रिव्यू के बावजूद फैमिली ऑडियंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. दरअसल अक्षय कुमार की 30 कलाकारों से सजी ये कॉमेडी फिल्म अपनी नॉस्टैल्जिक अपील के दम पर बॉक्स ऑफिस पर बवाल काट रही है.. इसी के साथ ओपनिंग वीकेंड पर गर्दा उड़ाने के बाद इसने न केवल मंडे टेस्ट पास किया बल्कि वर्ल्डवाइड एक बड़ा मील का पत्थर भी पार कर लिया. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन दुनियाभर में कितना कलेक्शन किया है और क्या उपलब्धि हासिल की है। अक्षय कुमार की नई कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल ने रिलीज के सिर्फ चार



दिनों में ही दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. सोमवार को इसकी कमाई में गिरावट आने के उसके बावजूद इसने सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया. दरअसल रविवार को इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया था. जिससे इसने सोमवार से पहले ही आसानी से दुनिया भर में 90 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई कर डाली थी. फिल्म के कलेक्शन की बात करें को सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक चौथे दिन, वेलकम टू द जंगल (वेलकम 3) ने 10 हजार 922 शो में भारत में 8.50 करोड़ का नेट कलेक्शन किया।

इससे भारत में इसकी कुल नेट कमाई 72.25 करोड़ और कुल ग्रॉस कलेक्शन 86.53 करोड़ हुआ. वहीं विदेशों में, फिल्म ने चौथे दिन 3.00 करोड़ कमाए, जिससे इसका कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 19.95 करोड़ हो गया है. इस तरह, फिल्म का दुनिया भर में कुल ग्रॉस कलेक्शन 106.48 करोड़ तक पहुंच गया है.।

वेलकम टू द जंगल अक्षय कुमार की टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है. इसने एक्टर की सम्राट पृथ्वीराज (90.24 करोड़) के वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी है. और कोविड के बाद के दौर में अक्षय कुमार की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 9वीं फिल्म बन गई है।

# कैरी ऑन जट्टा 4 ने मंडे टेस्ट किया पास, कॉकटेल 2 का दम बरकरार, मां इंति बंगारम और मैं वापस आऊंगा ने भी बनाए रखा दबदबा

पंजाबी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्म श्रृंखला कैरी ऑन जट्टा की चौथी कड़ी कैरी ऑन जट्टा 4 बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल, सरगुन मेहता और बिन्नू ढिल्लों अभिनीत इस फिल्म ने सप्ताह के पहले कार्यदिवस यानी सोमवार की परीक्षा भी सफलतापूर्वक पार कर ली है। अन्य बड़ी फिल्मों से मुकाबले के बावजूद दर्शकों का अच्छा समर्थन मिलने से फिल्म की कमाई लगातार बढ़ रही है।

रिलीज के शुरूआती तीन दिनों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद सोमवार को फिल्म की कमाई में सामान्य गिरावट दर्ज की गई, लेकिन इसके बावजूद फिल्म ने संतोषजनक कारोबार किया। ट्रेड रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को करीब 1.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके साथ ही चार दिनों में फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस संग्रह 9.20 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना अभिनीत कॉकटेल 2 दूसरे सप्ताहांत में भी शानदार प्रदर्शन करने में सफल रही। फिल्म ने दूसरे शनिवार को 4.25 करोड़ रुपये और रविवार को 4.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सोमवार को कमाई में सामान्य गिरावट के बावजूद फिल्म ने 1.75 करोड़ रुपये का संग्रह किया। इसके साथ ही रिलीज के 11 दिनों में फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 84.89 करोड़ रुपये पहुंच गया है। फिल्म तेजी से 100 करोड़ रुपये के क्लब की ओर बढ़ रही है। सामंथा रुथ प्रभु अभिनीत मां इंति बंगारम भी दर्शकों की पसंद बनी हुई है। फिल्म ने पहले सप्ताह में 33.70 करोड़



रुपये का कारोबार किया था। इसके बाद दूसरे सप्ताहांत में भी इसकी कमाई मजबूत रही। दूसरे सोमवार को फिल्म ने 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिससे इसका 11 दिनों का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 49.85 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म जल्द ही 50 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करने की ओर बढ़ रही है।

निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा तीसरे सप्ताह में भी बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से टिकी हुई है। नई फिल्मों की रिलीज के बावजूद फिल्म ने अपनी पकड़ बनाए रखी है।

रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को फिल्म ने 1.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस संग्रह 47.80 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

# ऑटिज्म बीमारी नहीं, समझ और अपनापन चाहिए, ईशा सिंह ने समाज की सोच पर उठाए सवाल

टीवी अभिनेत्री ईशा सिंह इन दिनों अपने आने वाले शो जूही मुई को लेकर चर्चा में हैं। इस शो में वह अपने करियर का अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने जा रही हैं। ईशा इसमें ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाली लड़की जूही की भूमिका में नजर आएंगी। अपने इस किरदार की तैयारी और ऑटिज्म को लेकर समाज में फैली गलतफहमियों पर अभिनेत्री ने खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में लोग ऑटिज्म को बीमारी समझते हैं, जबकि यह एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है। ईशा सिंह ने कहा, आज भी बहुत



से लोग ऑटिज्म को सही तरीके से नहीं समझते। जागरूकता की कमी पढ़े-लिखे लोगों के बीच भी देखने को मिलती है। मेरे अपने दोस्तों में भी ऐसे लोग हैं जिन्हें ऑटिज्म के बारे में सही जानकारी नहीं है। ऐसे में सबसे जरूरी बात यह है कि लोग इस विषय को समझें और इसके बारे में सही जानकारी हासिल करें।

ईशा सिंह ने कहा, ऑटिज्म को लेकर सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि लोग इसे बीमारी मान लेते हैं। जबकि सच यह है कि ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क के विकास से जुड़ी एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है। कुछ माता-पिता यह सोचते हैं कि ऑटिज्म एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है, जबकि यह पूरी तरह गलत धारणा है। ऑटिज्म न तो संक्रामक है और न ही यह किसी तरह की बीमारी है। अभिनेत्री का कहना है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाले बच्चे अक्सर बेहद बुद्धिमान, संवेदनशील और प्यार करने वाले होते हैं। उन्हें समाज से सहानुभूति नहीं बल्कि समझ और स्वीकार्यता की जरूरत होती है। ऐसे बच्चों को बदलने की कोशिश करने के बजाय उन्हें उसी रूप में स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति अपनी अलग पहचान और विशेषताओं के साथ दुनिया में आता है।

अपने नए शो में निभाए जा रहे किरदार को लेकर ईशा सिंह ने कहा, यह मेरे करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण और जिम्मेदारी भरा रोल है। चूंकि यह एक बेहद संवेदनशील विषय है, इसलिए मैंने इसकी तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ी। मेरा उद्देश्य ऑटिज्म से जुड़े लोगों की भावनाओं और व्यवहार को पूरी ईमानदारी के साथ दर्शकों तक पहुंचाना था।

ईशा ने कहा, इस किरदार की तैयारी के दौरान मैंने ऑटिज्म पर आधारित कई इंटरव्यू देखे, विशेषज्ञों और लोगों से बातचीत की, इस विषय पर काफी रिसर्च की और कई किताबें भी पढ़ीं। यह सीखने की प्रक्रिया अभी भी जारी है।

# क्या आप सुबह अलार्म बजने से पहले उठ जाते हैं? जानिए इसके कारण

कई लोग सुबह अलार्म बजने से पहले उठ जाते हैं, जबकि कुछ लोग अलार्म बजने के बाद भी उठने के लिए जूझते रहते हैं। अगर आप सुबह जल्दी उठने वालों में से एक हैं तो इसका कारण आपका शरीर और मन हो सकता है। यह एक अच्छी आदत है और इससे आपका दिन बेहतर ढंग से शुरू हो सकता है। आइए जानते हैं कि सुबह अलार्म से पहले उठने के पीछे का कारण क्या है।



## शरीर की आंतरिक घड़ी

आपके शरीर की अपनी एक आंतरिक घड़ी होती है, जिसे जैविक घड़ी कहा जाता है। यह घड़ी आपको बताती है कि कब सोना है और कब उठना है। अगर आप हर दिन एक ही समय पर सोते और उठते हैं तो आपका शरीर इस समय को पहचान लेता है और खुद-ब-खुद उसी समय पर जागने की आदत डाल लेता है। इससे आप बिना अलार्म के भी आसानी से उठ जाते हैं।

## सोने की आदत बनाना

अगर आप नियमित रूप से एक ही समय पर सोते हैं तो आपकी नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। इससे नींद गहरी होती है और आप सुबह तरोताजा महसूस करते हैं। इसके अलावा एक निश्चित समय पर सोने से आपका शरीर आराम महसूस करता है और सुबह उठने में कोई दिक्कत नहीं होती। यह आदत आपके शरीर को जैविक घड़ी के अनुसार काम करने में मदद करती है, जिससे आप बिना अलार्म के भी जल्दी उठ जाते हैं।

## प्राकृतिक रोशनी का महत्व

सुबह की पहली किरण आपके शरीर को बताती है कि दिन शुरू हो गया है। अगर आप अपने कमरे में सुबह की रोशनी आने दें तो आपका शरीर खुद-ब-खुद जाग जाएगा। इसके लिए आप पर्दे हटाकर खिड़की खोल सकते हैं या फिर प्राकृतिक रोशनी आने वाली जगह पर सोने की कोशिश कर सकते हैं। इससे आपका शरीर जैविक घड़ी के अनुसार काम करेगा और आप बिना अलार्म के भी जल्दी उठ जाएंगे।

## मानसिक तैयारी

अगर आप रात को सोने से पहले यह सोच लें कि सुबह उठकर क्या करना है तो आपका मन पहले से ही तैयार हो जाता है। इससे आप सुबह उठते ही अपने कामों में लग जाते हैं और आलस्य नहीं आता। इसके अलावा आप अपने दिमाग को शांत रखने के लिए ध्यान या सांस लेने के अभ्यास भी कर सकते हैं, जिससे आप तरोताजा महसूस करेंगे और उठते ही सक्रिय हो जाएंगे।

## स्वस्थ जीवनशैली

स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से भी सुबह जल्दी उठने में मदद मिलती है। इसके लिए आपको संतुलित भोजन, नियमित कसरत और पर्याप्त पानी पीना चाहिए। इसके अलावा तनाव मुक्त रहने के लिए योग या ध्यान कर सकते हैं। इन सभी तरीकों से आप आसानी से अपनी सुबह की दिनचर्या को बेहतर बना सकते हैं और बिना अलार्म के भी जल्दी उठ सकते हैं। रात को जल्दी सोने से भी सुबह जल्दी उठना आसान हो जाता है।

# हरे या काले, कौन से अंगूर हैं ज्यादा पौष्टिक? आयुर्वेद से जानें दोनों के औषधीय लाभ

अंगूर बहुतायत मात्रा में आसानी से मिल जाते हैं। अंगूर केवल स्वादिष्ट फल नहीं है, बल्कि कई औषधीय गुणों से भरपूर हैं। अंगूर को आयुर्वेद में द्राक्षा कहा जाता है, जो शरीर को शीतलता और पोषण दोनों देता है। हरा अंगूर शरीर में जल-संतुलन और पित्त शमन में सहायक माना जाता है, जबकि काला अंगूर रक्त को पोषण देने और थकान से उबरने में उपयोगी बताया गया है। वहीं विज्ञान ने भी अंगूर को विटामिन से भरपूर पाया है, जो मस्तिष्क से लेकर हृदय तक के लिए लाभकारी है। यह कोशिकाओं की रक्षा करता है और शरीर में ऊर्जा का प्रसार भी तेजी से करता है।



पहले विस्तार में बात करते हैं हरे अंगूर की। हरे अंगूर स्वाद में मधुर और पाचन में हल्के होते हैं। हरे अंगूर में पित्त को शांत करने की क्षमता होती है। यह शरीर में गर्मियों में होने वाले निर्जलीकरण से बचाते हैं और पेट में होने वाली जलन को भी कम करते हैं। अगर गर्मी में लू लगने का खतरा लगता है, तब भी अंगूर का सेवन गर्म हवा से सुरक्षा प्रदान करता है। वहीं काले अंगूर हरे अंगूर की तुलना में ज्यादा पौष्टिक और औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। काले अंगूर का सेवन शरीर में रक्त की मात्रा को बढ़ाता है और बल भी प्रदान करता है। काले अंगूर स्किन को साफ करने और बालों को चमकदार बनाने में भी सहायक हैं। काले अंगूर में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं तो शरीर की आंतरिक कमजोरी और थकावट को भी दूर करते हैं और विटामिन सी और ई मिलकर बालों और स्किन को निखारने का काम करते हैं।

अब सवाल है कि अंगूर खाने का सही समय क्या है। वैसे आमतौर पर फल को कभी भी खा लिया जाता है, जो गलत है। अंगूर का सेवन सुबह और दोपहर में कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रखने वाली बात यह है कि अंगूर का सेवन खाली पेट नहीं करना चाहिए। विटामिन सी होने की वजह से ये पेट में जलन पैदा कर सकते हैं।

# अल्फा को सेंसर बोर्ड ने दी हरी झंडी, अलिया भट्ट की मूवी को मिला यूए16+ सर्टिफिकेट

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की फिल्म अल्फा का अच्छा खासा बज बना हुआ है। एक्शन और स्पाई फिल्म ऐल्फा का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ, जिसे देखकर लोग 7 वें आसमान पर पहुंच गए। अल्फा पर सभी की नजरें टिकी हुई है। फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर भी अपने अभिनय का जलवा बिखेरने वाले हैं। इस बीच ऐल्फा को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। नई रिपोर्ट के मुताबिक सेंसर बोर्ड ने ऐल्फा को हरी झंडी दे दी है। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और शरवरी की आने वाली फिल्म अल्फा रिलीज से पहले ही चर्चा में है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने यूए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। शिव रवैल के निर्देशन में बनी यह फिल्म 3 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर और ट्रेलर में आलिया भट्ट पहली बार दमदार एक्शन अवतार में नजर आईं, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हुई। सीबीएफसी ने फिल्म को 2 घंटे 20 मिनट (140 मिनट) की रनटाइम के साथ मंजूरी दी है।



सीबीएफसी की वेबसाइट पर फिल्म की कहानी की एक झलक भी सामने आई है। इसके मुताबिक, आलिया भट्ट का किरदार सीता बदले की आग में जलती एक ऐसी लड़की है, जो अपने रास्ते में आने वाले हर व्यक्ति को खत्म करने के लिए तैयार रहती है। लेकिन सफर के दौरान उसे अपनी जिंदगी से जुड़े कई बड़े राज पता चलते हैं। कहानी में सीता को निडर, सख्त और किसी भी हद तक जाने वाली लड़की के रूप में दिखाया गया है। बताते चलें कि फिल्म ऐल्फा के टीजर और ट्रेलर को अब तक मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है। अब देखना होगा कि यह फैसला कितना सफल साबित होता है।

# पश्चिमी जिला में डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**नई दिल्ली** । पश्चिमी जिला द्वारा एक कार्यकर्ता सम्मेलन अनुभव बैंक्वेट हॉल विकास पुरी में कर एक गोष्ठी डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर आयोजित की गई।

इस गोष्ठी में मुख्य वक्ता पश्चिमी दिल्ली लोकसभा की सांसद कमलजीत सहरावत रही, उन्होंने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन काल की सभी घटनाओं को और जीवन चरित्र के विषय सभी को बताया गया कार्यक्रम की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर ज्योति प्रज्वलित कर के की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बक्शी ने की इस अवसर पर सांसद कमलजीत सहरावत ने क्वीज द्वारा सभी मोजूद श्रोताओं से डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर सवाल जवाब किए और सभी को जागरूक किया इस अवसर पर मंच पर पश्चिमी जिला के प्रभारी विजय सोलंकी, सह प्रभारी सोना कुमारी, विधायक कैलाश गंगवाल, पूर्व मेयर नरेंद्र कुमार चावला,निगम पार्षद हरीश ओबरॉय, महामंत्री श्वेता सैनी, चरनजीत सिंह लवली, उपाध्यक्ष आनन्द त्यागी,पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश खन्ना, सत्यनारायण डंग भी मोजूद रहे। इस कार्यक्रम में सभी जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे इस के अलावा क्षेत्र की आर. डब्ल्यू .ए . के लोग अथवा प्रमुख समाजसेवी लोग शामिल थे। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला महामंत्री श्वेता सैनी ने किया।

# सपनावत के दंगल में जुटे खिलाड़ी और खेल प्रेमी, पहुंचे सपा नेता दिग्विजय शिशोदिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**धौलाना।** ग्राम सपनावत में आयोजित पारंपरिक दंगल में क्षेत्रभर से पहुंचे पहलवानों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय शिशोदिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान ग्राम के युवाओं और बुजुर्गों ने उन्हें महाराणा प्रताप का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। दिग्विजय शिशोदिया ने कहा कि दंगल जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, त्याग और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आयोजकों, खिलाड़ियों और ग्रामीणों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# योगी सरकार आने पर पकड़ी केंद्रीय योजनाओं ने रफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद आमजन को सभी केंद्रीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वर्ष 2017 से पहले ऐसा नहीं था, क्योंकि पिछली सरकारें राजनीतिक कारणों से केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में रोड़े अटकाती थीं। इतना ही नहीं, कई योजनाओं के मिलते-जुलते नाम रखकर लोगों को बरगलाने की भी चेष्टा की जाती थी। नतीजा यह कि उत्तर प्रदेश की जनता मोदी सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहती थी। लेकिन, जैसे ही 2017 में योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, केंद्र सरकार की योजनाओं पर लगे ताले

- 2017 तक एक भी जिला ओडीएफ नहीं, योगी सरकार ने बनवाए 3.31 करोड़ से अधिक शौचालय
- खाली सिलेंडरों के दौर से निकलकर अब होली-दिवाली पर मुफ्त रिफिल का तोहफा

खुल गए। इससे केंद्र व राज्य, दोनों सरकारों की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा।

प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को मिला सहारा केंद्र सरकार ने देश के हर गरीब को पक्का मकान देने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की थी। हालांकि प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार ने इस योजना को उत्तर प्रदेश में गति देने के बजाय अपनी समाजवादी आवास योजना और लोहिया ग्रामीण आवास योजना को आगे बढ़ाने का प्रयास किया था। इसके बाद आरोप लगे कि पूर्ववर्ती सरकार ने केंद्र को लाभार्थियों की सूची भेजने और मैचिंग ग्रांट (राज्य का हिस्सा) जारी करने में ढिलाई बरती। स्थिति यह थी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2014 से 2017 तक वह सरकार 50 हजार आवास भी नहीं बना पाई। बाद में योगी सरकार आने पर इस कार्य को 'डबल इंजन' की रफ्तार दी गई। योगी सरकार ने 9 वर्षों में 62 लाख से अधिक परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया है।

**पीएम फसल बीमा योजना में 6,283 करोड़ से अधिक भुगतान**

किसानों को सूखे, बाढ़ या ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने



के लिए केंद्र ने 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लॉन्च की थी। इस योजना में राज्य सरकार की ओर से भी प्रीमियम का एक हिस्सा दिया जाना था और राज्य की एजेंसियों को सक्रिय भूमिका निभानी थी। हालांकि 2017 से पहले की सरकार की उदासीनता के कारण करीब 3 प्रतिशत किसानों का ही बीमा हो सका था, जिससे यूपी के किसान केंद्रीय मुआवजे से वंचित रह गए। वहीं उस समय के दौरान भाजपा शासित राज्यों में जहां 60-70 प्रतिशत किसानों को इसका लाभ मिल चुका था। योगी सरकार में इस योजना के तहत पिछले 9 वर्षों में 79 लाख से अधिक कृषकों को 6,283 करोड़ रुपये से अधिक भुगतान किया जा चुका है।

**स्वच्छ भारत मिशन के तहत 100 प्रतिशत लक्ष्य**

2014 में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन पीएम मोदी के सबसे बड़े ड्रीम प्रोजेक्ट्स में एक था, जिसका उद्देश्य देश को खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) बनाना था। इस योजना के तहत शौचालयों के निर्माण के लिए केंद्र से फंड जारी होना था, लेकिन इसके लिए राज्य को उपयोगिता प्रमाण पत्र देना था और अपनी हिस्सेदारी तय करनी थी। पूर्ववर्ती सरकार ने इस योजना के प्रचार-प्रसार और क्रियान्वयन में रुचि नहीं दिखाई। वह इस योजना की ब्रांडिंग के खिलाफ थी, क्योंकि वह इसे भाजपा की योजना मानती थे। नतीजा यह हुआ कि 2014-2017 के बीच यूपी में शौचालय निर्माण की गति बेहद धीमी रही और राज्य ओडीएफ रैंकिंग में काफी पीछे छूट गया।

मार्च 2017 तक उत्तर प्रदेश का ग्रामीण स्वच्छता दायरा महज 35 प्रतिशत के आस-पास ही पहुंच पाया था। वहीं प्रदेश का एक भी जिला पूरी तरह से खुले में शौच से मुक्त घोषित नहीं हो सका था। दूसरी तरफ वर्ष 2017 के बाद योगी सरकार के आने पर अब तक प्रदेशभर में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 3.31 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ है। इसके बाद स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्तर प्रदेश 100 प्रतिशत ओडीएफ राज्य घोषित किया गया। वहीं 94 हजार से अधिक गांव ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों के साथ ओडीएफ प्लस घोषित किए गए। यह सब 2017 में लगभग नामुमकिन लग रहा था।

**उज्जवला योजना में घर-घर पहुंचे गैस सिलेंडर**

पूर्व सरकार के कार्यकाल के दौरान बेहद कम संख्या में महिलाओं को मुफ्त कनेक्शन (सिलेंडर व रेगुलेटर) मिले। इनमें भी लगभग 35-40 प्रतिशत परिवारों ने पहला सिलेंडर खत्म होने के बाद दूसरा सिलेंडर नहीं भरवाया, क्योंकि उस वक्त रिफिलिंग पर राज्य सरकार की तरफ से कोई अतिरिक्त वित्तीय मदद या सब्सिडी टॉप-अप नहीं मिलता था। दूसरी तरफ योगी सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर पिछले 9 वर्षों में प्रदेश की लगभग 1.86 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन का लाभ दिया। इसके साथ ही होली और दीपावली पर दो सिलिंडर मुफ्त रिफिल किए जा रहे हैं।

# संत कबीर जयंती पर लाल किला से निकली भव्य शोभायात्रा, परमजीत सिंह पम्मा हुए सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संत कबीर जयंती के पावन अवसर पर धानक-जुलाहा समाज, दिल्ली प्रदेश द्वारा लाल किला से गौरी शंकर मंदिर, चांदनी चौक तक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के संस्थापक चन्द्रमोहन खटक, प्रधान एडवोकेट महिपाल खनगवाल, महिला प्रधान बागेश्वरी कमर तथा युवा प्रधान लखन निर्माण ने बताया कि शोभायात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता एवं नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा को संत कबीर जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



चन्द्रमोहन खटक एवं एडवोकेट महिपाल खनगवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संत कबीर जयंती के अवसर पर यह शोभायात्रा बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाली जाती है। शोभायात्रा चांदनी चौक से प्रारंभ होकर फतेहपुरी, खारी बावली, कुतुब रोड, सदर बाजार, 12 टूटी चौक तथा सदर थाना रोड सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

उन्होंने बताया कि इस शोभायात्रा की विशेषता यह है कि इसमें सभी धर्मों एवं समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। मार्ग में अनेक स्थानों पर स्वागत पंडाल लगाए गए, जहाँ श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। आकर्षक झांकियों, बैंड-बाजों और बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने पूरे आयोजन को भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण बना दिया।

# विशाल बताकर कानपुर की दो युवतियों से शादी करने वाला आगरा का इरशाद गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** प्रदेश के इस अति संवेदनशील महानगर में लव जिहाद का खेल लगातार जारी है ,जिसमें दो और लड़कियां जाल में फंस गईं, जिन्हें बाद में पता चला कि उन्हें फंसा कर विवाह करने वाला विशाल नहीं बल्कि इरशाद है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया है। जिसके बाद मामले की गहन छानबीन भी लगातार जारी है।

इस घटना का संबंध पनकी थाना क्षेत्र से है ,जहां एक मुस्लिम युवक ने अपने को विशाल बताकर दो लड़कियों को प्रेम जाल में फंसा उनसे शादी भी कर ली। जानकारी होने पर बजरंग दल वालों ने विरोध करते हुए पुलिस से संपर्क किया, जिसके बाद पुलिस ने एक फ्लैट पर छापा मारकर इरशाद नाम के मुस्लिम युवक को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने बताया कि इरशाद ने खुद को विशाल बताकर हरदोई की अनुक्रति पांडे से धोखे से शादी की थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी इरशाद ने पीड़िता और उसके बच्चे को कमरे में बंधक बना रखा था और जबरन मीट खाने व धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था । इसी दौरान उसने एक और हिंदू लड़की से शादी की और उसे बहन बताकर दूसरे कमरे में रखा था। पीड़िता द्वारा गुप्त रूप से बजरंग दल से मदद मांगने के बाद पुलिस के सहयोग से यह रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से आगरा का रहने वाला इरशाद ऑनलाइन जूते का कारोबार करने का दावा करता है । फिलहाल इस गिरफ्तार करने के बाद पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।




# मोटर साइकिल सवार को बचाने के कारण ईको गाड़ी पलटी एक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सम्भल (लल्ला सलमानी )।** गवॉं बबराला रोड पर आज लगभग 3 बजे सनी पुत्र उदयवीर अपनी ईको गाड़ी जिसका नम्बर एच आर 26 डी एल 9670 जैसे ही ग्राम देऊपुरा के पास पहुंचा तो मोटरसाइकिल सवार को बचाने के लिए गाड़ी पलट गई और सनी घायल हो गया।बायें पैर चोट लगी है जो खुली है और शरीर में गुम चोट लगी हैं। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुँच गयी और घायल को 108 एम्बूलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा।घायल सनी पुत्र उदयवीर निवासी ग्राम निरयावली थाना रजपुरा,108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रजपुरा भिजवाया।

# वेजिटेल सेफ कलर बना केमिकल-मुक्त हेयर केयर के लिए लोगों की पहली पसंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** रासायनिक हेयर कलर्स से बालों और स्कैल्प को होने वाले नुकसान का समाधान लेकर आया है एएमए हर्बल ग्रुप का 'वेजिटेल सेफ कलर'। यह ईकोसर्ट प्रमाणित, पूरी तरह ऑर्गेनिक और पीपीडी, अमोनिया, पेरॉक्साइड व पैराबेन जैसे हानिकारक रसायनों से मुक्त हेयर कलर है। एएमए हर्बल के नाम दुनिया का पहला पीपीडी-मुक्त गहरे रंगों वाला हेयर कलर बनाने का रिकॉर्ड है।

एएमए हर्बल ग्रुप के को-फाउंडर और सीईओ यावर अली शाह ने बताया, "आज हेयर डाई इस्तेमाल करने वाले लगभग 17-18% लोग खतरनाक रसायनों के कारण एलर्जी, खुजली और काले धब्बों की समस्या झेल रहे हैं। इसी को देखते हुए हमने पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के मेल से पूरी तरह हर्बल अर्कों पर आधारित प्राकृतिक हेयर कलर तैयार किया है।" प्रमुख त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अलीजा जैद्री के अनुसार, सामान्य हेयर कलर कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस का कारण बनते हैं। वेजिटेल सेफ कलर एलर्जी-मुक्त होने के कारण संवेदनशील त्वचा, मधुमेह के मरीजों, स्कैल्प की समस्याओं से जूझ रहे लोगों और यहाँ तक कि गर्भावस्था के दौरान भी उपयोग के लिए पूरी तरह सुरक्षित है।

**सम्मानित** | वरिष्ठ चिकित्सकों ने दिए स्वास्थ्य का मूल मंत्र

# इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी बुलंदशहर शाखा ने मनाया डॉक्टर डे एवं सीए डे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी के बैनर तले डॉक्टर डे एवं सीए डे के तहत अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष जनपद में कार्यरत सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर तथा वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार गोयल ने संस्था द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयासों की सराहना की तथा मेडिकल एसोसिएशन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्था के मीडिया प्रभारी डॉ मनमोहन रोहिला ने जानकारी



देते हुए बताया कि इस वर्ष वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार गोयल, वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रभव अग्रवाल, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक गर्ग, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव अग्रवाल के अलावा प्रमोद जैन, सत्येंद्र रावत तथा प्रमोद मांगलिक आदि वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को भी सम्मानित किया गया। डॉ प्रभव अग्रवाल ने बताया कि हम अपने जीवन शैली में सुधार करते हुए, आदर्श भोजन एवं योगाभ्यास को सम्मिलित करते हुए बीमारी तथा महंगी दवाओं के खर्च से बच सकते हैं।सचिव प्रोफेसर वैभव जैन ने बताया कि इस वर्ष सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया था ताकि जनसाधारण को भी उनके विशेषता के संबंध में पता चल सके तथा मरीजों को अब विशिष्ट चिकित्सा हेतु दूरदराज क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता न रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल चंद्रा, ब्रजेश गर्ग, योगेश गुप्ता, पंकज जैन, दिनेश गोयल, सौरभ गुप्ता, अभय कंसल, दीपेश गुप्ता, विशाल अग्रवाल, संजीव त्यागी, तथा विजय गर्ग आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक अजय अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267